सूर्योदय 5:45 सूर्यास्त 6:53

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 15.4 न्यू | 28.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73852.94 |
| निफ्टी | 22402.40 |

सोना 72,160 | चांदी 83,000

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 25 अप्रैल, 2024 | 13 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 127, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- पहले पर्ची के लिए घंटों इंतजार, फिर दवाई के लिए लाइनों में हाल बेहाल
- पर्यटकों के बिना मैक्लोडगंज हुआ वीरान

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- एक और झूठी गारंटी लेकर घूमने लगे सीएम : कटवाल
- अमनदीप के शतक से कुल्लू मजबूत हमीरपुर को मिला 170 रन का लक्ष्य

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- कांग्रेस का मेनिफेस्टो देश को बांटने वाला : गोविंद
- आए दिन भूस्खलन से मार्ग हो रहा अवरुद्ध

पृष्ठ 10 पर पढ़ें



- 51 साल के हुए मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर
- बेंगलुरु के खिलाफ हैदराबाद की निगाहें रनों का अंबार लगाने पर

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

सनराइजर्स हैदराबाद vs रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु

स्थान: हैदराबाद, समय: रात 7:30 बजे

# धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है कांग्रेस : मोदी

## पीएम बोले- सत्ता के लालच में देश को तबाह करने में लगी रही

**एजेंसी, सागर ( मध्य प्रदेश )**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के सागर और हरदा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि एससी/एसटी का 15 प्रतिशत का कोटा काट दिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण लागू हो।



कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सबसे बड़ी दुश्मन है। कर्नाटक में कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया है। इसके लिए कांग्रेस ने गैर कानूनी तरीके से एक चालाकी की है। देश के विकास के लिए एक स्थिर और मजबूत सरकार कितनी जरूरी होती है। यह मध्य प्रदेश और सागर के लोग बहुत अच्छे से जानते हैं। विकास तब होता है, जब सही नीतियां हों, सही विजन हो, इसलिए देश हो या मध्य प्रदेश, विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई। हमारा संविधान कहता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। खुद बाबा साहेब अंबेडकर भी इसके खिलाफ थे। सत्ता के लालच में कांग्रेस देश को तबाह करने में लगी रही। देश में आतंकवाद और नक्सलवाद किसके कारण फैला ? आज भाजपा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे के आखिरी दिन बुधवार को अंबिकापुर में विजय संकल्प शंखनाद महारैली में कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं। भारत में धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं होगा।

### दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा, वोटिंग कल

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार 48 घंटे पहले बुधवार शाम को थम गया। शुक्रवार को 88 सीटों पर मतदान होगा। अब चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार या राजनीतिक दल अपने प्रचार के लिए जुलूस एवं आम सभाएं आयोजित नहीं कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे। सिर्फ घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे। दूसरे चरण में असम में 5, बिहार में 5, छत्तीसगढ़ में 3, जम्मू-कश्मीर 1, कर्नाटक 14, केरल 20, मध्य प्रदेश 6, महाराष्ट्र 8, राजस्थान 13, त्रिपुरा 1, उत्तर प्रदेश 8 और पश्चिम बंगाल में 3 सीटों पर मतदान होगा। मतदान को लेकर देशभर में सुरक्षा बढ़ा दी है। चुनाव को सफल बनाने के लिए जगह-जगह सीआरपीएफ और पुलिस जवान तैनात हैं।

### पीएम की स्पीच के खिलाफ जांच शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए बयान की जांच शुरू कर दी है। पीएम ने राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को मुस्लिमों में बांट देगी। साथ ही पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। इस बयान के खिलाफ कांग्रेस और सीपीआईएम ने शिकायतें दर्ज कराई थीं। कांग्रेस ने इस बयान को विभाजनकारी, दुर्भावना से भरा और समुदाय विशेष को टारगेट करने वाला बताया था।

# भाजपा मिटाना चाहती है ओबीसी की हिस्ट्री : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- कहा- कांग्रेस का मेनिफेस्टो देख घबराए प्रधानमंत्री
- जाति जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली के जवाहर भवन में कांग्रेस के सामाजिक न्याय सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखकर पीएम घबरा गए हैं। यह क्रांतिकारी घोषणा पत्र है। हमने जाति जनगणना कराने का वादा किया है।

भाजपा दलित-ओबीसी की हिस्ट्री को मिटाना चाहती है। आपकी हिस्ट्री की जड़ को एक बार फिर लगाना होगा। जाति जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती है। मोदी ने 10 साल देश से कहा कि वह ओबीसी हैं।



जैसे ही मैंने जाति जनगणना की बात की तो मोदी बोलने लगे कि देश में सिर्फ दो जाति हैं अमीर और गरीब।

मैं कहता हूं कि गरीबों की लिस्ट निकालिए, उसमें आपको दलित, आदिवासी-ओबीसी मिल जाएंगे, लेकिन अमीरों की लिस्ट में आपको ये तीनों समुदाय के लोग नहीं मिलेंगे।

### खुद को देशभक्त कहने वाले जनगणना से डरते

**राहुल** गांधी ने कहा कि अगर आप सुपरपावर बनना चाहते हो तो 90 परसेंट (ओबीसी, आदिवासी,दलित) की शक्ति का प्रयोग करना होगा। कुछ लोग अपने आपको देशभक्त कहते हैं, लेकिन जनगणना से डरते हैं। ये मेरे लिए सामाजिक न्याय एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह अब मेरी लाइफ का मिशन है। लाइफ मिशन में कॉम्प्रोमाइज नहीं हो सकता है। मैंने देश की टॉप 200 बड़ी कंपनियों की मालिकों की लिस्ट निकाली। इन 200 कंपनियों में से 25 लोगों को नरेंद्र मोदी ने 16 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। इतने पैसे से देश के किसानों की 25 बार कर्जे माफ किए जा सकते हैं। इन 200 कंपनियों में से एक आदिवासी नहीं, एक दलित नहीं, एक ओबीसी नहीं है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### चुनावी बांड मामला: सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** चुनावी बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है। याचिका में मांग की है कि चुनावी बांड के रूप में दिए गए चंदे की कोर्ट की निगरानी में एसआईटी से जांच करवाई जाए। याचिका कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने दायर की है। याचिका में कहा है कि चुनावी बांड के जरिए कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच कथित क्विड प्रो क्यो यानी बदले में दी जाने वाली व्यवस्था की जांच की जाए।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में फिलहाल चार्ज फ्रे नहीं करने की मांग को लेकर याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। वहीं, कोर्ट ने मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। वकील ने कहा कि हमको कोर्ट रूम से वॉक आउट नहीं करना था। हम इसके लिए माफी भी मांगते हैं। जज ने कहा कि हमने पहली बार इस तरह का बर्ताव देखा है।

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में 3.2 तीव्रता से लगे भूकंप के झटके



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में मंगलवार देर रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 थी। इस भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अकाउंट डिपार्टमेंट

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# सीपीएस नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



- अब आठ मई को होगी सुनवाई

**हिमाचल** हाईकोर्ट में सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तीन दिन से लगातार चल रही सुनवाई अब आठ मई के लिए टल गई है।

सोमवार को प्रार्थियों की ओर से बहस पूरी कर ली थी। मंगलवार और बुधवार को कुछ सीपीएस की ओर से बहस पूरी होने के बाद प्रार्थियों की ओर से भी बहस पूरी कर ली गई। इस मामले में प्रदेश सरकार की ओर से बहस की जानी है, जिसके लिए कोर्ट ने मामले को 8 मई को सूचीबद्ध करने के आदेश जारी किए। मामले पर सुनवाई के दौरान सीपीएस ने बताया कि वे केवल मंत्रियों को उनके कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं। मंत्रिमंडल के कार्यों से कोई लेना देना नहीं नहीं है। उनकी नियुक्ति कानून के अनुसार की गई है और उनकी नियुक्ति से किसी भी नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं होता। प्रार्थियों की ओर से सीपीएस नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देते हुए इस कानून को बनाने की सरकार की योग्यता पर प्रश्न चिन्ह उठाया गया है।

### निर्दलीय विधायकों की याचिका पर सुनवाई आज

**शिमला।** हाईकोर्ट में निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर करवाने के लिए स्पीकर को निर्देश देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई, लेकिन बहस नहीं हो सकी। अब वीरवार को फिर सुनवाई होगी। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया को कोर्ट के नोटिस का जवाब देना है। बताया जा रहा है कि स्पीकर की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल दिल्ली से वर्चुअली जुड़ सकते हैं। देहरा से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से केएल ठाकुर और हमीरपुर से आशीष शर्मा ने 22 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दिया था और स्पीकर ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था। इसके बाद विधायकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# सैम पित्रोदा ने की 'विरासत कर' की पैरवी, मचा बवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इंडियन** ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने अमेरिका के शिकागो में विरासत कर की पैरवी करते हुए ऐसे ही कानून को भारत में लाने की पैरवी की है। इस बयान पर बवाल मच गया है।



उन्होंने कहा कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है, अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है। उसके मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को मिलती है, जबकि 55 फीसदी पर सरकार का मालिकाना हक हो जाता है। यह बड़ा ही दिलचस्प कानून है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए, पूरी नहीं, आधी। यह जो निष्पक्ष कानून है, मुझे अच्छा लगता है।

### विवाद बढ़ने पर दी सफाई


सैम पित्रोदा ने विवाद बढ़ने पर सफाई दी कि मेरे बयान को मीडिया ने तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। मैंने टीवी पर अपनी सामान्य बातचीत में केवल एक उदाहरण के तौर पर अमेरिका में विरासत कर का उल्लेख किया था। क्या मैं तथ्यों का उल्लेख नहीं कर सकता?

### जयराम रमेश का किनारा



**जयराम** रमेश ने सैम पित्रोदा के संपत्ति वाले बयान से किनारा कर लिया। यह उनका निजी विचार हो सकता है। पित्रोदा के विचार हमेशा कांग्रेस की स्थिति को दर्शाते हैं। कई बार ऐसा नहीं भी होता है।

### कांग्रेस की असली मंशा आई सामने : शाह



**गृहमंत्री** अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस की असली मंशा सामने आ गई है। कांग्रेस के मेनिफेस्टो में सर्वे का जिक्र, मनमोहन सिंह का पुराना बयान, जिसमें बताया था कि इस देश की संपदा पर माइनॉरिटी का पहला हक है। अब सैम पित्रोदा का बयान जिसमें कहा कि अमेरिका की तरह संपत्ति का बंटवारा होना चाहिए।

# बांदीपोरा में सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो जवान घायल

**एजेंसी, जम्मू-कश्मीर**

उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच बुधवार को मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

राजौरी हत्याकांड के बाद जम्मू-कश्मीर में जवान अलर्ट मोड पर हैं। आतंकियों की तलाश के लिए सुरक्षाबल जगह-जगह पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। अरगाम इलाके के रंजी के जंगली इलाकों में आतंकियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में दो जवान घायल हुए हैं। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं, पुलिस, एसओजी, सेना, सीआरपीएफ के जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है। आसपास के इलाके को खंगाला जा रहा है। आतंकियों की तलाश के लिए चॉपर, स्निफर डॉग्स और ड्रोन की मदद ली जा रही है।



- आतंकियों की चॉपर और ड्रोन की मदद से तलाशी जारी

### नितिन गडकरी चुनावी रैली में हुए बेहोश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के यवतमाल में बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते हुए मंच पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मंच पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

गडकरी यहां एनडीए की शिवसेना प्रत्याशी राजश्री पाटिल के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करने आए थे। घटना के कुछ देर बात नितिन गडकरी ने पोस्ट करके बताया कि वह स्वस्थ हैं। उन्होंने लिखा कि रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया, लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

# नशे में धुत्त स्कूल पहुंचा शिक्षक, वीडियो वायरल

**सुनील शर्मा, गोहर**

**सराज** विधानसभा क्षेत्र की जैशला पंचायत की राजकीय प्राथमिक पाठशाला शोली में गुरुजी शराब के नशे में धुत्त होकर कक्षा में पहुंच गए। गुरुजी से बच्चों को पाठ तो पढ़ाया नहीं गया, लेकिन ग्रामीणों ने वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गया।



वायरल वीडियो में नशे में धुत्त अध्यापक कक्षा में कुर्सी पर आराम से बैठा है और कहता है कि उसने बच्चों को काम दे दिया है। ग्रामीण के पूछे जाने पर स्कूली बच्चे भी अध्यापक के कई बार नशे में पाठशाला में आने की बात बता रहे हैं। ग्रामीणों ने अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जैशल पंचायत के प्रधान गिरिराज ने बताया कि यह अध्यापक पहले भी कई बार स्कूल में शराब पीकर आ चुका है। स्कूल प्रबंधन समिति की चेतावनी के बाद भी नहीं मान रहा है। केंद्रीय मुख्य अध्यापक मोती राम ने बताया कि अध्यापक ने पहले भी माफीनामा लिखा था। अब दोबारा स्कूल में शराब पीकर पहुंचा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। (अनंत ज्ञान)

### वीवीपैट वेरिफिकेशन पर फैसला सुरक्षित

### चुनाव कंट्रोल नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** ईवीएम के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की 100 फीसदी क्रॉस-चेकिंग की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हम मेरिट पर दोबारा सुनवाई नहीं कर रहे हैं। हम कुछ निश्चित स्पष्टीकरण चाहते हैं। हमारे कुछ सवाल थे और हमें जवाब मिल गए। फैसला सुरक्षित रख रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि चुनाव कंट्रोल नहीं कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि जब नियंत्रण इकाई मतदान का डाटा संग्रहित कर लेती है तो उसे सील कर दिया जाता है। वीवीपैट को भी सील कर दिया जाता है और उसके बाद सभी मतदान एजेंटों से हस्ताक्षर लिए जाते हैं।

## गुड न्यूज यूनिवर्सल कार्टन लागू करने की अधिसूचना जारी, बिचौलियों के शोषण से बचेंगे सेब बागवान

# हिमाचल में 20 किलो की पैकिंग में बिकेगा सेब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में सेब अब 20 किलो क्षमता वाले यूनिवर्सल कार्टन में बिकेगा। इस संबंध में बुधवार को अधिसूचना जारी हो गई है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिमला में कहा कि बागवान लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे।



प्रदेश सरकार ने इस बाबत पहले ही निर्णय कर लिया था। अब आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश में यूनिवर्सल कार्टन लागू करने की बात कही थी। अब सभी ग्रेड के सेब के लिए 20 किलो की क्षमता वाले बॉक्स उपलब्ध होंगे। इससे प्रदेश के बागवानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें फसल के अच्छे दाम मिल पाएंगे। वहीं, अब बागवान बिचौलियों के शोषण से भी बच सकेंगे।

हिमाचल सरकार ने वजन के साथ छोटे-बड़े आकार के सेब को लेकर मानक तय किए हैं। अधिसूचना के मुताबिक, बागवानों को अपने घरों में ही तैयार फसल का वजन कर पेटी पर न मिटने वाले मार्कर के साथ वजन लिखना होगा। हालांकि, मंडियों में भी मशीन से वजन किया जाएगा। इस कदम से अब सेब बागवान बिचौलियों के शोषण से बचेंगे।



### पहले बिचौलिए डालते थे दबाव

**पहले** बिचौलियों के दबाव में सेब बागवानों को एक पेटी में कभी 28 तो कभी 30 किलो सेब डालने पड़ते थे। अब कार्टन में सेब के छह तरह के ग्रेड के लिए अलग-अलग वजन, ट्रे की संख्या, प्रति बॉक्स सेब और प्रति पेटी वजन को स्पष्ट किया है। एक्स्ट्रा लार्ज सेब का अनुमानित वजन 221 से 280 ग्राम, लार्ज का 181-220, मीडियम का 141 से 180, स्मॉल का 127-140, एक्स्ट्रा स्माल का 111-126 और पितु का 90 से 110 ग्राम होगा।

### आसानी से होगी कार्टन की उपलब्धता

**कार्टन** की उपलब्धता को लेकर पहले ही कार्टन कंपनियों को जानकारी दे दी गई थी। ऐसे में कार्टन की उपलब्धता आसानी से हो जाएगी। सेब की इस नई पैकिंग की मंडियों में स्वीकार्यता को लेकर जगत सिंह नेगी ने बताया कि यूनिवर्सल कार्टन फल मंडियों में लागू करने के लिए सरकार का अधिकार क्षेत्र केवल प्रदेश के अंदर है। हालांकि, जब प्रदेशभर में एक मानक से सेब पैक होगा तो प्रदेश के बाहर की फल मंडियों में भी यूनिवर्सल कार्टन स्वीकार होगा।

# सीएम सुक्खू दिल्ली रवाना प्रत्याशियों पर होगा मंथन

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को दिल्ली रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री वीरवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव में दो व छह विधानसभा प्रत्याशियों पर चर्चा होगी। कांग्रेस ने मंडी और शिमला संसदीय क्षेत्र से अपने प्रत्याशियों को उतार दिया है। कांगड़ा और हमीरपुर में अब तक प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं हुई है। इसके अलावा बैठक में कुटलैहड़, धर्मशाला, सुजानपुर, गगरेट, बड़सर और लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों पर भी चर्चा हो सकती है। बताया जा रहा है कि बैठक में हिस्सा लेने के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी दिल्ली जाएंगी।



- केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लेंगे भाग

# भ्रामक विज्ञापन मामले में रामदेव और बालकृष्ण ने दूसरा माफीनामा छपवाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से भ्रामक विज्ञापन मामले में सख्त सवाल पूछने के बाद पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बुधवार को एक बार फिर अखबारों में दूसरा माफीनामा छपवाया है। पतंजलि के माफीनामा का आकार इस बार पहले से ज्यादा बड़ा है।



- बड़ा हुआ पतंजलि के 'माफीनामे' का साइज
- सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद फिर मांगी माफी

बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए दूसरी बार माफी मांगी है। पतंजलि ने माफीनामे में लिखा कि हमसे विज्ञापनों को प्रकाशित करने में हुई गलती के लिए ईमानदारी से बिना शर्त माफी मांगते हैं। ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। हम सावधानी के साथ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि से पूछा था कि क्या उसकी माफी उसके विज्ञापनों जितनी बड़ी है। पतंजलि का प्रकाशित विज्ञापन अखबार के पृष्ठ के एक-चौथाई हिस्से को कवर करता है। इस विज्ञापन का शीर्षक बिना शर्त सार्वजनिक माफी है।

# आईपीएल मैचों की टिकट बिक्री आज से

## फ्रेंचाइजी की ओर से बैठक कर निर्धारित किया जाएगा टिकट का मूल्य

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले आईपीएल के दो अहम मुकाबलों के लिए ऑनलाइन पेटीएम इनसाइडर में टिकट बिक्री 25 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। धर्मशाला स्टेडियम में महेंद्र सिंह धोनी व किंग कोहली की टीमों के मेजबान पंजाब किंग्स के साथ मुकाबले होने हैं। ऐसे में धोनी व विराट के प्रशसकों सहित आईपीएल क्रिकेट के शौकीन भी मैचों के टिकट बिक्री का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक धर्मशाला में होने वाले मैचों के टिकटों के दाम तय नहीं हो पाए हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजी की ओर से ही 25 अप्रैल को बैठक कर मूल्य फाइनल किए जाएंगे और शाम तक बिक्री शुरू होने की उम्मीद है। जानकारी के तहत टिकट पेटीएम इनसाइडर पर ऑनलाइन बुक होंगे। धर्मशाला स्टेडियम में पहला मैच पांच मई को पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाना है। जबकि दूसरा मैच नौ मई को पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु के बीच खेला जाएगा। इस बारे में बात करने पर एचपीसीए के सहसचिव विशाल शर्मा ने बताया कि टिकटों की बिक्री फ्रेंचाइजी की ओर से दो दिनों में शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन काउंटर खोलने को लेकर भी प्रोपोजल रखा जा रहा है। उधर, एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि टिकटों की बिक्री 25 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि टिकटों के दाम फ्रेंचाइजी तय करेगी, साथ ही वीरवार को शाम तक बिक्री भी ऑनलाइन शुरू हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### पिछले साल 750 रुपए में थी सबसे सस्ती एंट्री

पिछले साल आईपीएल में टिकट की सबसे कम कीमत 750 रुपए थी। आईपीएल के ऑफलाइन काउंटर स्टेडियम में लगाने का निर्णय भी फ्रेंचाइजी का ही रहेगा। ऐसे में ऑफलाइन टिकट का इंतजार करने वाले दर्शकों को भी बड़ी परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। वहीं बुक की गई टिकटों की हार्ड कॉपी लेने के लिए स्टेडियम के बाहर मैच तीन से चार दिन पहले टिकट काउंटर भी स्थापित किए जाएंगे।

### बैजनाथ में अवैध खनन रोकने के लिए एसडीएम की कार्रवाई

# बड़ूआ और चोबू खड्ड को जाने वाले रास्ते किए बंद

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

उपमंडल बैजनाथ में अवैध खनन करने वालों की अब खैर नहीं है। अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए बुधवार को एसडीएम देवी सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई। वर्षों से उपमंडल की बड़ूआ तथा चोबू खड्ड में हो रहे अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए इस खड्ड के रास्ते को जेसीबी की मदद से पूर्णतया बंद कर दिया गया है। गौरतलब है कि बैजनाथ उपमंडल के कई नदी नालों में अवैध रूप में भारी मात्रा में खनन के मामले सामने आ रहे थे। इस वजह से पानी का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है।

इस कारण गर्मियों की शुरुआत होते ही इलाके में पीने के पानी तथा सिंचाई के लिए भी पानी को लेकर हाहाकार मचना शुरू हो गया था। इसके साथ-साथ भारी मात्रा में हो रहे खनन की वजह से भूमि कटाव भी हो रहा है जिसे काफी मात्रा में सड़कों को नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

एसडीएम बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर, तहसीलदार रमन ठाकुर माइनिंग विभाग चुन्नी लाल, पुलिस अधिकारी धर्मचंद व वन विभाग के अधिकारियों तथा लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों के साथ एसडीएम बैजनाथ ने बड़ी कार्रवाई पर अमल करते हुए इन खड्डों को जाने वाले रास्ते को पूर्णतया बंद कर दिया है। एसडीएम बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर का कहना है कि आगे भी अवैध खनन के खिलाफ यह कार्रवाई जारी रहेगी। जो व्यक्ति इन रास्तों को खोलने का प्रयास करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इसके साथ-साथ संयुक्त रूप से अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए एक टीम बनाई गई है जो जगह-जगह जांच करती रहेगी। एसडीएम ने कहा कि उपमंडल में अवैध खनन रोकने के लिए संयुक्त रूप से यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। अवैध खनन माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)



अवैध खनन रोकने के लिए रास्ता बंद करती जेसीबी।



"अवैध खनन रोकने के लिए बड़ूआ तथा चोबू खड्ड को जाने वाले रास्ते बंद कर दिए गए है। जो व्यक्ति इन रास्तों को खोलने का प्रयास करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए एक टीम बनाई गई है जो समय -समय जांच करती रहेगी।

-देवी सिंह ठाकुर, एसडीएम, बैजनाथ।

## न्यूज ब्रीफ

### कार चालक से 12.47 ग्राम चिट्टा बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत मंझियार सारनू के पास एक कार चालक से 12.47 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। इस संदर्भ में कार चालक मनू निवासी छंछेहड़ डाकघर गंगोटी तहसील लडभड़ोल जिला मंडी व साथ बैठे जय कुमार निवासी सियाल, मनाली जिला कुल्लू के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कांग्रेस से जनता का मोह भंग: घनश्याम

**पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के नारे को साकार बनाएगी। 2019 के चुनाव में बीजेपी को 303 सीटें मिली थीं, वहीं इस बार पीएम मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 400 पार सीटों का लक्ष्य रखा है। जिसे जनता पूरा कर दिखाएगी। घनश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में आज सभी मोर्चों पर विफल हो चुकी है। नेतृत्व विहीन कांग्रेस पार्टी के नेता जनता के हितों को सामने रख भाजपा का दामन थाम रहे हैं। शर्मा ने कहा कि पिछले 10 साल में केंद्र ने जो योजनाएं हर वर्ग को सामने रखकर बनाई, हर वर्ग को फायदा मिला, उससे साफ है कि जनता तीसरी बार मोदी को जनादेश देने को तैयार बैठी है। घनश्याम शर्मा ने कहा कि लोगों का कांग्रेस सरकार से मोह भंग हो चुका है। सड़कों की हालत खस्ता है और स्कूल, अस्पतालों में स्टाफ की भारी कमी है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा को खुलकर समर्थन देगी क्योंकि कांग्रेस से जनता का मोह भंग हो चुका है। चुनाव में कांग्रेस का सफाया लगभग निश्चित है।




### बायोमेडिकल वेस्ट मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

**धर्मशाला।** जिला क्वालिटी इंश्योरेंस समिति एवं बायोमेडिकल वेस्ट मॉनिटरिंग कमेटी की मीटिंग अतिरिक्त जिलाधीश सौरभ जस्सल की अध्यक्षता में डीसी ऑफिस के सभागार में आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, आयुष विभाग, पशु पालन विभाग, गैर संचारी संस्था एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे । यह जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सूद ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिला गुणवत्ता परामर्शकर्ता डॉ. दीपिका ने काया कल्प और बायोमेडिकल वेस्ट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी । अतिरिक्त जिलाधीश ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों इस क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि बायोमेडिकल वेस्ट से प्रकृति को किसी भी तरह का नुकसान न हो। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराधा, डॉक्टर वंदना, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भट्ट एवं बाल चिकित्सक डॉक्टर स्वाति भी मौजूद रहे।

### जनता में झूठ फैलाना बंद करें सुधीर: कर्ण

**धर्मशाला।** धर्मशाला के अंतर्गत चैतड़ू में बन रहे आईटी पार्क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुधीर शर्मा जनता के समक्ष झूठ न बोलें कि आईटी पार्क का कार्य मौजूदा सरकार ने बंद कर दिया है। यह बात पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बुधवार को उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आईटी पार्क के निर्माण कार्य का जायजा लिया। चैतड़ू में 17 करोड़ की लागत से बन रहे आईटी पार्क के काम को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा अपने 1 साल 4 महीने के कार्यकाल में पूरी प्रमुखता दी गई है । आईटी भवन बन कर तैयार हो गया है और भवन में मिलने वाली अन्य सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



### नौरा में मतदान के लिए किया जागरूक

**डरोह।** राजकीय फार्मेसी कॉलेज सुलह (नौरा) में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मतदाता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर धीरा उपमंडल अधिकारी राकेश शर्मा ने कहा कि स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। हम सबको वोट डालने का अधिकार है, इसका हमें उपयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी मतदाता वर्ग को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया।

### पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**धर्मशाला।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत धर्मशाला विस क्षेत्र के पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को धर्मशाला कॉलेज के सभागार में ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया तथा मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों से भी अवगत करवाया गया। सहायक रिर्टनिंग आफिसर एसडीएम संजीव भोट ने मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को अपनी टीम सहित चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार डयूटी देना सुनिश्चित करना होगा।

# घुरकड़ी में एकता मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

**अनंत ज्ञान, गगल**

संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में बुधवार को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजापिता जी के पावन सानिध्य में मानव एकता दिवस का आयोजन किया गया। यह जानकारी कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉ. केसी धीमान व कांगड़ा ब्रांच के संयोजक महात्मा दीनानाथ, प्रेस प्रभारी स्वरूप कुमार ने बताया कि यह दिन युग प्रवर्तक बाबा गुरवचन सिंह जी के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याणार्थ की भावना को समर्पित है। उन्होंने उनके महान जीवन से प्रेरणा लेते हुए सतगुरु के अमूल्य प्रवचनों को भी श्रवण किया। इस दौरान गुरु द्वारा दर्शाए एकता मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रवर्तन बाबा गुरवचन सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याणार्थ समर्पित किया। उन्होंने ब्रह्म ज्ञान की दिव्य धातु द्वारा मानव को मानव से जोड़कर प्रेम और मिठास की सदा देने वाली निर्मल धारा को प्रभावित कर हर हृदय में अपना स्थान बनाया। उन्होंने समाज को नशे आदि बुराइयों से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने मानवता का संदेश देते हुए कहा कि मानवीय रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिए।

# वीनस हाउस वॉलीबाल चैंपियन

## जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में इंटर हाउस प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में इंटर हाउस वॉलीबाल चैंपियनशिप में वीनस हाउस का दबदबा रहा। निहारिका मेमोरियल चैंपियनशिप में चारों हाउस के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने बताया कि पिछले साल हमारे स्कूल की नन्ही बच्ची की अकस्मात मृत्यु पर स्कूल ने हर साल उसके नाम पर वालीबॉल चैंपियनशिप करवाने का निर्णय लिया था।

वॉलीबाल चैंपियनशिप का पहला मैच वीनस व मर्करी हाउस में खेला गया, इसमें पहला सेट मर्करी ने आसानी से जीत लिया, लेकिन अगला सेट 12-15 से मर्करी हाउस हार गया। निर्णायक सेट में वीनस हाउस ने 15-11 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच सैटर्न व जूपिटर हाउस में हुआ जिसमें सैटर्न ने पहला सेट 15-8 से व दूसरा सेट 15-2 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दोनों हाउस का मुकाबला कड़ा रहा। वीनस हाउस ने पहला सेट 15-13 से जीता जबकि सैटर्न ने दूसरा सेट 15-10 से जीत लिया। निर्णायक सेट वीनस ने 12-15 से जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रधानाचार्य सुनील कांत व उपप्रधानाचार्य सुजाता शर्मा ने विजेता व उपविजेता टीमों के साथ-साथ जूपिटर व मर्करी हाउस के छात्रों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।


जीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र प्रिंसिपल व अध्यापकों के साथ सामूहिक चित्र में।

# पत्नी से झगड़ा करने पर थाने में मामला दर्ज

**हरिपुर।** पुलिस थाना क्षेत्र हरिपुर के अंतर्गत निकटवर्ती गांव महेवा के एक व्यक्ति को शराब के नशे में धुत्त होकर अपनी पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा करना महंगा पड़ गया, जिस पर उसे हवालात की हवा खानी पड़ गई। आरोपी व्यक्ति चालक है। आरोपी व्यक्ति शराब के नशे में धुत्त होकर अपनी पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहा था। पत्नी ने इसकी शिकायत पुलिस थाना हरिपुर में दी, जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया, जिसका बाद में मेडिकल करवाया गया। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 107/151 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे एसडीएम कोर्ट देहरा में पेश किया गया जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# 1054 मतदान केंद्रों पर होगी वेबकॉस्टिंग की सुविधा : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत कांगड़ा जिला के 15 विधानसभा क्षेत्रों में 1054 मतदान केंद्रों पर वेबकॉस्टिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक तरीके से मतदान प्रक्रिया को किया जा सके। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने बुधवार को कांगड़ा, शाहपुर, जवाली विस क्षेत्रों में पोलिंग बूथों का निरीक्षण करने के उपरांत दी। उन्होंने सहायक रिर्टनिंग अधिकारियों तथा बूथ लेवल अधिकारियों को पोलिंग बूथ में निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए आदेश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के बेहतर प्रबंधन के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जा रहा है ताकि चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित हो सके। मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में पार्टी बूथ लगाने पर प्रतिबंध होगा और मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार पर प्रतिबंध है। साधारण पार्टी बूथ को 200 मीटर से अधिक दूरी पर एक मेज और दो कुर्सियों और तिरपाल के साथ बिना किसी प्रचार सामग्री के स्थापित किया जा सकता है। परिसर में पार्टी और उम्मीदवार के नाम और प्रतीक वाले बैज, टोपी, शॉल, मफलर आदि की अनुमति नहीं है। मतदान केंद्रों के अंदर एजेंटों को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं है।

# पन्ना सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा


**लंबागांव।** जयसिंहपुर भाजपा मंडल की बैठक पार्टी कार्यालय अप्पर लंबागांव में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 29 अप्रैल को जयसिंहपुर चौगान में होने वाले पन्ना सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रदीप शर्मा, विस्तारक सतीश राणा वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष वीएल शुक्ला, कुलदीप कटोच, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष विंता कटोच, सकीमा धीमान, बिंदु रकवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा कटोच, हरी दास, अजय पठानिया, डॉ. राकेश सहित सभी मंडल कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# कांग्रेस ने विकास के नाम पर ठगी जनता : काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

प्रदेश बीजेपी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र चुनाव सह प्रभारी विधायक पवन काजल ने कहा कि कांग्रेस ने पहले हिमाचल की जनता के साथ झूठे वादे और गारंटी देकर चुनाव जीता अब लोकसभा चुनाव में लोक लुभावने वादे कर जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास कर रही है।

काजल ने कांग्रेस सरकार को जिला कांगड़ा और चंबा विरोधी करार देते हुए कहा कि एक साल तक कांग्रेस नें जिला की जनता को विकास के नाम पर ठगा है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में आम जनता की जमीन, जायदाद, भवन, आभूषणों की जांच करवाने का वादा किया है, जो कि गरीब वर्ग के विरोधी है।



कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे है। टिकट मिलने के नाम पर कांग्रेस विधायक चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जनहित में करवाए कार्यों के चलते उनकी जीत की हैट्रिक बनना तय है। प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा उम्मीदवार रिकॉर्ड वोट के अंतर से जीत हासिल कर प्रदेश की सत्ता से कांग्रेस को बेदखल करेंगे।

# किशोरी बोले- कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिलेगी टिकट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

चुनावों के लिए अभी काफी समय है, कांग्रेस टिकट आवंटन को लेकर किसी जल्दबाजी में नहीं है। पार्टी जमीनी सर्वे के आधार पर टिकट का आवंटन करेगी और पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को टिकट देगी न कि बिकाऊ प्रत्याशियों को। यह बात धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार 75 हजार करोड़ कर्ज और करीब 13 हजार करोड़ की देनदारियों को छोड़ गई है, लेकिन फिर भी प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने गत 16 महीनों में बेहतरीन कार्य किया है। प्रदेश में आई आपदा के बाद सरकार ने प्रभावित लोगों के घरों का निर्माण किया और उन्हें फिर से बसाया। पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के वादे को सरकार ने पूरा कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि कांग्रेस में बिकाऊ प्रत्याशियों को नहीं बल्कि जमीन से जुड़े कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को टिकट दिया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सत्ता की भूखी है और उन्होंने खरीद-फरोख्त की राजनीति को जन्म देकर हिमाचल प्रदेश को शर्मसार किया है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव के साथ पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, रजनीश पाधा, मनोज कुमार व पुनीत मल्ली सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पत्रकार वार्ता के दौरान बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल व अन्य।

### उद्योग विभाग भवन संसारपुर टेरेस में एसपी ने की बैठक

# उद्योगपतियों की समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

उद्योग विभाग भवन संसारपुर टेरेस में बुधवार को एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री की अगुआई में प्रदूषण व कानून व्यवस्था को लेकर उद्योगपतियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में एसडीएम देहरा शिल्पी वेक्टा, प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी वरुण गुप्ता, डीएसपी देहरा अनिल कुमार, महाप्रबंधक उद्योग विभाग राजेश कुमार मौजूद रहे। इस दौरान शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि यहां पर उद्योग मालिकों को क्या परेशानी होती है व उसे किस तरह हल किया जाए इसको लेकर उद्योग मालिकों से उनकी राय व सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न विषयों पर उद्योगपतियों से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संसारपुर टेरेस क्षेत्र को और बढ़िया बनाया जाए व पुलिस सहयोग भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदूषण को लेकर भी विभाग से संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में चर्चा हुई व प्रदूषण कम से कम हो को लेकर हिदायतें भी दी गई। उन्होंने कहा कि संसारपुर टेरेस में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां पुलिस वाहन की आवश्यकता है, इसके लिए सरकार से अनुरोध करेंगे। इस मौके पर तहसीलदार जसवां नरेश कुमार कौशल, आरएम एचआरटीसी, सहायक अभियंता विद्युत विभाग जनकराज, एसआई संसारपुर टैरस संजय शर्मा, सुप्रिटेंड तिलक राज मौजूद रहे।


संसारपुर टेरेस में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद एसपी व अन्य।

**बैठक** जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिए निर्देश

# अस्पतालों में पर्ची का ऑडिट हर महीने किया जाए: डॉ. गुलेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा की क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी कांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निर्देश दिए कि वे खंड स्तर पर ब्लॉक टीबी फार्म की बैठक का आयोजन अति शीघ्र करें। ब्लॉक टीबी फार्म में निक्षय मित्र कार्यक्रम की चर्चा प्रमुख रूप से की जाए और जिन टीबी मरीजों को अभी तक निक्षय मित्र नहीं मिले हैं, उन मरीजों के लिए निक्षय मित्र तत्काल प्रभाव से बनाया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला में डिफरेंटशिएट टीबी केयर पोस्ट ट्रीटमेंट फॉलो अप कॉन्ट्रैक्ट ट्रेकिंग मॉडल को प्रभावी रूप से पालन करने के निर्देश सभी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों को दिए ताकि टीबी रोग का उन्मूलन किया जा सके। उन्होंने जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के 2023 में हुए संशोधन में विशेष चर्चा की। आवश्यक दवाइयों के वार्षिक मांग डीवीडीएमएस पोर्टल में सुनिश्चित की जाए। सभी अस्पतालों में पर्ची का ऑडिट हर महीने किया जाए और उसकी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजना सुनिश्चित की जाए। सभी पदों को पदोन्नति के सारे रिकॉर्ड को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। जीर्ण शीर्ण 108 एवं 102 एंबुलेंस को निपटान के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी। स्टीमी केयर के तहत सारे अस्पतालों में ईसीजी की पर्ची शिमला में बैठे हृदय विशेषज्ञ देखकर राय देंगे। इस बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सूद, चिकित्सा अधीक्षक सिविल अस्पताल नूरपुर डॉ. नीरजा, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. आत्मिका, सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के अधिकारी उपस्थित रहे।



क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी।

# देश का किसान मोदी के साथ: सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


राधा कृष्ण मंदिर योल बाजार में बुधवार को महिला मोर्चा की बैठक में मौजूद भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा व अन्य।

धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने बुधवार को महिला मार्चा और किसान मोर्चा के साथ बैठकें आयोजित कर चुनावी प्रचार को धार दी। दिन की पहली बैठक महिला मोर्चा के साथ राधा कृष्ण मंदिर योल बाजार में हुई। इसके बाद ग्राम पंचायत तंगरोटी में किसान मोर्चा के साथ परिचय बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सुधीर शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए लाई गई योजनाओं से उन्हें लाभ मिला है और किसान वर्ग मोदी के साथ है।

सुधीर शर्मा के घर के बाहर पुलिस द्वारा लगाए नाके पर आक्रोश जताते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि जितने नाके पुलिस, सीआईडी एवं क्राइम ब्रांच उनके पीछे लगा रखे है, अच्छा होता यही सोच प्रदेश की बेटियों के प्रति रखी गई होती। सुधीर शर्मा ने चुटकी लेते हुए कहा कि उक्त एजेंसियां आपको क्या खबर भेजेंगी, इनकी खबर वह मुख्यमंत्री को भेजेंगे। गौरतलब है कि सुधीर शर्मा के रक्कड़ स्थित आवास के बाहर काफी समय से पुलिस द्वारा नाका लगाया गया है और उस मार्ग से आने जाने वाले सभी लोगों के नाम रजिस्टर में नोट किए जा रहे हैं।

## महाशा सभा की बैठक आयोजित

**धर्मशाला।** सतगुरु श्री नाभादास सेवा समिति एवं महाशा सभा ब्लॉक नगरोटा बगवां की मासिक बैठक 23 अप्रैल को प्रधान उत्तम चंद की अध्यक्षता में गांधी मैदान के पास हरि भवन में हुई। इस बैठक में छह और आठ अप्रैल को सतगुरु नाभादास का दो दिन का जो कार्यक्रम हुआ, उसका सारा लेखा जोखा सभा के सचिव राजेश और कोषाध्यक्ष संजीव कुमार ने सभा के सामने पेश किया। उस पर सभा के सभी सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में सभा के मुख्य सलाहकार किशोरी लाल, अमर नाथ, उपप्रधान कुलदीप, अजीत सिंह, संरक्षक प्यार चंद, सदस्य रमेश चंद, लूटी राम, रवि, सतपाल, शेर सिंह, रिंकू, विशाल, रोहित, विजय, देशराज व रिषभ उपस्थित थे।

# पहले पर्ची के लिए घंटों इंतजार, फिर दवाई के लिए लाइनों में हाल बेहाल

## टांडा अस्पताल में असुविधाओं का अंबार, मरीज के साथ तीमारदार हो रहे परेशान



डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल टांडा में पर्ची बनाने व दवाई लेने के लिए लगी लंबी लाइनें। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का दावा करने वाले डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल टांडा की असल हकीकत कुछ और ही है। अस्पताल प्रशासन के सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। यहां मिलने वाली तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं दिन-प्रतिदिन दम तोड़ती जा रही हैं। जिला कांगड़ा ही नहीं अपितु अन्य जिलों से भी लोग यहां अच्छे उपचार के लिए पहुंचते हैं। यहां मरीजों के साथ-साथ उनके तामीरदारों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मरीजों और तामीरदारों को पेश आने वाली समस्याओं का सिलसिला पर्ची कटवाने से ही शुरू हो जाता है। पर्ची बनवाने के लिए लोग सुबह से ही लंबी कतारों में घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। उसके बाद यहां होने वाले मेडिकल टेस्टों के लिए उन्हें यहां-वहां भटकने को मजबूर होना पड़ता है। उसके बाद दौर शुरू होता है दवाइयां लेने का, वहां भी ऐसा ही मंजर देखने को मिलता हैं। अस्पताल पहुंचे मरीजों और अन्य लोगों का कहना है कि डिस्पेंसरी में मौजूद लोग मरीजों से अभद्र व्यवहार भी करते है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि अस्पताल प्रशासन उक्त समस्याओं से वाकिफ नहीं है। ऐसे सैकड़ों लोग हैं जो रोजाना टांडा अस्पताल प्रशासन की इस बेरुखी का शिकार होते हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें यहां अस्पताल में पहुंचने पर सबसे पहले पर्ची बनाने के लिए लाइनों में लगना पड़ता है फिर डॉक्टर के पास भी लाइन उसके बाद दवाई कि लिए भी लाइन में लगना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### तीन दिन से भटक रहे यहां-वहां

यहां आए चंबा निवासी मोहम्मद इकबाल का कहना है कि वह पिछले तीन दिन से अपने मरीज को उपचार के लिए यहां लाए हुए है, जिसका ऑपरेशन होना था, लेकिन वह तीन दिनों से यहां-वहां भटक रहे हैं। हमीरपुर निवासी सरोज देवी ने बताया की वह बुधवार सुबह उपचार के लिए यहां आई हैं और उन्हें भी घंटो लाइन में खड़े रहकर पर्ची बनवानी पड़ी। सुजानपुर के सुरेश कुमार की भी परेशानी कुछ ऐसी ही थी।

- अस्पताल में तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं दिन-प्रतिदिन दम तोड़ती जा रहीं

### सरकार को भेजा पत्र: डॉ. मोहन

इस बारे में जब अस्पताल के एमएस डॉ. मोहन सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि संबंधित समस्याओं के बारे में सरकार को पत्र लिखकर अवगत करवाया है। इसमें मुख्य रूप से अस्पताल के लिए चार अलग से पर्ची काउंटर और दो अलग से डिस्पेंसरियां खोलने की योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि जल्द ही उक्त समस्याओं पर सरकार कोई ठोस निर्णय लेगी। जल्द समस्याओं का हल कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडोर स्टेडियम में 27 को होगा आनंद उत्सव

**धर्मशाला।** धर्मशाला में 27 अप्रैल को आयोजित किए जा रहे आनंद उत्सव में भाग लेने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर धर्मशाला पहुंच गए हैं। यह जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पहले आनंद उत्सव का आयोजन धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में किया जाना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसका स्थान बदल दिया गया है। अब यह उत्सव धर्मशाला के इनडोर स्टेडियम में आयोजित होगा बाकी सारी व्यवस्थाएं वैसे ही रहेंगी।

### रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश


मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाई रंगोली के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

**इंदौरा।** आगामी लोकसभा चुनावों के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली बनाकर इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर इंदौरा के सीडीओ ओम प्रकाश ने बताया कि यह कार्यक्रम उपमंडल निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर द्वारा गठित स्वीप सोशल मीडिया टीम तथा इंदौरा के इलेक्शन कानूनगो रोबिन धीमान के आग्रह पर खंड स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा समूह बनाकर करवाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 से अधिक रंगोलियां फूल, पत्तियों, रंगो तथा अनाज का इस्तेमाल कर बनाई गई और मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### वनों को बचाना सबका नैतिक कर्तव्य



**डाडासीबा।** शायद ही कोई गर्मी का मौसम रहा हो जिसमें जंगलों में आग न लगी हो। आग लगने से हर वर्ष जंगलों को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसका प्रभाव पर्यावरण और जंगली जीव-जंतुओं पर पड़ता है। मजदूर संघ के नेता एवं ग्राम पंचायत चोली के उपप्रधान दलीप सिंह वर्मा ने कहा कि गर्मियों के दौरान एक छोटी सी लापरवाही के कारण पूरा जंगल धधक उठता है, वहीं कुछ लोग जंगल में या जंगल के आसपास जलती हुई बीड़ी-सिगरेट बिना बुझाए ही फेंक देते हैं ,जबकि कुछ लोग निजी भूमि में आग जलाकर उसे वैसे ही छोड़ जाते हैं, ऐसे कई कारण हैं जिससे जंगल में आग लगने की संभावना होती है और वन संपदा जलकर राख हो जाती है। दलीप सिंह वर्मा ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के बारे में समय-समय पर जानकारी देते रहें ताकि वह इसकी महत्ता को समझें और वन संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। हम अपनी सोच और व्यवहार में सुधार लाकर वनों को आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।

# दलदल में फंसे मवेशियों का सहारा बना मच्चकुंड महादेव चरण सेवक दल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा/देहरा**



गांव बढल ठोर के अंतर्गत पड़ते घियोरी बीहन में पौग बांध के किनारे आए दिन मवेशी दलदल में फंस रहे हैं। इन मवेशियों को दलदल से निकालने का काम मच्चकुंड महादेव चरण सेवक दल से राज ठाकुर हिमाचली, जगरूप राणा, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, लवली पंडित, अंकुश, अजय कुमार, मोहित, महिंद्र, कुकी, अमन, निटी, मोनी, बबु, राहुल आदि कर रहे हैं। इन्होंने दो महीने में लगभग 11 भैंसों और दो गाय को रेस्क्यू किया हैं। वहीं मच्चकुंड महादेव चरण सेवक की इस मुहिम की इलाके में प्रशंसा भी हो रही है। बताते चलें डैम किनारे दलदली मिट्टी होने की वजह से यहां आए दिन मवेशी इसमें फंस जा रहे हैं जिनको निकालने का काम पिछले एक साल से यह समाजसेवी संस्था के पदाधिकारी कर रहे हैं। संस्था के प्रधान राज ठाकुर ने जनता से अनुरोध किया है कि कोई भी व्यक्ति अपने पशुओं को डैम किनारे न छोड़ें क्योंकि लगातार यहां मवेशी दलदल में फंसकर चोटिल भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम लगातार पिछले एक साल से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए हुए है।

# सीएम से धर्मशाला की ग्राउंड रिपोर्ट की साझा

## राजन मदान ने कांग्रेस की जमीनी हकीकत से करवाया रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला उपचुनाव में जीत की रणनीति का जिम्मा संभाल रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को-ऑर्डिनेटर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल एवं उत्तराखंड युवा कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजन मदान ने एक रिपार्ट बना कर बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष पेश की।

राजन मदान और मुख्यमंत्री के बीच लंबी बातचीत में उक्त रिपोर्ट पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के साथ हुई अपनी बैठक के बारे में मदान ने बताया कि धर्मशाला के सभी बूथों, नगर निगम वार्डों, पंचायतों, टिकट के दावेदारों व विपक्षी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे प्रचार सहित जमीनी हकीकत को लेकर रिपार्ट तैयार की गई है जिसे मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। पार्टी के केंद्रीय हाईकमान के आदेशानुसार पूरी विधानसभा की ग्राउंड रिपोर्ट बनाई गई है। रिपोर्ट में टिकट के दावेदारों का भी जिक्र है और सभी राजनीतिक समीकरणों का गठजोड़ किया गया है। प्रदेश सरकार अपनी 10 गारंटियों में से पांच गारंटियां पूरी कर चुकी है। जिसमें से पुरानी पेंशन बहाली से कर्मचारी वर्ग खुश है। इसके अतिरिक्त महिलाएं इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान योजना से खुश हैं।

कर्मचारी वर्ग एवं युवाओं को यह भी अदेंशा है कि यदि प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तो सबसे पहले वह पुरानी पेंशन को ही बंद करेगी। इसलिए वे भाजपा के पक्ष में मतदान करने से परहेज करेंगे। कर्मचारी वर्ग का कहना है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने ओपीएस लागू की, लेकिन भाजपा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में खरीद फरोख्त करते हुए सरकार गिरा दी और पुरानी पेंशन को सत्ता संभालते ही बंद कर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को पेश की गई रिपोर्ट में कांग्रेस जमीनी स्तर पर मजबूत है।

### आईटी पार्क को लेकर झूठ बोल रहे सुधीर



मदान ने कहा कि सुधीर शर्मा सार्वजनिक मंचों से चैतड़ू में बन रहे आईटी पार्क के कार्य को बंद किए जाने की बात कह रहे हैं, जोकि सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि बुधवार को उन्होंने धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ आईटी पार्क का दौरा किया और पाया कि निर्माण कार्य पूर्व की भांति प्रगति पर है। जिस कंपनी को निर्माण कार्य का जिम्मा सौंपा गया है, उनसे भी चर्चा की गई।

# सदवां में पेड़ से टकराकर पलट गई कार, दो घायल

**अनंत ज्ञान, गरली/डाडासीबा**


सड़क पर पलटी कार।

सदवां-बणी मार्ग पर सदवां मेन बाजार से 500 मीटर की दूरी पर एक ब्लैक स्पॉट पर एक ऑल्टो कार आम के पेड़ से टकराकर असंतुलित होकर पलट गई। कार में सवार पांच लोगों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए रक्कड़ अस्पताल ले जाया गया है। कार में सवार लोग रक्कड़ की तरफ से परागपुर की तरफ जा रहे थे। बता दें की इस ब्लैक स्पॉट पर यह छठा हादसा हो गया है। स्थानीय निवासी अजय ठाकुर ने कहा कि जिस स्पॉट पर यह हादसा हुआ है इससे पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस स्पॉट पर एक आम का पेड़ है जिसे डीसी कांगड़ा ने काटने को कहा है, लेकिन वन विभाग अनसुना कर रहा है । उनका आरोप है कि शायद विभाग के कर्मचारी किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार कर रहे है। लोगों ने कहा कि इस पेड़ को विभाग जल्द से जल्द कटवा दें नहीं तो यहां हादसे होते रहेंगे। खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह का मुकद्मा दर्ज नहीं किया गया था।

# निरंकारी सत्संग भवन देहरा में सेवादारों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, देहरा**


संत निरंकारी मिशन सत्संग भवन देहरा में बुधवार को रक्तदान करते सेवादार

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशों अनुसार रक्तदान शिविर संत निरंकारी मिशन सत्संग भवन देहरा में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने किया।

इस मौके पर संत निरंकारी मिशन कांगड़ा के जोनल इंचार्ज महात्मा डॉक्टर केसी धीमान भी मौजूद रहे। शिविर में मिशन के सेवादारों और संगत ने बड़े उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज से आए डॉक्टर और अन्य स्टाफ टीम ने अपनी सेवाएं दी। रक्तदान करने के बाद सभी रक्त वीरों को फल, दूध और ड्राई फ्रूट दिया और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी के लिए लंगर की व्यवस्था भी सत्संग भवन में की गई थी। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने संत निरंकारी मिशन के सेवादारों की तारीफ करते हुए कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। देश सेवा और मानव सेवा दोनों के लिए बहुत ही अच्छा और अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। रक्तदान करने वालों ने दूसरों को भी इस कार्य के प्रति प्रेरित किया है।

## सर्वकष्ट निवारण यज्ञ 28 को

**जयसिंहपुर।** विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध बाबा भौडी सिद्ध गुफा मंदिर में 57वां विशाल वार्षिक भंडारा व वैदिक बीज मंत्रो द्वारा सर्वकष्ट निवारण यज्ञ का आयोजन 27 अप्रैल को होगा। 27 अप्रैल को सबसे पहले सुबह 4.30 बजे झंडा रस्म, रात आठ बजे भजन संध्या व रात्रि भोज होगा। 28 अप्रैल को सर्वकष्ट निवारण यज्ञ का शुभारंभ सुबह नौ बजे से होगा। सर्वकष्ट निवारण यज्ञ दोपहर दो बजे तक चलेगा। इसके साथ विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन सुबह नौ से तीन बजे तक होगा।

**उम्मीद** उद्यमियों को आईपीएल में पर्यटकों की भीड़ जुटने की आस

# पर्यटकों के बिना मैक्लोडगंज हुआ वीरान

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**


सूना पड़ा मैक्लोडगंज का बाजार।

बौद्ध एवं पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के जो बाजार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में पर्यटकों से गुलजार रहते थे, उनमें इन दिनों विरानी छाई हुई है। मैक्लोडगंज के दुकानदार भी एक-दूसरे की दुकान पर जाकर समय बिताने को मजबूर हैं। दुकानदारों का कहना है कि अब तो शनिवार-रविवार को ही पर्यटक नजर आ रहे हैं, जबकि सप्ताह के अन्य दिनों में पर्यटकों के दर्शन नहीं हो रहे। मैक्लोडगंज के जिस मुख्य चौक पर भीड़ लगी रहती थी, बुधवार को यह चौक भी सूना नजर आया। इक्का-दुक्का लोग ही चौक पर घूमते नजर आए। वर्तमान में पर्यटन नगरी में आक्यूपेंसी 30 से 35 फीसदी रह गई है, ऐसे में अब पर्यटन उद्यमियों को आईपीएल से ही आस है। गौरतलब है कि मार्च माह में वीकेंड पर अन्य दिनों की अपेक्षा पर्यटकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई थी, जबकि वर्तमान में स्थिति इसके विपरीत है। पर्यटन उद्यमियों का कहना है कि 15 जून से बरसात शुरू हो जाती है और चुनावी दौर चार जून तक चलेगा, ऐसे में जून में पर्यटकों के बढ़ने की उम्मीद थी, बरसात शुरू होने पर संभावना कम ही रहेगी। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा का कहना है कि मैक्लोडगंज में आक्यूपेंसी 30 से 35 फीसदी के करीब है। वीकेंड पर भी कम ही पर्यटक जुट रहे हैं। अब आईपीएल से ही उम्मीद है, उसमें भी पहले व दूसरे मैच में गैप होने के चलते पर्यटक कितने जुट पाएंगे, यह कहना मुश्किल है। (अनंत ज्ञान)




## न्यूज ब्रीफ

### मंडी का युवक 1.54 ग्राम चिट्टे सहित काबू

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत टिक्कर भराईयां में भोरंज पुलिस ने नाके के दौरान एक युवक से 1.54 ग्राम चिट्टा पकड़ने में सफलता प्राप्त की। मिली जानकारी के अनुसार निखिल कुमार पुत्र अजय कुमार गांव मन्योह, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी से नाके के दौरान शक के आधार पर तलाशी ली तो उससे 1.54 ग्राम चिट्टा बरामद किया। युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज योगराज चंदेल ने की है।

### अब बाहलवासियों को नहीं होगी पानी की समस्या




**टौणीदेवी।** अकसर गर्मियों में लगवालती बमसन मेवा पेयजल योजना के कई गांवों में जल संकट गहरा जाता है, जिससे कई बार हफ्ते में दो या तीन दिन पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है। जल शक्ति विभाग में इस समस्या को दूर करने के लिए हर गांव में पानी के स्टोरेज टैंक बनाना शुरू किए हैं। गवारडू पंचायत के बाहल गांव में स्टोरेज टैंक नहीं था व गवारडू के टैंक से पेयजल आपूर्ति होती थी। अब लगभग एक वर्ष पहले इस गांव में पानी का स्टोरेज टैंक तैयार हो गया है, लेकिन कॉमन हेडर न होने की वजह से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई थी। इस बारे बारी मंदिर पंप हाउस के कनिष्ठ अभियंता नितिन भारद्वाज से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कॉमन हेडर की समस्या दूर कर ली गई है व कार्य अवार्ड हो चुका है। आगामी 7 से 10 दिनों के भीतर टैंक से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

### कांग्रेस को सुजानपुर में मिलेगी भारी लीड : राजेंद्र



**सुजानपुर।** सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा है कि सुजानपुर में जिस गर्मजोशी के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत हुआ, उससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी को आने वाले चुनावों में सुजानपुर से भारी लीड मिलेगी। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने यह कहकर कि मैं सुजानपुर का विधायक और मुख्यमंत्री भी हूं लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कांग्रेस पार्टी यहां से जिताऊ उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारेगी और आगामी लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रदेश की सभी सीटें जीतेगी।

### मतदान अधिकारियों को समझाई मतदान प्रक्रिया



**नादौन।** लोकसभा चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए एक जून को विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले नादौन विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों का पहले दौर का पूर्वाभ्यास बुधवार को ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल नादौन में आरंभ हुआ। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अपराजिता चंदेल, तहसीलदार नादौन, तहसीलदार गलोड़, उपमंडलीय निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों व अन्य अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इन अधिकारियों को ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया तथा उन्हें प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया और ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली को गहनता एवं गंभीरता के साथ समझें, ताकि एक जून को मतदान प्रक्रिया के दौरान कोई तकनीकी समस्या या अनावश्यक विवाद न हो। मतदान प्रक्रिया के पूर्वाभ्यास के साथ-साथ सभी को चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र फार्म 12 और पोस्टल बैलेट फार्म 12 भी प्रदान किए गए, ताकि वे लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### बीडीओ व कर्मचारियों ने बुझाई जंगल की आग



**सुजानपुर।** अपने ऑफिशियल काम के लिए चबूतरा जा रहे बीडीओ सुजानपुर राजेश्वर भाटिया, समाज शिक्षा एवं खंड योजना अधिकारी अशोक कुमार, पंचायत निरीक्षक मदन लाल एवं चालक विजय कुमार ने सड़क के किनारे चीड़ के जंगल में लगी आग को बुझाया। बीडीओ ने बताया कि वह जब ऑफिशियल कार्य के लिए चबूतरा जा रहे थे तो उन्होंने रास्ते में जंगल में लगी आग को देखा, जिस पर सभी ने काबू पाकर वन संपदा को होने वाले संभावित नुकसान से बचाया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की की जंगल में आग न लगाएं।

### 400 पार का नारा होने जा रहा साकार : उषा



**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री मोदी का 400 पार का नारा साकार होने जा रहा है। यह बात जिला भाजपा उपाध्यक्ष उषा बिरला ने बुधवार को यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है एवं कई संसदीय सीटों पर चुनाव भी हो चुके हैं। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल बिना वोटिंग के ही विजय घोषित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का नारा मोदी को जय श्रीराम एवं प्रधानमंत्री का नारा अबकी बार 400 पार सफल होते हुए नजर आ रहा है।

# जाहू कस्बे में अतिक्रमण करने वालों को सामान हटाने के दिए आदेश

## दोबारा सड़क के बाहर सामान रखा तो होगी कानूनी कार्रवाई

**एसके शर्मा, जाहू**

उपमंडल के कस्बा जाहू में पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अतिक्रमणकारी दुकानदारों का सामान सड़कों से हटाया। इस दौरान करीब दो दर्जन से अधिक दुकानदारों को कड़ी हिदायत देकर छोड़ा गया। चेतावनी दी कि भविष्य में सड़कों पर सामान होने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

करीब दो दर्जन कारोबारियों को सामान हटाने के आदेश दिए। पुलिस के आदेश के बाद अधिकतर दुकानदार समान हटाते नजर आए। जाहू में अधिकतर दुकानदारों द्वारा सड़क पर समान रखकर अतिक्रमण करने से पैदल चलने वाले राहगीरों व यातायात में बाधा होने की लगातार पुलिस को शिकायत मिल रही थी। एसआई राकेश चंदेल के नेतृत्व में पुलिस ने जाहू बाजार में अतिक्रमण को लेकर औचक निरीक्षण किया और दुकानदारों पर अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दो दर्जन से अधिक कारोबारियों का सामान सड़कों से हटाया गया। पुलिस ने इन कारोबारियों को भविष्य में सड़कों पर सामान न सजाने की हिदायत दी है। अतिक्रमण न हटाने पर पुलिस ने इसे जब्त कर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है।



जाहू बाजार में अतिक्रमणकारी दुकानदारों का सामान हटाने के निर्देश देते पुलिस कर्मचारी।

एसआई राकेश चंदेल का कहना है कि पुलिस ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों का सामान हटाया है और दुकानदारों को आदेश दिए गए कि सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें। एक बार चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। अगर दोबारा दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण किया तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सार्वजनिक संपत्ति पर पोस्टर बैनर लगाने पर करें कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जिले में लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर किसी भी सरकारी भवन या अन्य सार्वजनिक संपत्ति पर कोई भी राजनीतिक पोस्टर, बैनर, होर्डिंग बोर्ड व अन्य प्रचार सामग्री नहीं लगाई जा सकती है। इसका उल्लंघन करने वाले लोगों और संगठनों के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कड़ी कार्रवाई हो सकती है।



**जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को दिए निर्देश**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके विभागों के भवनों और अन्य संपत्तियों पर किसी भी तरह की राजनीतिक प्रचार सामग्री न लगाई गई हो। अगर इन भवनों एवं संपत्तियों पर राजनीतिक प्रचार सामग्री पाई जाती है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे। इस तरह के मामलों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अमरजीत सिंह ने शहरी निकायों के अधिकारियों को भी कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने निकायों के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक स्थलों एवं सरकारी संपत्तियों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि किसी निजी संपत्ति पर प्रचार सामग्री लगाने के लिए भी उसके मालिक की अनुमति अनिवार्य है।

# चंद सिक्कों के लिए सरकार को गिराने की रची साजिश : डॉ.पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे हमीरपुर कांग्रेस के जनजागरण अभियान के तहत डॉ. वर्मा ने ग्राम पंचायत स्वाहल के मझोट गांव का दौरा किया और वहां लोगों से रू-ब-रू हुए।

इस मौके पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में चहुंमुखी विकास किया है और अपनी दी हुई 10 में से 5 गारंटियों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक मानसिकता वाले लोगों को उनकी यह ईमानदारी और शासन की पारदर्शी व्यवस्था पसंद नहीं आ रही थी इसलिए उन्होंने हमीरपुर के योद्धा के विरुद्ध असफल साजिश चंद सिक्कों की खनक के लिए रची, जिसमें वे असफल रहे। इस साजिश ने इन धोखेबाज नेताओं को जनता के सामने बेनकाब कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव में हिमाचल की जनता भाजपा के इस रवैये का मुंह तोड़ जवाब देगी और बताएगी कि देवभूमि की जनता ऐसे भ्रष्टाचारी धोखेबाज और बिकाऊ नेताओं के खिलाफ है।



मझोट गांव में जनजागरण अभियान के तहत डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ग्रामीणों के साथ।

# रक्तदान महादान, मानव सेवा का लक्ष्य महान

## प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष ने किया शिविर का शुभारंभ




रक्तदान शिविर में प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया रक्तदाताओं व अन्य के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

संत निरंकारी मिशन द्वारा बुधवार को संपूर्ण भारत वर्ष में मानव कल्याण हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया ने किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत निरंकारी मिशन पूरी तरह मानवता को समर्पित मिशन है और सामाजिक उत्थान में निरंतर अपना योगदान दिए जा रहा है। रक्तदान महादान है इससे कई इंसानी जिंदगियां बचाई जा सकती है। संत निरंकारी ब्रांच हमीरपुर के संयोजक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देश में मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन निरंकारी सतगुरु बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी उपलक्ष्य पर संत निरंकारी सत्संग भवन जिला हमीरपुर की सभी ब्रांचों से आए 90 भाई बहन रक्तदाताओं ने स्वेच्छा पूर्वक से रक्तदान किया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की रहनुमाई में मिशन के भक्त संत समागमों में जन-जन को प्रभु प्राप्ति की प्रेरणा दे रहे हैं।

**संत निरंकारी सत्संग भवन हमीरपुर में रक्तदान शिविर आयोजित**

### भगवती स्कूल में चुनावी प्रकिया से होगा सदन कार्यकारिणी का गठन

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में हाउस कार्यकारिणी का गठन चुनावी प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए बच्चों को नामित किया गया। मतदान 25 अप्रैल को चार सदनों सुभाष, अंबेडकर, टैगोर, रमन हाउस में सीनियर और जूनियर ग्रुप में होगा। प्रतिनिधियों ने आज कक्षाओं में जाकर बच्चों से अपने लिए वोट मांगे। अंबेदकर हाउस से अमोनित, स्वास्तिक, आदित्य, आरुष, को जूनियर हेड ब्वॉयज और इशिता, सान्वी, सुहानी, गरिमा, सुकृति, आकर्षिता को जूनियर हेड गर्ल और कशिश, आकृति को सीनियर हेड गर्ल और अंश व अनिकेत को सीनियर हेड ब्वॉयज के लिए नामित किया गया। वंश और रितिक को हाउस कैप्टन से नामित किया व स्कूल कैप्टन आस्था को नामित किया गया। टैगोर हाउस से वरुण, रोहित, नवनीत, शुभम, आदर्श जूनियर हेड ब्वॉयज और सौम्या, प्राकृति, परिका, आराध्या, मानवी, रिधि को जूनियर हेड गर्ल के लिए नामित किया गया। इशिका को सीनियर हेड गर्ल और अंशुमन, निशांत, अनिकेत, अक्षित सीनियर हेड ब्बाय व मौली, लक्षिका, रजत, मानव, वंश को हाउस कैप्टन से नामित किया व रिजुल और निशांत को स्कूल कैप्टन से नामित किया गया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को 25 अप्रैल को होने वाली चुनावी हाउस कार्यकारिणी गठन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### हमीरपुर के मिनी सचिवालय परिसर का होगा कायाकल्प



**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित मिनी सचिवालय परिसर को भी अब समतल किया जाएगा। इसके अलावा इसके सौंदर्यीकरण की प्रपोज भी तैयार होगी। निर्माण के समय के बाद इसकी दशा-दिशा उस स्तर पर नहीं सुधारी गई है, जैसी सचिवालय परिसर की होनी चाहिए, इसीलिए पीडब्ल्यूडी ने इसकी प्रपोजल तैयार करने की कवायत शुरू कर दी है। बुधवार को राजस्व विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने इसके ढांचे का रूप स्वरूप तैयार किया, जिस पर इसे समतल करने का प्रारूप तैयार होगा। दरअसल में मिनी सचिवालय का परिसर मौजूदा हालात में उतना बेहतर नहीं लगता गाड़ियां खड़ी करने के लिए भी यहां पर उस तरह का स्ट्रक्चर नहीं है। अब प्लानिंग यह हो रही है कि इसे सबसे पहले समतल किया जाए और फिर इसका सौंदर्यीकरण भी कर दिया जाए। प्रपोजल तैयार करने से पहले इस सारे सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए कितना खर्चा आएगा, इसकी प्रपोज भी पीडब्ल्यूडी तैयार कर रहा है। डीसी अमरजीत सिंह का कहना है कि समतल करने की पीडब्ल्यूडी की योजना है। उस पर काम शुरू करने से पहले की प्रक्रिया पर काम शुरू किया गया है।

# हमीरपुर डिपो में ट्रायल के लिए पहुंचीं ई-टिकटिंग मशीनें

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर डिपो में ट्रायल के तौर पर दो ई-टिकटिंग मशीनें पहुंच गई हैं। ई-टिकट मशीनों का सॉफ्टवेयर अपलोड करने के लिए नए कंप्यूटर सिस्टम लगाए गए हैं। इसके अलावा ई-टिकटिंग मशीन कंपनी के दो कर्मचारी भी डिपो के सभी रूटों को ऑनलाइन करने में जुटे हैं, ताकि डिपो के रूटों को जल्द से जल्द एचआरटीसी बेवसाइट पर अपलोड करने का काम पूरा हो सके।

इसके अलावा कंडक्टरों को ई-टिकट मशीनें चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कंडक्टरों को रूटों पर इन्हें चलाने में किसी तरह की परेशानी न हो सके। इसी संदर्भ में डिपो में कंडक्टरों को रोजाना ई-टिकट मशीनों को चलाने के बारे में बताया जा रहा है। इस मशीन की यात्रियों को बसों में जल्द ही सुविधा मिलेगी। ई-टिकट मशीनों का सॉफ्टवेयर अपलोड करने के लिए निगम ने बस अड्डे में नया सिस्टम भी लगा दिया है, लेकिन अभी तक इसे चालू नहीं किया गया है। कंपनी के दो कर्मचारी हमीरपुर डिपो के रूटों को दिन-रात ऑनलाइन करने में लगे हुए हैं, ताकि निगम के सभी रूटों को एचआरटीसी की साइट पर जल्द से जल्द अपलोड किया जा सके। उसके बाद ही ई-टिकट मशीनें को कंडक्टर रूटों पर ले जा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

**ई-टिकटिंग मशीन जल्द ही बसों में होगी उपलब्ध**

> हमीरपुर डिपो में ई-टिकट मशीनें पहुंच गई हैं। कंडक्टरों को मशीनों के चलाने का लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि कंडक्टरों को रूट के दौरान इन्हें ऑपरेट करने में किसी तरह की असुविधा न हो। इसके अलावा डिपो के रूटों को ऑनलाइन करने का काम जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए इस मशीन को जल्दी ही बसों में उपलब्ध करवा दिए जाएगा।
> **-राजकुमार पाठक, उपमंडलीय प्रबंधक, एचआरटीसी, हमीरपुर**

### अपना विकास चाहते हैं बर्खास्त विधायक: निशांत

**हमीरपुर।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता निशांत शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी और जनता को धोखा देने वाले धोखेबाज बर्खास्त विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्रों की जनता के हितों से कोई भी सरोकार नहीं है। ये धोखेबाज नेता केवल अपना विकास चाहते हैं। उन्हें जनता की बिलकुल भी परवाह नहीं है। निशांत शर्मा ने कहा कि ये दगाबाज लोग न तो जनता का दुख-दर्द समझ सकते हैं और न ही किसी राजनीतिक पार्टी के प्रति वफादार हो सकते हैं। यही लोग कुछ माह पहले भाजपा नेताओं तथा उनकी नीतियों को जमकर कोसते थे और आज अपने स्वार्थ के लिए भाजपा की गोद में बैठकर कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय राज्य में राजनीति का स्तर इतना गिराने के बाद भी इन लोगों को शर्म नहीं आ रही है तथा जनता के बीच जाकर अब भी झूठ पर झूठ बोल रहे हैं।

### भोरंज स्कूल में मतदाता टीमों की रिहर्सल आज से

**भरेड़ी।** लोकसभा के चुनावों को लेकर भोरंज विधानसभा क्षेत्र के कर्मचारियों का पहला पूर्वाभ्यास तीन दिनों में 25, 26 व 27 अप्रैल को दो सत्रों में मुख्यमंत्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में होगा। इसके लिए समस्त डीडीओ को कर्मचारियों की ड्यूटी के बारे में सूचित कर दिया गया है। भोरंज के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम संजय स्वरूप ने बताया कि मतदाता टीमों का पहला पूर्वाभ्यास 25, 26 व 27 अप्रैल को दो सत्रों में सुबह दस बजे और दूसरा में दोपहर एक बजे होगा। मतदान प्रक्रिया के लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र से पीआरओ, एपीआरओ व पीओ के लिए करीब 600 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, इसमें 59 महिला कर्मचारी भी शामिल है, जिसमें 25 अप्रैल को 200 कर्मचारियों, 26 को 200 व 26 को भी 200 कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया की रिहर्सल दी जाएगी। सभी कर्मचारियों को पहली रिहर्सल के बारे में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर कर्मचारियों को सूचित कर दिया गया है। इसी तरह दूसरी रिहर्सल 23 मई हो होगी। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र तक 5 महिला बूथ जिसमें 53 भोरंज-एक, 54 भोरंज-दो, 55 भोरंज- तीन, 37 तरक्काडी-एक व 38 तरक्वाडी-दो शामिल है। इसी तरह तीन मॉडल बूथ के रूप में 91 भकेडा, 93 खुथड़ी-दो और 67 भरेड़ी-दो को बनाया गया है।

# मेला ग्राउंड से दुकानें समेटने लगे व्यापारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में जारी होली मेला में दुकानें खाली करने का आज अंतिम दिन है। प्रशासन ने बाकायदा मेला ग्राउंड में दुकानदारों को हिदायत दी है कि वह 25 तारीख तक मेला ग्राउंड को खाली कर दें। आधिकारिक रूप से समाप्त हुए इस मेले को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन मेले में कई दुकानें अभी तक सजी हुई हैं।

प्रशासन ने पहले मेला ग्राउंड को खाली करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल तक निर्धारित की थी, लेकिन दुकानदारों की दलील पर मेला प्रशासन ने इन्हें 25 अप्रैल तक दुकान लगाने की अनुमति दी थी। उधर, दुकानदार भी अब काम न होने के चलते धीरे-धीरे यहां से अन्यत्र जा रहे हैं और कई दुकानदार सामान समेटने में लग गए हैं। प्रशासन द्वारा दुकानदारों को जल्द ही मेला ग्राउंड को खाली करने के लिए कहा जा रहा है।

मंगलवार को सुजानपुर में हुई तेज बारिश के चलते मेला ग्राउंड पूरी तरह पानी से भर गया। जगह-जगह मेला ग्राउंड में पानी इकट्ठा हो गया,



जिससे दलदल बन गया है। बुधवार को मौसम साफ होने के बावजूद मेला ग्राउंड में जगह-जगह पानी इकट्ठा होने से लोगों ने इसमें जाने से गुरेज किया। मेला ग्राउंड में अब लोगों की आमद कम होने से व्यापारी दुकानों समेटने में लग गए हैं।

दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष मेला में काम कम था, जिससे कि उनके खर्चे पूरे होने भी मुश्किल हैं। एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा के अनुसार 25 तारीख तक मेला की अवधि बढ़ाई गई है। प्रशासन के कर्मचारियों को भी मेला ग्राउंड में जाकर दुकानदारों से मेला ग्राउंड को खाली करने को कहा गया है।

### जाति के नाम से पुकारने पर व्यक्ति को छह माह की कैद

**हमीरपुर।** एलडी विशेष न्यायाधीश हमीरपुर विकास भारद्वाज ने आरोपी व्यक्ति बिधि चंद पढ़ठ इंदळ डपं डनस्ठपफ गठंस्ऱ जमयठत, तव्पफ्न भेरंज के देजफठव्रठत। व्ढए छव मव्फ्न। कफक द अबर ङ्क0 व्जठर रुपए जढमठलन। कफ पजा सुनाई है। न्यायाधीश ने एससी, एसटी अधिनियम की धारा 3 (1) (आर) के तहत अपराध के लिए जुर्माना अदा न करने पर छह महीने की कैद और 10 हजार रुपए की सजा सुनाई है। यह दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। पुलिस के अनुसार 21 दिसंबर 2019 को आरोपी ने गांव पीड़ित और उसके परिवार को गाली दी और उसकी जाति से पुकारने पर अपमानित किया। अभियोजन पक्ष ने 18 गवाहों से पूछताछ की। इस मामले की सुनवाई जिला न्यायवादी हमीरपुर संदीप अग्निहोत्री की अगुवाई में की गई।

# प्रदेश सरकार ने युवाओं के साथ किया छल : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने बूथ स्तर पर लोकसभा चुनावों व विधानसभा उपचुनाव को लेकर अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत प्रसार-प्रचार आभियान शुरू कर दिया है। इसी के चलते बुधवार को विभिन्न बूथों पर मीटिंग आयोजित की गईं। सर्वप्रथम रैली, जजरी, फगोटी, लोहारली, चकमोह, कोटला, बाल-ठाकरु आदि बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को एक लाख नौकरी देने की बात की थी जो कि गारंटी झूठी निकली है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के पास बजट नहीं है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में स्वास्थ्य विभाग के पास जहां डॉक्टर हैं, वहां मशीनरी नहीं है। बड़सर के सबसे बड़े अस्पताल की बात की जाए तो न गुणवता पूर्ण संसाधन और न डॉक्टर हैं। मुख्यमंत्री ने बड़सर से एचआरटीसी की लगभग एक दर्जन बसों के रूट डायवर्ट कर दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम उपचुनाव एवं लोकसभा में भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे, साथ में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को भी बड़सर विधानसभा से भारी लीड दिलवाएंगे।



इंद्रदत्त लखनपाल चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ।

**हर्ष** | पहली तीन रात्रि संध्याओं में प्रसिद्ध व स्थानीय कलाकार करेंगे लोगों का मनोरंजन

# ढोल-नगाड़ों की थाप पर जाहू मेवा उत्सव का आगाज

**अनंत ज्ञान, जाहू**

हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी के संगम स्थल जाहू में बुधवार 24 से 30 अप्रैल तक चलने वाले सात दिवसीय मेवा उत्सव का आगाज ढोल-नगाड़ों की थाप पर हुआ। मेवा उत्सव को लेकर स्थानीय पंचायत घर से लेकर उत्सव स्थल तक शोभायात्रा निकाली गई। प्रधान अनुराधा शर्मा ने सर्वप्रथम भूमि पूजन कर तथा झंडा गाड़कर उत्सव का शुभारंभ किया गया।



जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा भूमि पूजन करती हुईं।

इस दौरान मेवा उत्सव परिसर में कृषि बागवानी स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अनुराधा शर्मा ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की धरोहर हैं, इसे सुरक्षित रखना एवं संस्कृति को बचाए रखना हम सबका दायित्व है। उत्सव में लोगों के मनोरंजन के लिए तीन दिन 24 से 26 अप्रैल तक रात्रि सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित होंगी। इनमें तीन प्रसिद्ध गायक ममता भारद्वाज, ईशांत भारद्वाज व काकू राम ठाकुर एवं स्थानीय कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त मेवा उत्सव में प्रतियोगिताओं का भी दिन में आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उपप्रधान चमन लाल, पूर्व प्रधान व बीडीसी चमन लाल काकू, रिंकू जरियाल, वार्ड सदस्य राज कुमारी, सुदेश कुमारी, गीनी कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 11 मई को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**मंडी।** जिला एवं सत्र न्यायालय मंडी परिसर एवं करसोग, गोहर, जोगिंद्रनगर, सुंदरनगर एवं सरकाघाट कोर्ट परिसर में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी की सचिव विवेक कायस्थ ने बताया आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, घरेलु हिंसा विवाद, वैवाहिक विवाद आदि मामलों की सुनवाई कर निपटारा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो मामले न्यायालय में अब तक दायर नहीं हुए हैं, लोक अदालत में उन मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

### संदोआ पाटी में लोगों को समझाया वोट का महत्व

**सरकाघाट।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के संदोआ पाटी में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।इस दौरान एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि 18 वर्ष की अधिक आयु के युवाओं की मतदाता पहचान पत्र बनाने एवं मतदान केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं तथा 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को फॉर्म 12 डी भरने बारे सहित तमाम अन्य जानकारियों से लोगों को अवगत करवाया जा रहा है।

### रेहड़ी लगा यातायात किया बाधित, केस दर्ज

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के धनोटू थाना पुलिस ने सड़क पर गन्ने के जूस की रेहड़ी लगाकर यातायात बाधित करने पर मामला दर्ज किया है। धनोटू थाना पुलिस का एक दल गश्त पर था। धनोटू चौक से थोड़ा आगे ज्ञान चंद निवासी भरजवाणु ने सड़क में गन्ने के जूस की रेहड़ी लगाई थी। सड़क में रेहड़ी लगाने से यातायात बाधित हो रहा था। इस कारण मौके पर जाम की समस्या भी हो रही थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रेहड़ी धारक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी धनोटू गगन कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### युवा कांग्रेस ने जोगिंद्रनगर में किया प्रचार-प्रसार

**जोगिंद्रनगर।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जोगिंद्रनगर बाजार में मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में डोर टू डोर संपर्क साधा। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोगिंद्रनगर बाजार में लोगों को कांग्रेस की गारंटियों के पैंप्लेट भी बांटे। कार्यकर्ताओं ने लोगों से आवाह्न किया कि देश को सुरक्षित व सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। इस दौरान मंडी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तरुण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुनित कुमार, सौरव ठाकुर युवा कांग्रेस अध्यक्ष जोगिंद्रनगर, धीरज सूद प्रदेश प्रवक्ता, डिंपल शर्मा प्रदेश प्रवक्ता, राहुल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### कटेरू में दो गाड़ियों में हुई टक्कर

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के पुलिस थाना बीएसएल कालोनी के तहत कटेरू में आमने-सामने की टक्कर में दो गाडियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। गनीमत यह रही कि हादसे में गाड़ी सवार लोगों को कोई चोट नहीं आई हैं। जानकारी के अनुसार कटेरू में एक टिप्पर सामने से आ रही कार से टकरा गया। टक्कर से कार और टिप्पर को नुकसान हुआ है। दोनों ही वाहनों की स्पीड कम होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। कालोनी थाना प्रभारी मनीष ने बताया कि वाहन चालकों पर लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### एसबीआई कोटली तक नो पार्किंग जोन घोषित

**कोटली।** जिला दंडाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन ने एसडीएम ऑफिस कोटली से मेन चौक कोटली तथा मैन चौक कोटली से एसबीआई कोटली तक 'नो पार्किंग जोन' घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित में जारी की हैं जो कि तुरंत प्रभाव से लागू हो गई हैं। जिला दंडाधिकारी मंडी द्वारा नो पार्किंग जोन घोषित करने से एक माह पहले इसको लेकर प्रारूप अधिसूचना जारी की गई थी। प्रारूप अधिसूचना में इस बारे किसी को कोई आपत्ति होने पर लिखित में आपत्तियां मांगी गई थी। लेकिन निर्धारित अवधि में कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

# एचआरटीसी बस दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचीं 40 सवारियां

## धर्मपुर के मनुधार में पेश आया हादसा, यात्रियों को दूसरी बस से भेजा

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

मंडी जिला के धर्मपुर वाया मनुधार कमलाह ब्रैहल रूट पर जा रही एचआरटीसी धर्मपुर डिपो की बस मनुधार में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस सड़क किनारे नीचे की तरफ को लटक गई। सड़क किनारे पेड़ होने के वजह से बस रुक गई अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बुधवार सुबह सुबह ही अपने गंतव्य की ओर निकली बस में सवार करीब 30 से 40 यात्रियों में अफरा तफरी मच गई।

आनन फानन में स्कूली बच्चों समेत अन्य को चालक की सीट से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर मेकेनिकल स्टॉफ व आरएम धर्मपुर विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उधर, आरएम धर्मपुर विनोद कुमार ने बताया कि बस स्किड होने के चलते जरा सड़क के बाहर निकल गई थी। सभी सवारियां सुरक्षित हैं। यात्रियों को दूसरी बस से भेजा गया था।



धर्मपुर के मनुधार में सरकारी बस सड़क से बाहर

## केपी सिंह ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**मंडी।** भारतीय थल सेना के हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ के अतरिक्त भर्ती महानिदेशक मेजर जनरल केपी सिंह, विशिष्ट सेवा मेडल ने सेना भर्ती कार्यालय मंडी के अंतर्गत आने वाले जिलों में आयोजित की जा रही अग्रिवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कुल्लू जिले के परीक्षा केंद्र राज इन्फ्राटेक, भारत इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, आईटीइएस फैशन वर्ल्ड तथा मंडी जिले के विजय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट और विजय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन परीक्षा केंद्रों पर होने वाली ऑनलाइन परीक्षा का निरीक्षण किया। यह ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से ली जा रही है।

# घर की गलियों में भवन निर्माण सामग्री रखने पर काटे चालान



मंडी शहर की गलियों में निरीक्षण करते हुए नगर निगम टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर की गलियों में लोगों के द्वारा भवन सामग्री पैलेस में लंबे समय से रखी गई थी जिससे राहगीरों को भारी परेशानी पेश आ रही थी।

इस समस्या की बहुत सी शिकायतें नगर निगम को लोगों द्वारा दी गई जिस पर नगर निगम की टीम ने बुधवार को शहर की गलियों में गश्त के दौरान लोगों द्वारा भवन निर्माण सामग्री अपने घर के बाहर गलियों में रखा था उन पर नगर निगम द्वारा त्वरित कार्यवाही करके पैलेस में अन्नपूर्णा बेकरी व एक घोड़े वाले का रास्ते पर रेत, बजरी, गोबर गलियों में फैलाने पर चेतावनी सहित मौके पर चालान किए गए। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि लोग अपने घरों के बाहर तंग गलियों में भवन निर्माण सामग्री ज्यादा समय तक न रखें जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# पीओ सेल मंडी ने उद्घोषित आरोपी को उत्तराखंड से किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने एक उदघोषित आरोपी को उत्तराखंड के ऋषिकेश के नए रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ न्यायिक परिसर सुंदरनगर में आईपीसी की धारा 279,337 और 338 के तहत लापरवाही से वाहन चलाकर घायल करने का मामला विचाराधीन था। जहां न्यायालय द्वारा आरोपी को लगातार गैर हाजिर रहने पर उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया गया था। इस पर पीओ सेल टीम ने आरोपी को अब गिरफ्तार कर लिया है। पीओ सेल टीम ने आरोपी को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना सुंदरनगर के हवाले कर दिया गया है।

आरोपी की शिनाख्त राजू सिंह राणा पुत्र राम सिंह राणा गाऔव बड़खोला डाकघर तल्ला रामगढ़ तहसील मुक्तेश्वर जिला नैनीताल उत्तराखंड के तौर पर हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सुंदरनगर में लापरवाही से वाहन चलाकर घायल करने का मामला दर्ज किया गया था। वहीं आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। मामला न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 के समक्ष विचाराधीन था।

ट्रायल के दौरान आरोपी न्यायालय से लगातार गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 6 नवंबर 2023 को उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया गया। इसके उपरांत पुलिस टीम द्वारा आरोपी की धरपकड़ को लेकर विभिन्न जगहों पर दबिश दी गई। लेकिन आरोपी बार-बार पुलिस टीम को चकमा देकर भाग जाता था। इस पर पीओ सेल मंडी टीम एचएचसी मोहिंद्र सैनी व रवि कुमार, कांस्टेबल विवेक भंगालिया और एलएचसी दिनेश चौधरी की टीम ने आरोपी के ऋषिकेश में मौजूद होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस द्वारा आरोपी को ऋषिकेश के नए रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है।

मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पीओ सेल टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को पुलिस थाना सुंदरनगर के हवाले कर दिया है।

# पहले चुनावी पूर्वाभ्यास में जिले के 4577 कर्मियों को दी ईवीएम व वीवीपैट ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान टीम, मंडी**

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंडी जिले में निर्वाचन की तैयारियों को लेकर कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र, करसोग, सरकाघाट, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर और द्रंग विधानसभा क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल हुई। इस दौरान जिले के कुल 4577 चुनाव कर्मियों को ईवीएम और वीवीपैट को लेकर ट्रेनिंग दी गई। दूसरी चुनावी रिहर्सल आगामी 22 मई को आयोजित की जाएगी।

सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र से चयनित 817 पोलिंग ऑफिसर्स को बल्लभ महाविद्यालय मंडी के परीक्षा हॉल में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर की मौजूदगी में पहली रिहर्सल का आयोजन किया गया। मंडी विधानसभा के दो पोलिंग बूथ केवल महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। रिहर्सल में निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में पार्टी बूथ लगाने पर प्रतिबंध होगा और मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार पर प्रतिबंध है।



जोगिंद्रनगर में चुनावी रिहर्सल करते कर्मचारी।

**सुंदरनगर।** बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर के सभागार में आयोजित पहली चुनावी रिहर्सल में 502 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने उपस्थित मतदान कर्मियों को तमाम मतदान प्रक्रिया की जानकारी पॉवर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। मतदान कर्मियों को ईवीएम के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पहली चुनावी रिहर्सल का दूसरा चरण 25 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

**पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों का पहला चुनावी पूर्वाभ्यास द्रंग कॉलेज स्थित नारला में हुआ। इसमें द्रंग विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले लगभग लगभग 1 हजार मतदान कर्मियों ने भाग लिया। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कर्मचारियों को निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से निर्वाचन कार्य संपन्न करवाने के लिए अपने दायित्व को पूरी गंभीरता से निभाने को कहा।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें, 922 मतदान कर्मियों तथा 12 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया।

**सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों का पहला चुनावी पूर्वाभ्यासरविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में हुआ। इसमें 736 मतदान कर्मियों ने भाग लिया।

**करसोग।** राजकीय महाविद्यालय करसोग में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में प्रथम चुनावी रिहर्सल का आयोजन किया गया। प्रथम चुनावी रिहर्सल में 588 पीआरओ, एपीआरओ और पीओ ने भाग लिया।

# संत निरंकारी मिशन के कैंप में 200 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

संत निरंकारी जोन मंडी ने शाखा डडौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जोनल इंचार्ज आरके अभिलाषी द्वारा किया गया। शिविर में 200 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

इस दौरान आरके अभिलाषी ने कहा कि संत निरंकारी मिशन पूरी तरह मानवता को समर्पित मिशन है और सामाजिक उत्थान के कार्यों में निरंतर अपना योगदान दिए जा रहा है। रक्तदान महादान है, इससे कई इंसानी जिंदगियां बचाई जा सकती है।

निरंकारी जगत के सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने कहा था कि रक्त नालियों में नहीं, इंसान की नसों में बहाना चाहिए, उनके द्वारा सन 1986 से शुरू रक्तदान की इस मुहिम एवं महा अभियान में अब तक 13 लाख 32 हजार के लगभग यूनिट रक्त मानव मात्र की भलाई के लिए दिया जा चुका है।



रक्तदान करते हुए रक्तदाता।

# चुनाव में जनता कांग्रेस के साथ भाजपा को धूल चटाएगी : सन्नी ईपन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस मंडी के मीडिया प्रभारी व महासचिव सन्नी ईपन ने कहा कि प्रदेश में आपदा से निपटने और पिछली सरकार द्वारा 80 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर्जा छोड़ने के बावजूद मुख्यमंत्री सुखविद्र सिंह सुक्खू ने गारंटियों को पूरा करने का जो साहस दिखाया है वह काबिले तारीफ है।



सन्नी ईपन ने कहा कि ओपीएस, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना और सभी सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम शुरू करने का निर्णय लिया है। आम जनता से जुड़े मुद्दों को हल करने की दिशा में मुख्यमंत्री के सराहनीय प्रयासों के चलते ही जनता कांग्रेस सरकार को अपना समर्थन देगी और भाजपा को धूल चटाएगी। सन्नी ईपन ने कहा कि प्रदेश में जिस समय आपदा आई थी उस समय भाजपा सरकार को गिराने के षड्यंत्र रच रही थी।

# भाजपा भ्रष्टाचारियों की सबसे बड़ी शरणस्थली : किसान सभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के कॉमरेड ताराचंद भवन में किसान सभा की बैठक में फैसला लिया गया कि भाजपा की मोदी सरकार के 10 वर्षों के कुशासन और विशेषकर किसान विरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए किसान सभा के कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे।

सभा के जिला अध्यक्ष कुशाल भारद्वाज तथा सचिव रामजी दास ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आज तक की सबसे भ्रष्ट सरकार साबित हुई है। भाजपा सरकार ने चुनावी बांड के जरिय भ्रष्टाचार को संस्थागत और वैधानिक दर्जा दिया और फिर देश में गलत तरीके से ठेके दिए, सरकारी संपत्तियां बेची और जमकर रिश्वत खाई। ईडी, सीबीआई का डर दिखाकर पैसा एंठा गया।



बैठक में भाग लेते किसान सभा के सदस्य।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से उजागर हुए एलेक्टोरल बांड घोटाले की परतें खुलने के बाद भाजपा और मोदी का पूरा नकाब उतर गया और इनकी बेईमानी देश के सामने उजागर हो गई। जिन विपक्षी नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे उनको भाजपा में शामिल कर उनके मुकदमे वापस हो गए। इस तरह भ्रष्टाचारियों की सबसे बड़ी शरणस्थली भाजपा बन गई है। 10 साल के इनके कुशासन में बेतहाशा बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। मजदूरों, किसानों के खिलाफ काले कानून लाए गए हैं।

## पिपलु में युवक से मारपीट पुलिस थाना धनोटू में केस दर्ज

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू के तहत भौर निवासी युवक ने चच्योट के एक अन्य युवक पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में भौर गांव के जगन नायक ने बताया कि वह बीते मंगलवार को चैलचौक गया था। दिन में जब वह वापस आ रहा था कि चच्योट निवासी विक्की नाम युवक ने पिपलु के पास उसका रास्ता रोकर उसके साथ मारपीट की है। मारपीट की इस घटना में उसके बाजू पर चोट आई है। इसके बाद युवक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। थाना प्रभारी गगन कुमार ने बताया कि युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हिमाचल में डकैती से बनानी चाही सरकार, नहीं भूली जनता : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में चुनावी सरगर्मियां परवान चढ़ने लगी हैं। हालांकि अभी तक कांग्रेस की ओर से किसी तरह का कोई प्रचार अभियान नहीं चलाया गया है, लेकिन बुधवार को कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने प्रेस वार्ता कर भाजपा पर निशाना तीखे शब्दवाण छोड़े।

प्रेम कौशल ने कहा कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार डकैती से सरकार बनाने की कोशिश की गई है। हिमाचल के लोग इन सब बातों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस ने जनमत से सरकार बनाई थी न कि डकैती कर बनाई। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत में बेटी की तरह है, वह अभी अभी राजनीति में आई है उनका स्वागत है, लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य और भाजपा उम्मीदवार में तुलना नहीं की जा सकती है। कोई कैबिनेट मंत्री होते हुए लोकसभा चुनाव मैदान में उतरे यह बहुत कम देखने को मिलता है। यह मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों के प्यार का विश्वास है, जो विक्रमादित्य ने हाईकमान के आदेश पर चुनाव लड़ने के लिए हां कह दी।

## चक्कर में शांति मदन अस्पताल की सेवाएं शुरू

**मंडी।** चक्कर में शांति मदन अस्पताल ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दी हैं। अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर विनसेंट ने बताया कि इस अस्पताल में रोगी को हर तरह की सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही दवाइयों, लैब और अन्य सेवाओं में रोगियों को डिस्काउंट दिया जाएगा, ताकि प्रत्येक व्यक्ति स्वास्थ्य का लाभ ले सके।

डॉक्टर विनसेंट ने कहा कि लोग खर्चे के डर से स्वास्थ्य लाभ नहीं ले पाते हैं, लेकिन मरीज बिना किसी हिचकिचाहट के शांति मदन अस्पताल में रियायत दरों पर अपना इलाज करवा सकते हैं।

# एचएचई के चिकित्सकों ने सराज के पंजाई में लगाया निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमालयन हेल्थ एक्सचेंज (एचएचई) के विदेशी चिकित्सकों और हिमाचल डैंटल कॉलेज सुंदरनगर के चिकित्सकों ने बुधवार को सराज के दुर्गम क्षेत्र पंजाई में एक विशेष निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए सभी ग्रामीणों के दांतों की जांच की गई तथा वहीं पर उपस्थित डेंटल वैन में डेंटल उपचार भी किया गया।

शिविर में आए सभी ग्रामीणों के दांतों की जांच की गई तथा वहीं पर उपस्थित डेंटल वैन में डेंटल उपचार भी किया गया। इस शिविर में सभी ग्रामीणों को हेल्थ एजुकेशन के माध्यम से सही प्रकार से टूथब्रश करना, फ्लॉसं का इस्तेमाल और माउथवाश के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई।



निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर के दौरान सामूहिक चित्र में दंत चिकित्सक।

शिविर का आयोजन डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल, प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया तथा दंत चिकित्सकों में डॉ. साहिल ठक्कर, डॉ. रमेश रानी, डॉ. साहिल नेगी, डॉ. आयुषि सिंगला, डॉ. दीपक, डॉ. देबोऋषि, डॉ. हरमेहर, डॉ. हरकीरत, डॉ. आरुषि, डॉ. शुभम, डॉ. शिवानी, द्रोपति और सेवक राम मौजूद रहे। इस अवसर पर एचएचई की ओर से रवि सिंह के साथ साथ डॉ. टेरी, डॉ. एमी तथा डॉ. जूली उपस्थित रहे।

**हल्ला बोल** विश्वकर्मा मंदिर परिसर में बैठक के दौरान गर्जे मंडी डिवीजन के सेवानिवृत्त परिवहन कर्मी

# प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मियों को नहीं दी फूटी कौड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी डिवीजन के सेवानिवृत्त परिवहन कर्मचारियों की बैठक का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर परिसर में किया गया। बैठक में लगभग 200 कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस दौरान हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल ठाकुर ने कहा कि इस बैठक को करने का उद्देश्य सरकार द्वारा निगम के 8 हजार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय और पक्षपात करने के विरुद्ध मोर्चा खोलना है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से सवाल करते हुए कहा कि निगम के 8 हजार कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से एरियर की किस्त क्यों नहीं आ रही है यह स्पष्ट करें।

उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के समय में जारी परिवहन कर्मचारियों कि 50 हजार की किस्त क्यों नहीं दी जा रही है। साथ ही आयु के आधार पर जो किश्त दी जानी थी वह भी अभी तक लंबित पड़ी है और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। 1 जनवरी 2016 और उसके पहले और बाद हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सा बिल अदायगी की भी फूटी कौड़ी भी कर्मचारियों को नहीं दी गई। सेवानिवृत्त परिवहन कर्मचारी अस्पतालों में लाखों रुपए खर्च कर चुके हैं, लेकिन सरकार इस बात का जवाब दे कि अभी तक उक्त बिलों का भुगतान क्यों नहीं किया गया।



बैठक के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल ठाकुर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।

- पूछा- पूर्व सरकार के समय दी गई 50 हजार की किस्त अभी तक क्यों नहीं मिली
- मई या जून माह में नहीं किया फैसला तो वर्तमान सरकार के खिलाफ करेंगे वोट

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन कोई भी एरियर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं दे रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि निगम प्रबंधन करोड़ों रुपए हाईकोर्ट में वकीलों पर खर्च कर रहा है उस पैसे को बचाकर निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी जो जिंदगी के आखिरी पड़ाव पर है उन्हें भी सुख की नींद सोने दे और जो कर्मचारियों की खून पसीने की कमाई है उसका भुगतान यदि सरकार समय रहते नहीं करती है तो मई या जून महीने में भुगतान नहीं करती है तो परिवहन से सेवानिवृत्त हजारों कर्मचारी वर्तमान सरकार के खिलाफ मतदान करेंगी।



## न्यूज ब्रीफ

### दो युवकों से 12.13 ग्राम चिट्टा बरामद

**ऊना।** पुलिस थाना मैहतपुर के अंतर्गत भटोली में पुलिस ने कार सवार दो युवकों को चिट्टे के साथ काबू किया है। आरोपियों की पहचान तुषार चंद्र निवासी भोरंज जिला हमीरपुर व निखिल निवासी बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस की टीम भटोली बैरियर पर गाड़ियों की चैकिंग कर रही थी। इस दौरान एक मारुति कार को पुलिस ने रोका। चालक ने जैसे ही दस्तावेज निकालने के लिए गाड़ी का डैशबोर्ड खोला, तो कागजात के साथ एक पॉलीथिन का लिफाफा साथ बैठे व्यक्ति के पांव के पास गिरा। चेक करने पर 12.13 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। एसपी राकेश सिंह ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### रील प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित



नशामुक्त अभियान के तहत रील प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ आयोजक।

**ऊना।** नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत चलाए गए रील प्रतियोगिता अभियान के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को एडीसी महेंद्रपाल गुर्जर ने पुरस्कार वितरित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दौलतपुर कालेज के सौरभ ताखी ने हसिल किया, जिन्हें ट्रॉफी व 1200 रुपए का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि दूसरे स्थान हासिल करने वाले बीटन कॉलेज के विद्यार्थियों को ट्रॉफी व 800 रुपए तथा तृतीय स्थान पाने पर आईटीआई भद्रकाली के प्रशिक्षुओं को ट्रॉफी व 600 रुपए की राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त चौथा व पांचवां स्थान हासिल करने पर न्यू ऐंजल आईटीआई पेखूवेला व ट्रिप्पल आईटी सलोह को क्रमशः 500-500 रुपए की धनराशि प्रदान की गई। गौरतलब है कि ऊना के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने रील के माध्यम से नशामुक्ति पर आकर्षक व प्रेरणादायक रीलें प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर सीपीओ संजय सांख्यान सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### गिंदपुर मलौन और घंघरेट में बताया वोट का महत्व



गिंदपुर मलौन और घंघरेट में मतदान के प्रति जागरूक करते छात्र

**ऊना।** लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा उपचुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने और पात्र नए युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए जिला के विभिन्न जगहों पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। इसी कड़ी में आज चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गिंदपुर मलौन और घंघरेट में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने लोगों को उनके वोट के महत्व बारे अवगत करवाया और चुनावों में बढ़-चढ़कर अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। कलाकारों ने लोगों को बताया कि मतदान वाले दिन वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए मतदान केंद्र पर विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी, ताकि उन्हें वोट डालने के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा जानकारी दी कि 1 अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना वोट 4 मई, 2024 तक बूथ लेबल अधिकारी से बनवा सकते हैं, अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# मंडली-लठियानी पुल को लेकर दो दलों में श्रेय लेने की रही होड़

## दशकों से चुनावी मुद्दा बनता आ रहा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का मंडली से लठियाणी के बीच प्रस्तावित पुल

**राजेश शर्मा, ऊना**

दशकों से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में मंदली से लठियाणी के बीच प्रस्तावित पुल चुनावी मुद्दा बनता आ रहा है। इस दफा भी यह मुद्दा बन चुका है, लेकिन इस दफा सियासत भी चरम पर है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की ओर से इस पुल का वर्चुअल शिलान्यास कर दिया गया है। इसमें राज्य की ओर से लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी उस कार्यक्रम में मौजूद रहे थे, ऐसे में अब यह पुल राज्य और केंद्र के दोनों के संयुक्त प्रयास से सिरे चढ़ने वाला है, जिसकी संभावनाएं भी बन चुकी हैं।

इस पुल के शिलान्यास के तुरंत बाद कुटलैहड़ की सियासत में भी अच्छा खास उबाल आया था। स्थानीय भाजपा नेताओं की ओर से इस परियोजना को लेकर वाहवाही लूटने का प्रयास भी किया गया। मंदली से लठियाणी के बीच पुल को लेकर करीब तीन दशकों से राजनीति होती आ रही है। इसमें केंद्र का चुनाव हो अथवा राज्य का चुनाव हो, दोनों परिस्थितियों में यह पुल करीब चालीस हजार मतदाताओं की मुख्य डिमांड होती है, जिनको साधने का प्रयास भी आश्वासन देकर होते रहे हैं।

भले ही राजनीतिक लाभ कोई भी खास नहीं ले पाया हो, लेकिन अब जरूर संभावनाएं बन चुकी हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री द्वारा बजट का प्रावधान भी कराया गया है, ऐसे में अब इस योजना पर काम भी शुरू हो चुका है। उधर, राज्य सरकार ने भी दावा किया है कि धरातल पर योजना को मूर्त रूप देने के लिए उनके लोनिवि का अहम योगदान रहा है।

यहां जमीन उपलब्ध कराने से लेकर जो हिस्सा राज्य सरकार का बनता है, उसे देने की सहमति दी गई है। इस चुनाव में यकीनन यह मुद्दा भी हावी रहने वाला है, लेकिन दोनों प्रमुख दलों का दावा एक जैसा है। ऐसे में इस मुद्दे को लेकर लोगों को प्रभावित करने में कौन दल कामयाब होता है, यह चुनाव के नजदीक का माहौल बताएगा। इस क्षेत्र में विधानसभा का उपचुनाव भी है, ऐसे में इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ कोई भी मुद्दा चुनाव नतीजों को प्रभावित जरूर करेगा। (अनंत ज्ञान)

### पुल से करीब 40 हजार लोगों को होगा फायदा

**मंदली** से लठियाणी पुल के निर्माण से करीब चालीस हजार मतदाताओं को सीधा लाभ भी पहुंचेगा। कुटलैहड़ के दो हिस्से गोविंदसागर झील के कारण बंट गए हैं। उनकी दूरी तो कम होगी ही, साथ में बिलासपुर और हमीरपुर जैसे क्षेत्रों के लोगों को भी पंजाब के शहरों में जाने के लिए यह मार्ग सुगम होगा। भाखड़ा बांध विस्थापित परिवारों की संख्या भी इस क्षेत्र में अच्छी खासी है और उनकी भी यह चिरकाल से मांग चली आ रही थी।

# अमनदीप के शतक से कुल्लू मजबूत हमीरपुर को मिला 170 रन का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अंडर-16 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला कुल्लू और हमीरपुर के बीच शुरू हुआ था। इसमें कुल्लू की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 136 रन बनाए थे। हमीरपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 166 रन बनाए थे। हमीरपुर ने पहली पारी में 30 रन की बढ़त बनाई थी।



दूसरी पारी में कुल्लू की टीम ने पहली पारी से शानदार प्रदर्शन करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 10 विकेट खोकर 199 रन बनाए। पीयूष ठाकुर ने 15, दीपांश ने 12 रन बनाए। अमनदीप ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया और 124 नाबाद रनों का योगदान दिया। अमनदीप ठाकुर ने 13 चौके लगाए और चार सिक्स लगाए। हमीरपुर के ओम महादेव ने 4, कृष्ण कुमार ने 2, साहिल कुमार ने 2 और अक्षत शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। हमीरपुर को 170 रन का लक्ष्य मिला।

### कांगड़ा की टीम मजबूत स्थिति में पहुंची

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में तीन दिवसीस सेमीफाइनल मुकाबला कांगड़ा और शिमला के बीच आरंभ हुआ था। इसमें कांगड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 210 रन बनाए थे। शिमला की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 106 रन बनाए। कांगड़ा के रिधाननंदा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। कांगड़ा की टीम ने पहली पारी में 104 रन की शानदार बढ़त बनाई है। कांगड़ा की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 101 रन बना लिए हैं। अर्जुन पठानिया 45 रन बनाकर जबकि आदिल राणा 52 रन बनाकर खेल रहे हैं।

# मौसम के साथ किसानों को पड़ी मजदूरी की दोहरी मार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

> किसानों ने दिहाड़ी को लेकर प्रशासन से की दखल देने की मांग

मौसम की मार झेल चुके किसानों पर अब महंगाई की दोहरी मार पड़ने लगी है। जो लोग मशीन से गेहूं की फसल कटवाते आ रहे थे, उनको भी दिहाड़ी मजदूरी देकर फसल की कटाई करवानी पड़ रही है। तूफान के कारण गेहूं की फसल का काफी हिस्सा जमीन में बिछ गया है। अब मजदूरी करने वाले बाहरी राज्यों के लोगों ने फसल सीजन में डिमांड देख अपनी दिहाड़ी का दाम भी दोगुना कर दिया है। इस बीच रोजाना सुबह अब किसानों और मजदूरों में झड़प हो रही है। बुधवार को भी ऊना जिला मुख्यालय के चंडीगढ़-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर स्थित एमसी पार्क के समीप उस वक्त बड़ा हंगामा हो गया, जब गेहूं की फसल कटाई को लेकर किसानों और मजदूरों के बीच तनातनी बढ़ गई।

गेहूं की कटाई के लिए मजदूर लेने पहुंचे किसानों के पैरों तले उस वक्त जमीन खिसक गई, जब मजदूरों ने दिहाड़ी 800 से 900 रुपए तक बताई। हालांकि फसल कटाई के लिए ठेका करने पर भी मजदूरों के बेतहाशा रेट किसानों के गले नहीं उतर पाए। मोलभाव करने के चक्कर में दोनों ही पक्षों के बीच तनातनी हो गई, जिसके बाद किसान आग बबूला हो गए और उन्होंने एमसी पार्क के बाहर से मजदूरों को खदेड़ना शुरू कर दिया।

किसानों का कहना है कि गेहूं फसल की कटाई के सीजन में मजदूरों द्वारा हमेशा मनमानी दिहाड़ी मांगी जाती है। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल कटाई के लिए मांगे जाने वाले पैसे चुकाना किसानों के भी बस में नहीं है। किसानों ने जिला प्रशासन से मामले में दखल देने की मांग की। इस मामले को प्राथमिकता से लेते हुए जिला प्रशासन फसल कटाई के लिए दिहाड़ी मजदूरी तय करें, ताकि किसानों की कड़ी मेहनत को बर्बाद होने से बचाया जा सके और मजदूरी के नाम पर किसानों के साथ हो रही लूट को भी रोका जा सके। उधर, पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### अंब के दो पुलिस कर्मी आज शिमला में होंगे सम्मानित

**अंब।** अंब के थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज और हैड कांस्टेबल मनोज कुमार को रोड सेफ्टी अवार्ड सेरेमनी में सम्मानित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा को लेकर बेहतर काम करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विभाग की तरफ से वीरवार को पुलिस हैडक्वार्टर शिमला में सुबह साढ़े ग्यारह बजे एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजीव प्रताप शुक्ल इन कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। प्रदेश के कुल 25 लोगों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसमें अंब के थान प्रभारी गौरव भारद्वाज और ट्रैफिक पुलिस में तैनात हैड कांस्टेबल मनोज कुमार का नाम सम्मिलित है।



थाना प्रभारी अंब गौरव भारद्वाज

# चुनावी ड्यूटी को गंभीरता से करें : एडीसी

## चुनावी प्रक्रिया से संबंधित एसेंबली मास्टर ट्रेनरों के लिए वर्कशॉप का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव और दो विधानसभा उपचुनावों के मद्देनजर डीआरडीए हॉल में 35 एसेंबली मास्टर ट्रेनरों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला लगाई गई। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने की। एडीसी ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को गंभीरता से लें तथा इस दौरान अपनी सभी शंकाओं को स्पष्ट कर लें।

एडीसी ने कहा कि चुनावों को पूर्ण स्वच्छ, निष्ठा एवं शांतिपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में अधिकारी व कर्मचारी अहम रोल अदा करते हैं। प्रत्येक बार चुनावों में कुछ नए नियम व दिशा-निर्देश लागू होते हैं, इसलिए ऐसे अधिकारी व कर्मचारी जिन्होंने पूर्व में अनेक बार चुनाव संबंधी ड्यूटी में हिस्सा लिया है, उन्हें भी इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में दी जा रही प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने व समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का एक सशक्त लोकतांत्रिक देश है तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव इसकी उन्नति का मूल आधार है।

उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी ड्यूटी किसी भी व्यक्ति का देश व लोकतंत्र प्रति सर्वोच्च एवं महत्वपूर्ण कर्तव्य है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति चुनावी ड्यूटी को संपूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान एसैंबली मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम, छंटनी, मॉक पोल, वीवीपैट, वीयू व सीयू के संचालन व तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाई गई, ताकि बेहतर तरीके से चुनावों को पूर्ण करवाया जा सके। इस अवसर तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक करते निर्वाचन विभाग के कर्मचारी।

### 377 पोलिंग बूथों की वेबकास्टिंग के जरिए निगरानी

महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि जिला में मतदान के लिए 516 पोलिंग बूथों बनाए गए हैं, जिनमें से 377 पोलिंग बूथों पर वेबकास्टिंग की जा रही है। इसके अलावा पोलिंग बूथों पर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताएं, एनएसएस व एनसीसी के वॉलंटियर्स तैनात रहेंगे, ताकि उन्हें अपना मत डालने के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बंगाणा कॉलेज में एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रों को और हिंदी विषय के प्रोफेसर कुलदीप सिंह राठौर को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। हिंदी विषय के प्रोफेसर कुलदीप सिंह राठौर ने बताया कि नवंबर, दिसंबर माह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा ली गई थी, जिसमें हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने कड़ी मेहनत किया परिणामस्वरूप हिंदी विषय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

इसमें प्रथम स्थान आकांक्षा ने, द्वितीय स्थान बेबी ने और तृतीय स्थान अंजना देवी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रोफेसर रेखा शर्मा, प्रोफेसर किरण कुमारी, प्रोफेसर नंद लाल और प्रोफेसर निकिता गुप्ता मौजूद रहे।



प्राचार्य के साथ छात्र जिनका परीक्षा परिणाम शानदार रहा।

# एक और झूठी गारंटी लेकर घूमने लगे सीएम : कटवाल

## राज्य में 22 लाख महिलाएं, हर महिला का राज्य सरकार पर 24 हजार का कर्ज : संजीव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू चुनावी समय में हर मंच से महिलाओं को 1500 रुपए देने की जो बात कर रहे हैं, पहले मुख्यमंत्री बताएं कि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में अपनी पहली गारंटी महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए देने की याद क्यों नहीं आई। अब जब डेढ़ वर्ष में लोकसभा चुनावों की घोषणा हुई, तो फिर एक बार अपनी झूठी गारंटियों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मैदान में उतरे हैं, लेकिन अब झूठ के सहारे से सत्ता हासिल नहीं होगी।

ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी संजीव कटवाल ने बंगाणा में मीडिया से कहे। कटवाल ने कहा कि राज्य में 22 लाख से ज्यादा 18 वर्ष से ऊपर महिलाएं हैं और राज्य की हर महिला के 24 हजार रुपए बनते हैं, ऐसे में राज्य की 22 लाख महिलाओं के अब तक राज्य सरकार के पास करोड़ो रुपए की देनदारी हो चुकी है। राज्य सरकार के पास कर्मचारियों को देने के लिए पैसे नहीं हैं, तो वह महिलाओं को कहा से पैसे देंगे। यह सबसे बड़ा प्रश्न है।

कटवाल ने कहा कि बीते विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र में राज्य की हर महिला को 1500 रुपए प्रति माह देने की बात थी, लेकिन सत्ता की कुर्सी मिलने के बाद सरकार के सुर ही बदल गए और राज्य सरकार की 1500 रुपए प्रति माह की घोषणा से राज्य में हर घर में लड़ाई शुरू हो गई।

मुख्यमंत्री महोदय की याद्दाशत भी कम हो चुकी है, क्योंकि मुख्यमंत्री बयान दे रहे हैं कि भाजपा मिशन 400 पार केसे करेगी। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री सुक्खू को बताते हैं कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन 272 की अपील की थी और देश की जनता ने 282 सीटें यानी पूर्ण बहुमत दिया था। 2019 में मिशन 300 का नारा दिया था और देश की जनता ने 303 सीटें देकर मिशन कामयाब किया था। इस बार मिशन 400 पार का नारा दिया है और जनता इस मिशन को पूरा करने के लिए तैयार बैठी है।

राज्य की चारों लोकसभा सीटों पर पांच लाख की बढ़त से भाजपा जीतेगी और साथ में राज्य में हो रहे उपचुनाव भी भाजपा बड़ी बढ़त से जीतेगी और राज्य में भने कहा कि केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर इतिहास रचेगी और हिमाचल में भाजपा सरकार बनाकर विकास को गति प्रदान करेगी।



संजीव कटवाल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ।

# श्री सत्य साई बाबा के आराधना दिवस पर की जरूरतमंदों की सहायता



जरूरतमंद लोगों का सहयोग करते श्री सत्य साईं सेवा समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

श्री सत्य साई बाबा के आराधना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को ऊना में सेवा प्रकल्प से जरूरतमंद लोगों का सहयोग किया गया। श्री सत्य साई सेवा समिति ऊना द्वारा रक्कड़ कॉलोनी और जलग्रां में झुग्गी निवासियों को 27 किट राशन की वितरित की गई।

इसके अलावा हाल ही में जलग्रां में झुग्गियों के निवासियों को कपड़े भी भेंट किए गए।

### औद्योगिक खतरों पर कार्यशाला 29 को

**ऊना।** ओद्यौगिक खतरों व ओद्यौगिक प्रबंधन योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला 29 अप्रैल को हरोली के राजीव गांधी सुविधा केंद्र बाथू में आयोजित की जा रही है जिसकी अध्यक्षता जिला आपदा प्रबंधन के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल करेंगे। कार्यशाला पांच सत्रों में आयोजित होगी।

**कार्यक्रम** | दो जून को पजैन गांव में होगा विशाल धार्मिक सम्मेलन, सात जून को होगी झंडा रस्म

# झंडा रस्म पर दुल्हन की तरह सजेगा बाबा पहाड़िया मंदिर

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा ही नहीं, बल्कि उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जहां पर लाखों भक्ति की आस्था बनी हुई है। उस उपमंडल बंगाणा के थानाकलां के बाबा पहाड़िया मंदिर गांव पंजैन थाना खास जहां पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो जून से सात जून तक विशाल धार्मिक सम्मेलन होने जा रहा हैं। उस विशाल धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां जोरो पर शुरू हो चुकी हैं। सालाना विशाल धार्मिक समागम में मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में आने वाले भक्तों के लिए खाने ठहरने एवं खाने की विशेष व्यवस्था होगी, ताकि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बता दें कि यूं तो मंदिर परिसर में होने वाले छह दिवसीय विशाल काय धार्मिक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कमेटियां गठित की जाती हैं, लेकिन बाबा पहाड़िया मंदिर गांव पंजैंन थानाखास के गद्दीनशीन प्रमुख सेवादार अशोक कुमार खुद कमान संभालते हैं, क्योंकि हर वर्ष इस विशाल धार्मिक समागम में दूर दूर से हजारों की संख्या में भक्त मंदिर आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। बाबा अशोक कुमार जी की यह सोच रहती है कि मंदिर परिसर में आने वाले हर श्रद्धालु को पूरी सुविधा मिले और कोई समस्या न उत्पन्न न हो।

वहीं, मंदिर परिसर की साफ-सफाई और भवन निर्माण का कार्य जोरों पर चला हुआ है। भक्तों के कथन के अनुसार बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन थाना खास बड़ा और सच्चा धार्मिक स्थल है। बाबा अशोक कुमार जो कि गद्दीनशीन है, वह हर भक्त को बराबर का दर्जा देते हैं और हर भक्त से प्यार से बात करते हैं। दिन हो या रात सुबह हो या शाम हर समय भक्तों का तांता मंदिर परिसर में लगा रहता है।

**मेरा काम सेवा करना :** प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार जी ने कहा कि हमारा दायित्व मंदिर परिसर में सेवा करना है और बीते 37 सालों से कर भी रहा हूं। हमारे हाथ कुछ नहीं है। जो बाबा जी का आदेश होता है, वह ही हम करते हैं। मंदिर परिसर हो या बाबा जी का तीन मंजिला भवन।

जहां मंदिर बना है, ये सब बाबा जी खुद खड़े होकर करवाते आए हैं, क्योंकि मंदिर के विकास के लिए हमने न तो किसी से धन की मांग की है और न ही कोई पर्ची काटी है। हमारे पास जो कुछ आता है। मंदिर की सेवा में समर्पित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा काम केवल सेवा करना है। (अनंत ज्ञान)



बाबा पहाड़िया मंदिर में महंत जी से प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

### दो और तीन जून को होगी शोभायात्रा

बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैंन के गद्दीनशीन प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार से जब इस संबंध में बात की गई तो बताया कि वार्षिक धार्मिक सम्मेलन के तहत दो और तीन जून को शोभायात्रा का आयोजन होगा। चार, पांच और छह जून को धार्मिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं, सात जून को सुबह दस बजे झंडा रस्म अदा की जाएगी। उसके बाद बाबा जी की महिमा का गुणगान होगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सात जून को झंडा रस्म अदा की जाती है और खुद बाबा जी के आदेश से वर्षों पुरानी रिवायत चली आ रही है।

# सीएम विधायकों की नहीं सुनते, उस सरकार से जनता को क्या होगी आस : देवेंद्र भुट्टो



जन संपर्क अभियान के दौरान देवेंद्र भुट्टो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ, साथ हैं गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

मुख्यमंत्री 14 माह में जनता के साथ तो क्या, अपने विधायकों से मिलने का समय नहीं देते थे, लेकिन जब से राज्यसभा चुनाव में राज्य सरकार की हार हुई है, तब से मुख्यमंत्री महोदय को यह पता चला है कि सरकार वन मैन आर्मी बनकर नहीं, बल्कि सभी को साथ लेकर चलती है।

समय अब बीत गया, अब तो मुख्यमंत्री सुक्खू के नाम के आगे पूर्व लगने वाला है। ये शब्द कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा एवं रायपुर मैदान आदि बाजारों में जन संपर्क अभियान के तहत कहे। भुट्टो ने कहा कि जब हमने कोई गलत नहीं किया और बिलकुल पारदर्शता के साथ काम किया है, तो फिर हमें किस बात का डर है। बिकाऊ-टिकाऊ की भाषा मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देती है। मुख्यमंत्री पद की एक गरिमा होती है, लेकिन मुख्यमंत्री को कुर्सी के जाने का डर सता रहा है। इसी डर की वजह से 6 उपचुनावों के मीडिया से बात करते राज्य में 62 उपचुनावों की बात कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा तो काफी समय इंतजार करना पड़ा। मुख्यमंत्री से मिलकर जब भी कोई विकास की बात की, तो उसे एक कान से सुना और दूसरे से निकाल दिया। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता ने मुझे विकास के लिए चुना था, न कि आराम के लिए। कुटलैहड़ की जनता की हर वक्त अनदेखी करनी है तो हम उनका साथ क्यों दें।

इस मौके पर चुनाव प्रभारी संजीव कटवाल, मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, सुदर्शन शर्मा, सूरम सिंह, सतीश धीमान, मदन बोहरा, अभय राणा, अरुण मनकोटिया, राज कुमार मनकोटिया, भाजपा नेत्री मोनिका कौशल, सुषमा ठाकुर, अनीता ठाकुर के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

> भविष्य में क्या होगा, मैं नहीं सोचना चाहता। मुझे वर्तमान की चिंता है। ईश्वर ने मुझे आने वाले क्षणों पर कोई नियंत्रण नहीं दिया है। –महात्मा गांधी



## संपादकीय

# संविधान पर विवाद कितना जायज

लोकसभा चुनाव जैसे–जैसे आगे बढ़ रहे हैं, वैसे–वैसे कथित नए संविधान का मुद्दा भी खूब उछाला जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी गठबंधन के नेता इस मुद्दे को घर–घर तक पहुंचाने का कोई मौका नहीं गंवा रहे हैं। यह मुद्दा विशेष रूप से दलितों, अन्य पिछला वर्ग और आदिवासियों के साथ जुड़ा हुआ है। उनके लिए अब सबसे बड़ी चिंता यह है कि अगर केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो कहीं वे सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का अधिकार न खो दें। इन लोगों का मानना है कि आरक्षण उनके लिए आर्थिक और सामाजिक गतिशीलता का आधार है। अगर यह खत्म हो जाएगा तो वे एक बार फिर हाशिये पर चले जाएंगे और आर्थिक व सामाजिक तौर पर दोबारा पिछड़ जाएंगे। वहीं, विपक्ष का एजेंडा यही है कि आरक्षित वर्गों में आरक्षण खत्म होने का भय पैदा कर भाजपा को तीसरी बार केंद्र में काबिज होने से रोका जाए। यही वजह है कि विपक्षी गठबंधन भाजपा नेताओं के भाषणों का बारीकी से विश्लेषण कर एक–एक शब्द को अपने तरीके से परिभाषित कर रहा है।

विपक्ष द्वारा नए संविधान का मुद्दा कितना जायज है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अन्य नेता कई बार सार्वजनिक मंचों पर यह कह चुके हैं कि भाजपा ऐसा कुछ भी नहीं करने वाली है। यह केवल विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा झूठ है, लेकिन जमीनी खबरें बताती हैं कि कथित नए संविधान को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। विडंबना यह भी है कि इसके लिए भाजपा किसी और को दोषी नहीं ठहरा सकती। उसके चार लोकसभा उम्मीदवारों सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने खुद ही समय–समय पर यह कहा है कि जरूरत पड़ने पर संविधान को बदला जा सकता है। अगर देखा जाए तो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और दूसरी पंक्ति के नेताओं के बीच मौजूद मतभेद ने ही संविधान पर पार्टी के वास्तविक रुख पर संदेह पैदा कर दिया है। सदियों तक हाशिये पर रहे निम्न वर्गों के लोगों के लिए संविधान बहुत बड़ा सहारा है। संविधान ही है, जो उन्हें आर्थिक और सामाजिक तौर पर ऊपर उठने का मौका और अधिकार देता है। ऐसे में चुनाव के दौरान विपक्ष इस मुद्दे को किसी भी सूरत में ठंडा नहीं पड़ने देना चाहता। दूसरी ओर सत्ता पक्ष इसे केवल चुनावी मुद्दा बता रहा है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व बार–बार कह रहा है कि उनका संविधान बदलने का कोई इरादा नहीं है।

क्या भाजपा जिस अंदरूनी अनुशासन के लिए जानी जाती है, वह अब ध्वस्त होता जा रहा है या यह वोट बैंकों के विभिन्न समूहों को खुश रखने की एक सोची–समझी रणनीति है? यहां यह याद दिलाया जा सकता है कि जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, तो उन्होंने संविधान की समीक्षा करने और लोकतंत्र को संसदीय दल प्रणाली से राष्ट्रपति शैली की प्रणाली में बदलने की व्यावहारिक संभावनाओं को परखने के लिए न्यायमूर्ति वेंकटचलैया की अध्यक्षता में एक आयोग भी नियुक्त किया था। भाजपा यह लोकसभा चुनाव भी मोदी के नाम पर ही लड़ रही है। चुनाव से पूर्व हुए विभिन्न सर्वेक्षणों में भी मोदी की भारी जीत का संकेत दिया गया था, लेकिन पहले चरण में कम मतदान प्रतिशता और मतदाताओं की सुस्ती के बाद आंकड़े बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा के रुख में भी बदलाव नजर आ रहा है। राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री का भाषण भाजपा के रुख में बदलाव का संकेत देता है। 'मोदी की गारंटी' और '2047 तक विकसित भारत' के वादे से संचालित सकारात्मक अभियान की उम्मीदें गर्मियों के मौसम में देश का तापमान बढ़ने के साथ ही लुप्त होती नजर आ रही हैं। अंतिम चुनाव परिणाम क्या होंगे, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन फिलहाल विपक्ष संविधान को लेकर जहां आक्रामक तो सत्ता पक्ष रक्षात्मक रुख अपनाए हुए है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : प्रारूप और लक्ष्य

शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने, एक न्याय संगत समाज के विकास और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत आवश्यकता है। अगले दशक तक भारत दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश होगा और इन युवाओं को उच्चतर गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने पर ही भारत का भविष्य निर्भर करेगा। सन 2030 तक 'सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने और जीवनपर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने' का लक्ष्य है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है, जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह नीति भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार को बरकरार रखते हुए 21वीं सदी की शिक्षा के लिए आकांक्षात्मक लक्ष्यों, जिसमे एसडीजी पुनर्गठन का प्रस्ताव भी सम्माहित है, को पूरा करती है। प्राचीन और सनातन भारतीय ज्ञान और विचार की समृद्ध परंपरा के आलोक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तैयार की गई है।

भारत में शिक्षा नीति में बदलाव 34 वर्ष बाद हुआ है। इससे पहले 1968 और 1986 में शिक्षा नीति में बदलाव हुआ है। शिक्षा पर पहले की नीतियों का जोर मुख्य रूप से शिक्षा तक पहुंच के मुद्दों पर था। 1986 की शिक्षा नीति के बाद से एक बड़ा कदम निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 रहा है, जिसमें सार्वभौमिक प्रारंभिक शिक्षा सुलभ कराने हेतु कानूनी आधार उपलब्ध करवाया। शैक्षिक प्रणाली का उद्देश्य अच्छे विद्यार्थियों का विकास करना है, जो तर्कसंगत विचार और रचनात्मक कार्य करने में सक्षम हों।

यह नीति वर्तमान की प्रचलित 10+2 वाली स्कूली शिक्षा व्यवस्था को सभी बच्चों के लिए पाठ्यचर्या और शिक्षण शास्त्रीय आधार पर चार चरणों में यानी 5+3+3+4 की एक नई व्यवस्था में पुनर्गठित करने की बात करती है। इस 5 + 3 + 3 + 4 डिजाइन वाले शैक्षणिक फार्मेट में 3 से 18 साल की उम्र के बच्चों और किशोरों को शामिल किया गया है। प्रथम चरण में बच्चे को 5 साल तक पढ़ाई फाउंडेशनल स्टेज में कराए जाने से है। इस स्टेज में प्री प्राइमरी के तीन साल और पहली और दूसरी कक्षा की पढ़ाई शामिल है। 3 साल की उम्र से छात्र बाल वाटिका या प्री–स्कूल में रहेंगे।



लेखिका : किरण बाला
लेक्चरर, सीसे स्कूल घटासनी

इसके तहत बच्चों को बगैर किसी किताबी ज्ञान के खिलौनों, कहानियों, मैजिक, गीत, डांस से शिक्षा दी जाएगी। इसके बाद प्राथमिक स्कूल में कक्षा 1 और 2 की पढ़ाई होगी। इसका पाठ्यक्रम एनसीईआरटी ने तैयार किया है। इससे बच्चों की शिक्षा की नींव को मजबूती मिलेगी। दूसरे चरण में बच्चा कक्षा 3 से लेकर कक्षा 5 की पढ़ाई करेगा। तीसरे चरण में बच्चा कक्षा 6 से लेकर आठवीं तक की पढ़ाई करेगा। विद्यार्थियों को माध्यमिक स्तर से वैकल्पिक विषयों के चयन की स्वतंत्रता होगा। इसमें शारीरिक शिक्षा, कला और शिल्प तथा व्यावसायिक विषय भी शामिल किए गए हैं, ताकि विद्यार्थी अध्ययन और जीवन की योजना के अपने रास्ते तैयार करने के लिए स्वतंत्र हो सकें। चौथे चरण में बच्चा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं तक की पढ़ाई करेगा। इस स्टेज में दो बार बोर्ड परीक्षा होगी। स्कूली और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिए संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा, लेकिन किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नहीं होगी। शिक्षा के प्रत्येक पड़ाव पर विद्यार्थियों के लिए क्या रुचिपूर्ण और सुरक्षित है और क्या नहीं, पाठ्यक्रम से शामिल किया गया है।

सभी चरणों में प्रयोगिक आधारित अधिगम को अपनाया गया है जिसमें अन्य चीजों के अलावा स्वयं करके सीखना और प्रत्येक विषय में कला और खेल को एकीकृत किया गया है। यह शिक्षा नीति विभिन्न विषयों में मध्य संबंधों की खोज को प्रोत्साहित करती है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेल को भी पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है।

सभी स्तरों पर पाठ्यचर्या और शिक्षा विधि का समग्र केंद्र बिंदु शिक्षा प्रणाली की रटने की पुरानी प्रथा से अलग वास्तविक समझ और ज्ञान की ओर ले जाना है। शिक्षा का उद्देश्य केवल संज्ञानात्मक समझ न होकर चरित्र निर्माण और कौशल से सुसज्जित करना है। इसके लिए स्कूलों के सिलेबस में बदलाव किया जाएगा। नए सिरे से पाठ्यक्रम तैयार किए जाएंगे और वे पूरे देश में एक जैसे होंगे। शिक्षा नीति में परिवर्तन, स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों प्री–स्कूल से माध्यमिक स्तर तक सबके लिए एक समान पहुंच सुनिश्चित करने, नवोन्मेष व शोध की संभावना तथा रट्टेदार शिक्षा के स्थान पर जीवनोपयोगी शिक्षा देने को ध्यान में रखकर की गई है। नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल से दूर रह रहे लगभग 2 करोड़ बच्चों को मुख्य धारा में वापस लाना तथा स्कूल के बुनियादी ढांचे का विकास और नवीन शिक्षा केंद्रों की स्थापना भी इसके प्रमुख उद्देश्य हैं। नई नीति के तहत सकल नामांकन अनुपात को वर्ष 2030 तक सौ प्रतिशत लाने का लक्ष्य रखा गया है।

कोई भी नीति तब तक सफल नहीं हो सकती, जब तक उसका क्रियान्वयन करने वालों को सशक्त न किया जाए। इसलिए यह आवश्यक है कि शिक्षा व्यवस्था में किए जा रहे बुनियादी बदलावों के केंद्र में अवश्य ही शिक्षक होने चाहिए। नई व्यवस्था में इस बात को स्पष्ट अंकित किया गया है कि शिक्षकों को पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए भर्ती किया जाएगा। पदोन्नति भी योग्यता आधारित होगी। नई शिक्षा नीति में योग्यता में भी बदलाव किया गया है। शिक्षक बनने के लिए साल 2030 से चार वर्षीय बीएड डिग्री न्यूनतम क्वालिफिकेशन होगी। सरकारी स्कूलों में प्री–प्राइमरी कक्षाएं शुरू होने के साथ ही बेसिक स्तर के शिक्षक और आंगनबाड़ी कर्मियों को भी छह महीने और एक साल का विशेष प्रशिक्षण लेना होगा। 12वीं और इससे उच्च स्तर पर शिक्षितों को केवल छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स करना होगा, जबकि इससे कम शिक्षा वाली आंगनबाड़ी कर्मियों को एक साल का डिप्लोमा कोर्स कराया जाएगा।

नई शिक्षा नीति बदलते भारत की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को कितना पूरा करती है, यह तो इसके क्रियान्वयन की प्रकृति पर ही निर्भर करेगा। किंतु प्राचीन भारतीय ज्ञान को शिक्षा का आधार बनाना एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल मूल्य आधारित शिक्षा को बल मिलेगा, अपितु बच्चों में भारतीय चिंतन एवं ज्ञान परंपरा का भी विकास होगा। शिक्षा में मूल्यों के साथ कौशल को बढ़ावा देना इस शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषता है। अगले दशक भारत दुनिया का सबसे युवा आबादी वाला देश होगा और युवा वर्ग को उच्चतर गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने पर ही भारत का भविष्य निर्भर करेगा। यह शिक्षा नीति इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# फ्रिज में रखी चीजें कितनी सुरक्षित?

गर्मियों का सीजन चला हुआ है। ज्यादा गर्मी की वजह से खाने–पीने की चीजों को तरोताजा रखने के लिए उनकी अधिक देखभाल की जरूरत होती है। ऐसे में हमें फ्रिज की जरूरत पड़ती है। फ्रिज का इस्तेमाल खाने की चीजों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए किया जाता है।

आमतौर पर फ्रिज में अंडे, सब्जियां, फल, डेयरी प्रोडक्ट्स, आइसक्रीम, चॉकलेट या कोल्ड ड्रिंक्स जैसी खाने–पीने की चीजों को स्टोर किया जाता है। इसकी जरूरत सबसे ज्यादा तब महसूस होती है, जब खाना बच जाए और उसे खराब होने से बचाना हो, लेकिन फ्रिज में रखा खाना कितने समय तक सुरक्षित रहेगा, इसके बारे में लोगों को स्पष्ट जानकारी नहीं होती। यही वजह है कि कई बार लोग लंबे समय तक फ्रिज में रखा खाना खाने से अपच, पेट दर्द या फूड पॉइजनिंग का शिकार हो जाते हैं। असल में फ्रिज में खाना रखने का यह अर्थ बिलकुल नहीं है कि वह खराब नहीं होगा। फ्रिज में रखने के बाद भी हर खाने की एक समय सीमा होती है। इसके बाद वह खराब हो सकता है या उसके स्वाद में अंतर आ सकता है।



लेखक : सुमित अवस्थी
जंडपुर, बैजनाथ

फ्रिज में दाल, रोटी या चावल जैसी चीजों को रखते समय अच्छे से ढककर रखना चाहिए, जिससे खाने में ऑक्सीजन न जा सके क्योंकि इससे खाने में बैक्टीरिया बढ़ने का खतरा रहता है। चावल को अगर बहुत देर तक खुला रखा जाए तो उसमें बोटुलिज्म नाम का एक बैक्टीरिया पनपने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे अपच, पेट में दर्द या अन्य बीमारियां होने का खतरा रहता है। फ्रिज में रखे पके हुए चावल को दो दिन के भीतर खा लेना चाहिए।

वहीं, रोटी को लंबे समय तक फ्रिज में रखने से बचना चाहिए। इसे 7–8 घंटे के अंदर खा लेना चाहिए। दाल को तो अगले दिन ही खा लेना चाहिए। अगर सेब, जामुन और अंगूर जैसे ताजे फलों को फ्रिज के क्रिस्पर में सही तरीके से रखा जाए तो वे लंबे समय तक चल सकते हैं। अमरूद, खरबूज, तरबूज, पपीता जैसे फलों को भी एक टाइम पीरियड तक रखना सुरक्षित है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## चल ओ जिन्दे वोट पाणा

डॉ. जय महलवाल
सहायक प्रोफेसर, बिलासपुर

*एनी करना हुण कोई बहाना, एबकी बार वोट जरूर पाणा,*
*मिलीजुली इक निग्गर जेई सरकारा जो बनाना,*
*तू बी चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।*
*से जे बणी गए फितरती हुण,*
*लोकां रियां भावनां ने खेली गए कदी जे कुण,*
*तिना दल बदलुआं जो सबक सखाणा,*
*चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।*
*सौ पर्सेंट एबे मतदान करना, लोकां जो भी जागरूक बनाना,*
*अपने देशा परदेशा रे बच्च्यां रा भविष्य बनाना,*
*चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।*
*ईना पार्टियां पीछे आहां अपना रिश्ता नी बगाड़ना,*
*मिलीजुली के निग्गर लोकतंत्र बनाना,*
*अपने वचारां आली पार्टिया जो जताना,*
*चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।*
*लोकां रे लुभावने लारेआं च नी आऊंना,*
*तीथी जे दिल मनो से ई बटन दबाना,*
*वोटा आले दिन नोटा नी दबाना, नवें पुराने वोटरां जो ए सखाणा,*
*जे करगे सौ परसेंट मतदान, ताईं इक निग्गर लोकतंत्र बनना,*
*चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।*

# जल हमारे शरीर की ऊर्जा, स्वास्थ्य और संतुलित विकास का मूल आधार

जल हमारे शरीर की ऊर्जा, स्वास्थ्य और संतुलित विकास का मूल आधार है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जल के बिना कोई भी कार्य करना संभव ही नहीं है। हमारी दिनचर्या में साफ–सफाई, नहाना, वस्त्र धोने से लेकर संयंत्रों के संचालन तक हमें जल की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही वनस्पतियों, अनाज, सब्जियों फल आदि के लिए इसका विशेष महत्व है। जल हमें स्वच्छता, संपन्नता और समृद्धि की ओर ले जाता है।

मनुष्य के शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी का बना हुआ है। केवल हमारा शरीर ही नहीं, अपितु हमारी पृथ्वी दो तिहाई जल से आच्छादित है। हमारे शरीर और जीवन की पूंजी जल, वायु और भोजन है। इन तीन चीजों में से अगर एक भी चीज नहीं रही तो हमारा जीवन संकट में पड़ जाएगा।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

हर साल 22 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह जल के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाने वाला दिन है। 'विश्व जल दिवस' पानी से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए एक विश्वव्यापी मंच प्रदान करता है। यह पानी की कमी और साफ पानी सहित अन्य समस्याओं पर ध्यान केंद्रित कर प्रोत्साहित करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जब बाढ़ आती है तो आम तौर पर लोग एक–दूसरे की मदद के लिए एकजुट हो जाते हैं, लेकिन लंबे समय तक पर्याप्त पानी न हो या सूखे की स्थिति हो तो लोग आपस में झगड़ पड़ते हैं।

आज बढ़ती जनसंख्या और प्रदूषण से पानी की कमी होती जा रही है। इसके साथ–साथ ही विभिन्न इंडस्ट्रीज द्वारा पानी की खपत में इजाफा हुआ है, इसलिए जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना आवश्यक हो गया है। पानी के अस्तित्व पर संकट सभी के लिए खतरे की बात है। तापमान में बदलाव, शहरीकरण, उद्योग, जनसंख्या विस्तार, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग जल संसाधनों से जुड़ी चुनौतियों को और बढ़ा देती है।

अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में हम काफी हद तक जल की बचत के उपाय कर सकते हैं, जैसे कम प्रवाह वाले उपकरणों का उपयोग करना, लीकेज को तुरंत ठीक करवाना, पानी को सोच समझकर इस्तेमाल करना और पानी की बर्बादी न करना, यह हम सभी का कर्तव्य है। लोगों को भी पानी के मूल्य के बारे में समझाएं और पानी में कचरा न फेंकें, क्योंकि कचरा वन्य जीवों के लिए भी हानिकारक है। जीव–जंतुओं के संरक्षण के साथ–साथ जल संरक्षण के महत्व को भी हमें अपनी भावी पीढ़ी को समझाना होगा, तभी उनका भविष्य सुरक्षित हो पाएगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# दैनिक जीवन में प्लास्टिक से बचना एक बड़ी चुनौती

आज प्लास्टिक मिट्टी, पानी और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाउपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य शृंखला का भाग बनकर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायुमंडल में छोड़ते हैं, जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ–साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं।

प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण और जो बच जाए, उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किंतु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है, उससे तो यह हजार गुना बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक होकर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुन: चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग–अलग एकत्रित किया जाए और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए, उसे निपटाने के दूसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे, वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें, किंतु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है।



लेखक : कुलभूषण उपमन्यु
जल–जंगल–जमीन के प्रखर चिंतक

रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाती है, जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता, दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाती है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में किंतु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है, ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे। जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगावाट है। इसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168.96 गीगावाट है। इसमें से 42 गीगावाट जल विद्युत का उत्पादन है। किंतु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है, तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाइआक्साइड से छह गुना ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है, इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं।

सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है। भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे, किंतु बड़े ऊर्जा पार्क बनाकर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी–रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाय उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देश विरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं, जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता।

अत: उत्पादन का यथासंभव विकेंद्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगावाट बिजली का उत्पादन हो सकता है। उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। अत: जरूरत टकराव की नहीं, बल्कि विचार आदान–प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आपराधिक घटनाओं से शांत प्रदेश का वातावरण दूषित

देवभूमि के पालमपुर शहर में युवती को सरेआम दराट से युवक ने अधमरा किया, कांगड़ा में 50 वर्षीय महिला का घर से डेढ़ किलोमीटर की दूरी में गला रेत कर हत्या, शिमला में पुलिस चेक पोस्ट के सामने चोरी कर रहे हरियाणा के युवक को रंगे हाथ पकड़ते समय शिमला के युवक की काटकर हत्या, दो दिन पहले ही शिमला में मात्र चार साल की बच्ची के साथ रेप और पिछले सप्ताह गुटकर में 32 वर्षीय कैंसर पीड़िता को तीसरी मंजिल से धक्का देकर हत्या जैसी कई घटनाएं हुई हैं।

इस छोटे से पहाड़ी प्रदेश को अब ग्रहण लग चुका है। लोगों का ईमान डगमगा गया है। अब धैर्यहीन होते इस देवभूमि के समाज की देश–विदेश में पहले की अपेक्षा विकृत होती मानसिकता और दिन–प्रतिदिन बढ़ते अपराध की चर्चा ज्यादा हो रही है। इस देवभूमि को पहले पर्यटक भी देश की सबसे महफूज जगह मानकर उदाहरण देते नहीं थकते थे। कहते हैं बड़े परिवार को संभालना मुश्किल होता है, उसमें कोई कैसी प्रवृत्ति का होता है, तो कोई सदस्य कैसी सहनशीलता का। परिवार के मुखिया के लिए सबसे कठिन काम उस पर नियंत्रण कर पाना, एक दिशा की तरफ ले जाना संभव नहीं होता, लेकिन भारत की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश इन सब घटनाओं, अपराधों का पूर्व में उदाहरण हुआ करता था, आज अपराधियों के ऊपर होती सख्त कार्रवाई, तत्काल 24 घंटे में एनकाउंटर में ढेर करने के आदेश के चलते ऐसे किस्म के दुर्दांत अपराधी या तो पाताल लोक चले गए या जेलों में रहना अच्छा मान रहे हैं या फिर उन्होंने अपना व्यवसाय ही बदल दिया। यह राज्य कोई भारत के बाहर नहीं है, बल्कि भारत का ही अभिन्न हिस्सा है, जहां वही कानून लागू होता है, जो हिमाचल में लागू होता है, लेकिन यह कैसी विडंबना है कि हम देवभूमि में होते ऐसे कृत्यों को रोकने के लिए इस पेशेवर सोच या मॉडल को लागू नहीं कर पा रहे हैं।



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

हम इसका समर्थन नहीं कर रहे, बल्कि अपराधों की तरफ बढ़ते कदमों को समय रहते रोकने की तरफ इंगित करते हैं। हिमाचल पर्यटन उद्योग के लिए खास है और हमेशा से ही प्रमुख केंद्र रहा भी है। अगर ऐसी वारदातें घटित होती रहीं तो आने वाली हिमाचल की पीढ़ी सड़कों में भीख का कटोरा लेकर चलने के लिए मजबूर हो जाएंगी। इसमें कोई अतिशयोक्ति और संशय कतिपय नहीं है, क्योंकि जब ऐसा डर के भाव का वातावरण पर्यटकों के मन के में घर कर जाएगा, तो फिर यहां घूमने कौन आएगा, यहां आने से लोग कतराने लगेंगे तो हिमाचल के राजस्व की झोली आमदनी की बजाय, ईंट–पत्थरों से भरेगी, तब इसका असर आम नागरिकों के ऊपर गहरे रूप से पड़ेगा।

भले ही कश्मीर को दुनिया का स्वर्ग के नाम से जानते हैं। इस जन्नत में कोई भी घूमना चाहता है, लेकिन जब आतंक अपने चरम में था, तो पर्यटक यहां घूमना मतलब सीधे सीधे मृत्युलोक में पहुंचने की जन्नत मानते थे। इसलिए वहां घूमने से परहेज करते थे। इसी बात से भावार्थ है कि हिमाचल की बिगड़ती कानून व्यवस्था जो अपाहिज होती जा रही है, अगर आने वाले समय में ऐसी दुर्गति होती रही तो बाहर के पर्यटक तो छोड़ो, हम घर के अंदर ही अपने आप को महफूज नहीं रख पाएंगे।

नशा, फिरौती की मांग, हत्या, चोरी, छोटी बच्चियों के साथ रेप, सुनियोजित ढंग से मौत के आगोश में धकेलना इत्यादि आज इस शांत प्रदेश के वातावरण का दूषण कर रहा है। आओ मिलकर हम सभी चाहे किसी भी संप्रदाय, मजहब, जाति, धर्म, पंथ, सोच, विचारधारा, दलगत राजनीति, भिन्न–भिन्न जिलों से ताल्लुक रखते हों, इन सब बातों से ऊपर उठकर आज कानून व्यवस्था एवं शांति कायम करने में अपने–अपने स्तर से छोटा–छोटा सहयोग प्रदान करते हैं, ताकि पुन: हम सभी शांति, विश्वास बहाल कर सकें। पार्टियां आएंगी–जाएंगी, आरोप–प्रत्यारोप लगेंगे–हटेंगे, दल बदलते रहेंगे, सरकारें आएंगी जाएंगी, लेकिन डॉक्टर यशवंत सिंह परमार जी के सपने के अखंड, शांत इस देवभूमि को हम यथास्थिति में कायम रखेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई–मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**देश** में रोजगार के अवसरों की कमी का बड़ा कारण हमारी तेजी से बढ़ती आबादी है। देश में रोजगार के अनेक क्षेत्र और अवसर हैं, परंतु अनियंत्रित बढ़ती आबादी के चलते प्रत्येक व्यक्ति को नौकरी देना अब संभव नहीं है, ऐसे में रोजगार के अवसर तभी जरूरतमंद को मिलेंगे, जब हम जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण हासिल कर लेंगे। दूसरा बड़ा कारण कौशल प्रशिक्षण का अभाव है। हमारे देश में निपुण व्यवसायिक प्रशिक्षण का अभाव है, जिससे प्रशिक्षित युवा को आगे चलकर रोजगार मिल सके। केवल बुनियादी शिक्षा से सरकारी नौकरियों तक रोजगार सिमित रह जाएगा। देश के युवाओं को व्यवसायिक शिक्षा दी जाए, तो नौकरी के विकल्प वे स्वयं पैदा कर सकते हैं। विकसित देशों में कई रोजगार के ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हमारे देश के युवा अभी भी अपनी पसंद जाहिर नहीं करते हैं। अभिभावक आज भी अपने बेटे–बेटी को इंजीनियर, डॉक्टर, पायलट आदि ही बनाना चाहते हैं, जिनकी संभावनाएं बहुत कम हैं। केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर ही रोजगार की समस्या को खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए हमें शिक्षा से लेकर हमारी व्यवस्था में एक नए तंत्र को अपनाना पड़ेगा।

**–अंकुश शर्मा, कांगड़ा**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चंबा अस्पताल में स्नानगृह की दरकार

## चिकित्सालय निर्माण के 56 वर्ष गुजर जाने के बाद भी नहाने-धोने के लिए रोगी-तीमारदार परेशान

**एमएम डैनियल, चंबा**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव



चंबा चिकित्सालय के बाहर कपड़े धोते तीमारदार

जिला चंबा में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए 100 बिस्तर युक्त अतिरिक्त अस्पताल भवन, मेडिकल व नर्सिंग स्कूल खोलने की कवावद पर जहां बल दिया वहीं दूसरी और राज्य के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाएएस परमार की देन क्षेत्रीय चिकित्सालय चंबा को वर्तमान समय में पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय तक दर्जा प्रदान कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद भी चंबा मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में चल रहे सुविधाओं के अभाव को आज दिन तक विभाग द्वारा दूर करने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। परिणाम स्वरूप पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में भर्ती होने वाले रोगियों से लेकर उनके तीमारदारों को वर्षों से नहाने-धोने चिकित्सालय के बाहर लगे सार्वजनिक नल के सहारे दिन काटने विवश है।

गौर हो कि जिला चंबा के लोगों की उपचार के लिए भर्ती चिकित्सालय भवन अभाव को देखते हुए तत्कालीन प्रदेश मुख्यमंत्री वाएएस परमार द्वारा चार जनवरी वर्ष 1968 में लाखों की लागत से दो सौ बिस्तर युक्त चार मंजिला चिकित्सालय चंबा भवन का निर्माण करवाया गया। जिसमें तत्काल तमाम सुविधाएं के निर्माण के दौरान ध्यान रखा गया। लेकिन निर्माण कार्य इंजीनियर भवन निर्माण में शौचालय निर्माण को अहमियत दे गये। लेकिन जनरल वार्ड के रोगियों व उनके तीमारदारों के लिए भवन में स्नानगृह व्यवस्था करना भूल गये। जोकि चिकित्सालय भवन निर्माण के गत 56 वर्ष गुजर जाने के बाद चंबा के रोगियों-तीमारदारों के लिए कमी आज भी बरकरार है। इस दिशा में गत चार वर्ष पूर्व जिला प्रशासन की और से कदम उठते नजर आये थे। लेकिन वह अब विभागीय सुस्त कार्य प्रणाली के चलते गुमनाईयों के अंधेरे में खो गई। हालांकि उपायुक्त देवेश कुमार के कार्यकाल के दौरान क्षेत्रीय चिकित्सालय चंबा के धरातल से लेकर चारों मंजिलों जनरल वार्ड के लिए स्नानगृह का निर्माण के तहत रोगी कल्याण समिति बजट डालने के दिए गए। जिसके तहत विभाग की तकनीकी विंग को बकायादा एक किस्त तक जारी हो गई। मगर इन सब बातों के बावजूद भी तत्कालीन क्षेत्रीय चिकित्सालय व वर्तमान में पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में रोगियों-तीमारदारों के लिए स्नानगृह का निर्माण नहीं हो सका। आज भी चिकित्सालय में भर्ती रोगी चिकित्सालय के बाहर मुख्य मार्ग पर नहाते-धोते नजर आते है, जिन्हें हर रोज वहां से गुजरने वाले उपायुक्त चंबा से लेकर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन चंबा के आला-अधिकारी अपनी नंगी आंखों से देखते तो है। लेकिन इस दिशा में सुधारात्मक कदम उठाने की कोई चेष्टा नहीं कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

> पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में खल रही स्नानगृह के अभाव को दूर करने का जल्द ही प्रयास किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के ध्यानार्थ यह विषय आ चुका है। जिसके सुधार में जल्द कदम उठा चिकित्सालय में रोगियों को राहत प्रदान की जाएगी। **-डॉ. एसएस डोगरा प्राचार्य पीजेएलएनएमसी एवं चिकित्सालय चंबा**



### खड़ामुख में भूस्खलन के चलते 8 दिनों से कटा है होली से संपर्क

# पूर्व विधायक ने प्रशासन व सरकार को घेरा, बोले- समाधान को दें प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के पूर्व विधायक जियालाल कपूर ने खड़ामुख होली सड़क की लेटलतीफी पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा है इसके कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी हो रही है। पिछले 8 दिनों से सड़क बंद होने के चलते तहसील होली का संपर्क पूरी तरह से टूट चुका है।



उन्होंने कहा है किसी सियूर पुल से होकर जो छोटी गाड़ियां जा रही है वहां पर बना पुल लकड़ी का है जो कभी भी टूट सकता है। ऐसे में कोई बड़ा हादसा होता है तो जिम्मेदारी किसकी होगी। उन्होंने कहा है कि जब वह विधायक थे तो उन्होंने एक हफ्ते के भीतर टूटे हुए पुल को बनकर तैयार किया था और बाकायदा उसका उद्घाटन भी किया था। यही नहीं इसके साथ ही मणीमहेश सीजन के दौरान प्रघाला पुल को भी रिकार्ड समय में बनाकर श्रद्धालुओं लोगों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया था। उन्होंने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि आज खड़ामुख में सड़क खराब होने के चलते लोगों को रोजमर्रा की चीज समय पर नहीं मिल रही है। जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों, मरीजों सहित गर्भवती महिलाओं को लगातार परेशानियां आ रही हैं।, लेकिन कहीं से भी जनप्रतिनिधि वह प्रशासन इस समस्या का समाधान करने को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में इस तरह की सुस्त कार्यप्रणाली का खामियाजा यहां की गरीब जनता को भुगतान पड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्र के प्रतिनिधियों से अपील की है कि लोगों के हित के लिए इस समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

उन्होंने सरकार से भी मांग की है कि वह स्थिति पर लगातार नजर बनाए और लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए इसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाए।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा-तीसा मार्ग पर सड़क हादसा, एक की मौत

**तीसा।** चम्बा तीसा मुख्यमार्ग पर मांधुँवार के समीप एक पिकउप गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई है जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है दुर्घटना का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है स्थानीय लोगों ने गाड़ी गिरने की आवाज सुनकर इसकी सूचना पुलिस चौकी नकरोड़ क़ो दी स्थानीय लोगों ने और पुलिस के लोगों ने मिलकर सर्च ओप्रशन चलाया गाड़ी गहरी खाई में गिरने की वजह से काफ़ी वक्त लगा मौके पर पंहुच कर चालक क़ो बाहर निकाला जिसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी गाड़ी नंबर एच 46 3268 चालक की पहचान ठाकुर दास सपुत्र किशन चंद गांव शिकारी उम्र 50 वर्ष की गई है

### भरियां स्कूल के 43 बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**चंबा।** आयुर्वैदिक वैलनेस सेंटर में आज डॉक्टर राजेंद्र कुमार व आयुर्वैदिक फार्मेसी ऑफिसर केवल कृष्ण ने राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक पाठशाला भरियां के 43 बच्चों की चिकित्सीय जांच की द्य सभी बच्चों का भार व ऊंचाई जांची गई, सभी बच्चों के दांत, नाखून, गला और आंखों की जांच भी की गई द्य डॉ राजेंद्र कुमार ने सभी बच्चों को साफ- सुथरा बने रहने, अपने दांत व नाखून प्रतिदिन साफ करने के बारे में बताया द्य अपनी स्वच्छता, अपने घर की स्वच्छता और गांव की स्वच्छता के बारे में भी अवगत कराया द्य गांव जितना स्वच्छ होगा बीमारियां उतनी ही कम होंगी।

# बिजली का बिल जमा न करवाने पर 573 उपभोक्ताओं के कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

- दोबारा कनेक्शन जोड़ने के लिए जमा करवाने होंगे अतिरिक्त 250 रुपए
- नए बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा

बिजली उपमंडल चंबा नंबर-1 के सहायक अभियंता ने बताया कि बिजली उपमंडल के अंतर्गत बिजली के बिल का भुगतान नहीं करने वाले 573 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन अस्थायी रूप से काटने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी किए गए आदेशों के अनुसार बिजली उपमंडल चंबा नंबर-1 के तहत 573 उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिल को जमा नहीं करवाया है, जिसकी कुल बकाया धनराशि 36 लाख 58 हजार 238 रुपए है।

अस्थायी तौर पर कनेक्शन काटने के बाद दोबारा कनेक्शन जोड़ने के लिए उपभोक्ता को बिजली के बिल की संपूर्ण राशि के साथ 250 रुपए की अतिरिक्त धनराशि भी जमा करवानी पड़ेगी। अस्थायी तौर पर कनेक्शन काटने के बाद भी अगर कोई अब उपभोक्ता बिल का भुगतान नहीं करता, तो विभाग द्वारा एक तय सीमा के बाद स्थायी तौर पर बिजली कनेक्शन को काटने के आदेश जारी करेगा। विभाग द्वारा स्थायी तौर पर कनेक्शन काटने के बाद संबंधित उपभोक्ता को बिल की बकाया राशि का भुगतान करने के उपरांत नए बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने बिजली बिल की अदायगी करें, ताकि उन्हें बिजली कट जाने की वजह से समस्या का सामना न करना पड़े ।

# होटलों के पास पार्किंग सुविधा नहीं

**मुकेश कुमार, डलहौजी**





डलहौजी व आसपास के क्षेत्रों में होटलों के पास पार्किंग न होने से बाहर खड़ीं गाड़ियां।

बीते एक दशक से डलहौजी एवं इसके आसपास के क्षेत्र में छोटे-बड़े होटलों, रिजॉर्ट, गेस्ट हाउसों एवं रेस्टोरेंट्स की मानों बाढ़ सी आ गई हो। हर गली हर कूचे में छोटा बड़ा होटल एवं गेस्ट हाउस देखने को मिल जाएगा, लेकिन क्षेत्र के ज्यादातर होटलों रिसोर्ट, गेस्ट हाउसों के पास अपनी खुद की पार्किंग व्यवस्था भी नहीं है। ज्यादातर गाड़ियां होटल गेस्ट हाउस एवं रिजॉर्ट्स के बाहर ही खड़ी देखने को मिलेंगी। अब सवाल यह पैदा होता है कि अगर इनके पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है, तो इन्हें पंजीकृत कर लाइसेंस कैसे पर्यटन विभाग द्वारा दे दिए जाते हैं।

आज क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या जो है वह पार्किंग है, जिसने पुलिस प्रशासन स्थानीय प्रशासन के होश हाफ्ता किए हुए हैं। बता दें अप्रैल खत्म हो रहा है और मई महीने की शुरुआत होने जा रही है, जिस तरह मैदानी क्षेत्रों में पारा दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि इस बार गर्मियों में डलहौजी चंबा में पर्यटन उद्योग पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा। इसी के मध्य नजर उपमंडल अधिकारी डलहौजी अनिल भारद्वाज ने स्थानीय होटल कारोबारी, टैक्सी ऑपरेटर एवं अन्य निजी संस्थाओं के साथ मिलकर एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें पार्किंग जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर चर्चा की गई। हर साल गर्मियों के सीजन में पर्यटकों को गाड़ियां पार करने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है क्योंकि क्षेत्र के ज्यादातर छोटे-बड़े होटलों के पास खुद की पार्किंग है ही नहीं और जो पार्किंग है वह पर्याप्त नहीं है कि बाहरी वाहनों को संभाल सकें। इसलिए क्षेत्र में गाड़ियां जो है वह आडी टेडी सड़क के दोनों और खड़ी नजर आ जाएंगी। पार्किंग की समस्या को लेकर जहां स्थानीय लोग परेशान हैं, तो वहीं स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन भी अच्छा खासा चिंता में नजर आता है। इस समस्या को लेकर गत वर्ष कांग्रेस युवा नेता एवं कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने चंबा दौरे के दौरान पार्किंग की समस्या को लेकर डलहौजी वासियों को आश्वास्त किया था कि शिमला की तरह डलहौजी में भी पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

# बंदरों से मसरुंड के लोग परेशान

**चंबा।** जिला मुख्यालय की निकटवर्ती पंचायत मसरुंड में गत दिनों से बंदरों के उत्पात ने वार्ड वासियों की नाक में दम कर रखा है। पंचायत में स्थित ऐसा कोई रिहायशी क्षेत्र बचा हो, जहां बंदरों ने उत्पात पहुंचा नुकसान न पहुंचाया हो। हालांकि पंचायत वासियों ने कई बार संबंधी विभाग अधिकारियों समक्ष बंदरों से निजात दिलवाने की गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद भी लोगों को इस दिशा में कोई राहत नहीं मिल रही है। पंचायत मसरुंड रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, आाशा, मधु, कृष्णा व अंजलि आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से बंदरों ने पंचासत के अधिकांश गांवों में उत्पात मचा रखा है। खाद्य पदार्थों से लेकर कई कीमती वस्तुओं सहित फसलों को रोजाना नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग चंबा अधिकारियों से अपील की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठाएं।

# संधोल पुलिस चौकी के लिए चिन्हित भूमि का विरोध

**अनंत ज्ञान, संधोल**

संधोल क्षेत्र में पुलिस चौकी वर्तमान में लंबे समय से घनाला गांव में है जो कि संधोल का लगभग आखिरी छोर है। जिसको लेकर कई बार कयास लगाए जाते रहे हैं कि चौकी संधोल के केंद्र में होनी चाहिए, ताकि निगरानी व पैट्रोलिंग में सुविधा रहे, लेकिन अब चौकी निर्माण हेतु आवंटित जगह को लेकर विवाद पैदा हो गया है।

स्थानीय दत्तवाड और अप्पर लसराना पंचायत के बाशिंदे विरोध में मुखर हो चुके हैं कि वे यहां पर पुलिस चौकी भवन नहीं बनने देना चाहते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार मंगलवार को लसराना गांव में पुलिस चौकी हेतु चिन्हित जमीन की पैमाइश करने पहुंचे तो इस दौरान सारे ग्रामीण प्रधान बीर चंद सहित मौके पर इकट्ठे हो गए और यहां पर पुलिस चौकी भवन के लिए जगह देने का विरोध जताया। प्रधान ने बताया कि जब भी कोई जमीन जब किसी संस्थान को प्रदान की जाती है तो स्थानीय पंचायत और ग्रामीणों की भी राय ली जाती है, लेकिन वन विभाग ने इस बाबत पंचायत का परामर्श लेना उचित नहीं समझा।

मौके पर मौजूद पुलिस चौकी प्रभारी जयराम शर्मा ने बताया कि वे विभाग की ओर से मिले निर्देशों के मुताबिक जमीन की डिमार्केशन करवा रहे थे कि ग्रामीणों ने अपना विरोध करना शुरू कर दिया। लोगों व प्रधान का तर्क है कि यहां पर दर्जन भर आम व अन्य दुर्लभ पेड़ भी हैं और इसके साथ चरागाह व बर्तनदारी भी हैं। उन्होंने कहा कि वे एक प्रस्ताव डी.सी. को भेजकर इसे निरस्त करने की मांग करेंगे क्योंकि यहां भवन निर्माण के बाद कुहट गांव के दर्जन भर घरों को जाने वाली एंबुलेंस सड़क भी बंद हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि वे लोग तब तक इसका विरोध करेंगे, जब तक डीसी इस जमीन को निरस्त नहीं कर देते।

# सांसद बनने पर सिकरीधार सीमेंट प्लांट मुद्दा प्रमुखता से उठाऊंगा : राजीव

**आजम डार, तीसा**



देश में हो रहे लोकसभा चुनावों को लेकर सरगरमियां तेज हो गई हैं, जैसे चुनावों की तारीखे नजदीक आ रही है। हर पार्टी के नेता अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में हुंकार भर रहे हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और कांगड़ा चंबा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज तीन दिन के चंबा दौरे पर हैं।

बुधवार को पन्ना प्रमुख सम्मेलन के तहत बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल सरकार को घेरते हुए कहा की चुराह विधानसभा क्षेत्र में पंद्रह महीनों में कुछ भी हाथ नहीं लगा, जो संस्थान भजपा खोल कर गई थी। सरकार ने उन्हें भी बंद कर दिया साथ ही भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने एक बार फिर चुराह में सिकरी धार सीमेंट प्लांट खोलने की बात कही। इनका कहना है कि चुराह के साथ हमेशा सौतेला व्यव्हार होता रहा साथ ही भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने चुराह के लोगों के साथ वादा करते हुए कहा किसांसद बनते ही पहला काम मुद्दा सिकरी धार सीमेंट प्लांट का रहेगा। उन्होंने भाजपा को वोट करने का लोगों से आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

# अधिकारियों ने किया मतदान प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास

## डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के सफल संचालन के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चंबा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए पहला मतदान पूर्वाभ्यास कार्यक्रम राजकीय सहस्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान सरोल के सभागार में आयोजित किया गया।

पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पुरुष, महिला व दिव्यांग पीठासीन अधिकारियों सहित लगभग साढ़े पांच सौ के करीब पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न दिशा-निर्देशों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा मतदान के दौरान अपनाई जाने वाली चुनावी प्रक्रियायों बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान भी उपस्थित रहे।

एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चंबा अरुण शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 03-चम्बा विधानसभा क्षेत्र के तहत 122 मतदान केंद्र होंगें। जिनमें से 2 आदर्श मतदान केंद्र महिला कर्मियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसी तरह एक आदर्श मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा जबकि युवा अधिकारियों द्वारा एक आदर्श मतदान केंद्र संचालित होगा । उन्होंने मतदान प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी सांझा की।

### उपमंडल पांगी में किया गया पूर्वाभ्यास

**किलाड़।** जनजातीय उपमंडल पांगी के तहत लोक सभा निर्वाचन-2024 को लेकर आज आवासीय आयुक्त रितिका जिंदल की निगरानी में जिमनेजियम हॉल किलाड़ में चुनाव पुर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आवासीय आयुक्त ने बताया कि पांगी घाटी को लोक सभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर पांच सेक्टर्स में विभाजित किया गया है। इसमें 39 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया की बारीकीयों से अवगत करवाया। सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम पांगी रमन घरसंगी ने अधिकारियों को चुनाव प्रकिया के दौरान निष्पक्षता व सत्य निष्ठा से कार्य करने व अपनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट व तैहसीलदार पांगी शांता कुमार, नायब तैहसीलदार सीता राम, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग दिनेश शर्मा, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग मान सिंह, सहायक अभियंता विद्युत विभाग शिव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सूडोकु 0043 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

25 अप्रैल, 2024 वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** प्रतिपदा: (6:47) : **नक्षत्र :** विशाखा (02:24), **पक्ष** : कृष्ण, **योग:** व्यतिपात (04:51) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:52-1245), **राहुकाल** (01: 57 -03:36)।

### विशेष दिन

- 25 अप्रैल 2024 : विश्व मलेरिया दिवस।
- 26 अप्रैल खगोल शास्त्री निकोलस ने शनि का अवलोकन किया था।

**मेष :** आज आप बातचीत में सावधानी रखें। लापरवाही से नुकसान होगा। विरोधी खुलकर विरोध करेंगे। कार्य की शुरुआत में परेशानी आ सकती है।

**वृषभ:** आज मनचाहा जीवनसाथी मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। पुराने वादे पूरे करने का समय है। अपनी निजी जिन्दगी में दूसरों को दखल न दें।

**मिथुन :** आज भावुकता में कोई भी फैसला लेने से बचें। सुख साधनों पर धन खर्च होगा। व्यापारिक नई योजना आज शुरू हो सकती है।

**कर्क :** आज आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी। यह आपके करियर या निजी जीवन से जुड़ी हो सकती है।

**सिंह :** अपने व्यवहार से परिजनों का दिल जीत लेंगे। परिवार में तनाव की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम के नजरिए से आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा।

**कन्या :** आज आप बड़े निर्णय को सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यवसाय में हानि होने की संभावना है, इसलिए सतर्क रहें।

**तुला:** प्रशासनिक अधिकारी आज सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। विवाह कार्यों में शामिल होंगे। समय रहते अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें।

**वृश्चिक:** कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नए मित्र बनेंगे। मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा। आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है।

**धनु :** आज आप व्यापार में मंदी से परेशान रहेंगे। पुराने पैसों का लेनदेन आज भी लंबित रहेगा। अपना ही आपके साथ विश्वासघात कर सकता है।

**मकर :** आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है ,आपको संवेदनशील लोगों से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ :** दूसरों के निजी मामलों में दखल न दें। क्रोध पर अंकुश रखें। आपकी अपने किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की संभावना है।

**मीन:** आज आप किसी खास व्यक्ति से मिल सकते हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे हैं

# युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने थपथपाई भरमौर के अध्यक्ष की पीठ

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष यदोपति ठाकुर ने अपने भरमौर दौरे के दौरान पांगी-भरमौर के युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्याम ठाकुर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इस तरह के कार्यकर्ताओं को पार्टी की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं व संगठन के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि बिना किसी स्वार्थ के पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता आज कांग्रेस पार्टी की रीड की हड्डी है। यदोपति ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक विशाल समुद्र है इसमें जो कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से काम करेगा वही पिछली कुर्सी से अगली कुर्सी तक पहुंच पाएगा। आज युवा कांग्रेस के दो सदस्यों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है जो युवा कांग्रेस के लिए गर्व की बात है। गौरतलब है श्याम की भरमौर पांगी में युवाओं में अच्छी पैठ मानी जाती रही है। पार्टी ने भी उनकी पार्टी के प्रति ईमानदारी को देखते हुए उनको अलग-अलग प्रकोष्ठों का दायित्व दिया जा रहा है।

# निरंकारी एकता दिवस पर डीसी ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्था के मानव एकता दिवस के अवसर पर मुगला में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सहयोग से उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त व उनकी पत्नी प्रियंका रेपसवाल सहित मिशन के अनुयायियों ने रक्तदान किया। मुकेश रेपसवाल ने अपने संबोधन में संस्था के अनुयायियों को सामाजिक सेवा से संबंधित कार्यों की शुभकामनाएं देते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान करके भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों के निर्वहन का आह्वान भी किया। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपनी भूमिका तथा भागीदारी पर गर्व अवश्य अनुभव करें। बनीखेत, डल्हौजी, बकलोह, चुवाड़ी,भरमौर, होली, साहो, जडेरा, धरवाला, सामरा, मंगला व दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर रक्त दान किया। इस दौरान 106 रक्त दाताओं ने अपना पंजीकरण करवाया परंतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल चंबा ने केबल 101 यूनिट ब्लड ही लिया जिसमे 34 महिला व 67 पुरूषों द्वारा रक्तदान किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया।

**कैसी व्यवस्था** | विद्युत बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी नहीं हुआ सुधार

# अघोषित बिजली कटों से उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**





मुख्यालय के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत आंख मचौनी का दर्द एक लंबे अर्से से सहन कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों का विद्युत बोर्ड चंबा पर आरोप है कि हल्का मौसम भी खराब हो जाए तो बोर्ड द्वारा अघोषित कट लगाना आरंभ कर दिया जाता है। हालांकि उपभोक्ताओं द्वारा इस दिशा में विद्युत बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी बोर्ड ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठ पाए है। जिसके चलते उपभोक्ताओं में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है।

शहर विद्युत उपभोक्ताओं में विनीत, पवन, अमित, नीरज, योगेंद, हेम राज, अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार आदि का कहना है कि गिने-चुने दिनों में ही बिजली सप्लाई व्यवस्था सुदृढ़ रहती है, जबकि बारिश के दिनों से लेकर हल्की हवा का झौंका आने पर भी यहां हालात ऐसे है कि क्षेत्र की विद्युत गुल हो जाती है। बिजली के गुल होने से उपभोक्ताओं को दिन-रात परेशानी के दौर से दो चार होना पड़ रहा है। जिसके स्थायी समाधान के लिए कई मर्तबा बार उपभोक्ताओं ने बोर्ड अधिकारियों व कर्मियों से गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन हर बार अधिकारियों की ओर से उपभोक्ताओं को आश्वासन अधिक प्राप्त हुए है। जबकि समस्या समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठ पाए है।

> भूरी सिंह पावर हाऊस में निरीक्षण एवं रिपेयर कार्य करवाया जा रहा है। जहां तक रही अघोषित बिजली कट लगने की बात तो कई बार तकनीकी खराबी आने पर आपातकालीन परिस्थिति में बिजली कट लगाना पड़ता है। जिसमें सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा। **-एचआर चौहान सहायक अभियंता विद्युत बोर्ड चंबा**

### लुनाह में बिजली गुल, लोगों में हाहाकार

**डलहौजी।** विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत टप्पर के गांव लुनाह में बीते एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति सेवा पूर्ण रूप से ठप पड़ी है। जिसको लेकर स्थानीय गांववासीयो में अच्छा खासा रोष व्याप्त है। गांववासियों ने बताया कि विद्युत विभाग अपने सुस्त रवईए के चलते अपने काम को अंजाम नहीं दे रहा है और गांव के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। ग्राम वासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ठप पड़ी बिजली आपूर्ति सेवा को लेकर उन्होंने कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से विद्युत विभाग को आगाह भी किया किंतु पूरा एक सप्ताह होने को आया है और अभी तक किसी तरह की कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। तो वही इस बारे में जब उपमंडल कार्यालय डलहौजी के अधीक्षकअभियंता से संपर्क साधा गया तो उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मी इस कार्य को लेकर डटे हुए हैं और जल्द ही बिजली आपूर्ति सेवा को बहाल कर दिया जाएगा।

### सिस्सू सेल्फी प्वाइंट की बीआरओ टेक्निकल विंग की विशेषज्ञ टीम जल्द करेगी दौरा, जिला प्रशासन व सीमा सड़क संगठन ने किया बैठक में फैसला

# आए दिन भूस्खलन से मार्ग हो रहा अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल में बर्फबारी व वर्षा के कारण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह मार्ग पर सिस्सू सेल्फी प्वाइंट में हो रहे भूस्खलन से मार्ग आए दिन अवरुद्ध होने के चलते लोगों की दिक्कतें बढ़ रही हैं। इस मार्ग की बहाली में लगे सीमा सड़क संगठन बल को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है और पर्यटन व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

इस स्थल पर सीमा सड़क संगठन की तैनात मशीनरी व पुलिस विभाग की मुस्तैदी के चलते कोई अनहोनी घटना घटित नहीं हुई है। इस स्थल पर बर्फ व पानी के रिसाब से सड़क मार्ग पर भूस्खलन व जमीन धंसने तथा नीचे से चंद्रा नदी के बढ़ते जल स्तर से भूमि कटाव होने से आए दिन समस्या उत्पन्न हो रही है। बुधवार को जिला प्रशासन और सीमा सड़क संगठन के उच्च अधिकारियों की सिस्सू में बैठक आयोजित की गई, भूस्खलन स्थल पर रोकथाम तथा वैकल्पिक मार्ग के सुधारीकरण और स्थायी समाधान को लेकर चर्चा की गई। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल व सीमा सड़क संगठन के मुख्य अभियंता सिविल नवीन कुमार तथा लोक निर्माण विभाग, वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से भूस्खलन स्थल का निरीक्षण किया। संयुक्त निरीक्षण के उपरांत डीसी ने बताया कि सिस्सू सेल्फी प्वाइंट पर हो रहे भूस्खलन की रोकथाम के लिए सीमा सड़क संगठन की तकनीकी विंग के विशेषज्ञों की टीम जल्द दौरा करेगी और भूस्खलन की समस्या की रोकथाम व स्थायी समाधान को लेकर अपनी रॉय देंगे और जल्द ही सुधारीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।


सिस्सू के सेल्फी प्वाइंट में भूस्खलन को लेकर जिला प्रशासन व सीमा सड़क संगठन के अधिकारी सिस्सू में मंत्रणा करते हुए।

#### सुधारीकरण को लेकर रखें विशेष प्राथमिकता

**डीसी** ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग तेलिंग के सुधारीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग को आदेशित किया है कि इस मार्ग के सुधारीकरण को लेकर विशेष प्राथमिकता रखें और पानी के निकास के लिए नालियों की भी उचित व्यवस्था करें, ताकि मुख्य मार्ग के अवरुद्ध होने पर वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही सुचारू रूप से बनी रहे और लोगों व पर्यटकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस दौरान स्थानीय लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी व मुख्य अभियंता को लगातार हो रहे भूधसाव से शुरथांग और केवग गांव के लिए उत्पन्न खतरे से भी अवगत करवाया तथा प्रशासन से तुरंत आवश्यक कदम उठाने की मांग उठाई। डीसी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उचित कदम उठाए जा रहे हैं और आए दिन इस मार्ग के अवरुद्ध होने की समस्या से भी जल्द निजात दिलवाई जाएगी। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा राणा, 70 आर सीसी के मेजर रवि शंकर, वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे, तहसीलदार केलांग रमेश कुमार व लोक निर्माण विभाग, बीआरओ के अधिकारी तथा ग्रामीण भी मौजूद रहे।



### एशियन ओशिनिया चैंपियनशिप-2024

# पहले मैच में भारतीय टीम को मंगोलिया ने दी शिकस्त

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

- भारतीय टीम यूएई, इंडोनेशिया और मकाऊ से खेलेगी अपने अगले मैच

एशियन ओशिनिया चैंपियनशिप-2024 की प्रतियोगिता में भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम उज्बेकिस्तान में पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। बुधवार 23 अप्रैल को भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम ने अपना मैच मंगोलिया के साथ खेला। हांलाकि पहले मैच में मंगोलिया की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय टीम को किसी तरह का मौका नहीं दिया और शुरू से लेकर अंत तक पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा ओर मैच को भारी अंतर से अपने नाम कर लिया। बावजूद इसके भारतीय टीम में अपना हौंसला नहीं खोया है।

अंडर-18 भारतीय आइस हॉकी टीम का अगला मुकाबला 25 अप्रैल को यूएई की टीम के साथ होने जा रहा है। इसके बाद 27 को भारतीय आइस हॉकी टीम इंडोनेशिया की टीम के साथ मैच खेलेगी। इसके बाद 28 को भारतीय आइस हॉकी टीम मकाऊ की टीम के साथ खेलेगी। प्रतियोगिता के मैच उज्बेकिस्तान, ताशकंत और समरकंद में आयोजित की जा रही है। भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम से स्पीति घाटी के चार होनहार खिलाड़ी देश की तरफ से खेल रहे हैं। लाहौल-स्पीति के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि लाहौल-स्पीति के चार खिलाड़ियों को देश की तरफ से खेलने का मौका मिल रहा है। भारतीय टीम के साथ महासचिव आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया हरजिंदर सिंह जिंदी, राष्ट्रीय कोच अमित बेलवाल, अली अमीर ओर चंपा छेतन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को लगातार बेहतर खेलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पचछला देवरी मंदिर के कारदार बने ईश्वर दास


श्री देवी माता पचछला देऊरी मंदिर कमेटी की बैठक में भाग लेते हुए सभी सदस्य।

**आनी।** श्री देवी माता पचछला देऊरी मंदिर कमेटी की बैठक कारदार लीला चंद की अध्यक्षता में की गई। बुधवार को आयोजित इस बैठक के दौरान कारदार लीला चंद ने अपना इस्तीफा सौंपा और सर्वसम्मति के साथ श्री देवी माता पचछला देऊरी मंदिर के पूर्व कारदार स्वर्गीय प्रेमचंद के पुत्र ईश्वर दास को कारदार नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति के दौरान भंडारी जय राम सिंघा, सचिव टीकम राम, गुर नूप राम, कराउक टीकम राम, संतोष ठाकुर सहित मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों, मुजारे और सभी सियाने उपस्थित रहे।

### साइबर ठगों को कतई न भेजें पैसे

**केलांग।** लाहौल-स्पीति के क्षेत्र में पिछले कुछ समय से स्थानीय लोगों को अंजान नंबरों से फोन किए जा रहे हैं। इन अंजान नंबरों की पड़ताल करने पर पता चला कि ये सभी नंबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के द्वारा किया जा रहा है, ताकि लोगों से धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठे जाएं। ये गिरोह स्थानीय लोगों को बाहर पढ़ाई-लिखाई कर रहे उनके बच्चों के नाम डराने और धमकाने का काम कर उनसे पैसे वसूल कर रहे हैं। जिला लाहौल स्पीति पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि साइबर फ्रॉडस्टार को इस तरह से पैसे कतई न भेजे। पुलिस के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों या कॉलर्स की तरफ से आने वाली मनी ट्रांसफर के अनुरोधों पर संवेदनशीलता बनाए रखें। इसके साथ ही एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने लाहौल-स्पीति की स्थानीय जनता से निवेदन किया कि अगर किसी को भी अनजान नंबरों से या फिर अज्ञात लोगों के द्वारा फोन कर पैसे भेजने को कहा जाता है, तो ऐसे में स्थानीय पुलिस को इस संदर्भ में जरूर सूचित करें।

### गर्मियों में पक्षियों के लिए पानी का करें प्रबंध

**धनेटा।** लेफ्टिनेंट नरैण मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह में गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। सुमन शर्मा, स्टाफ सदस्यों तथा बच्चों द्वारा स्कूल परिसर में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई। जिससे पक्षियों को पानी पीने के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। बता दें कि इन दिनों तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। पशु-पक्षी व्याकुल हो रहे हैं। ऐसे में सभी को अपने-अपने घरों के बाहर तथा छतों पर पक्षियों के लिए अनाज व पानी का प्रबंध करना चाहिए। प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने बताया कि इंसान मांगकर पानी पी सकता है, लेकिन बेजुबान जानवर नहीं। इंसानों को पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम रखना चाहिए।

### मुटरू महादेव समिति के अध्यक्ष हरीश का निधन

**अर्की।** नगर पंचायत अर्की वार्ड-पांच के निवासी और श्री मुटरू महादेव समिति के अध्यक्ष हरीश गुप्ता के आकस्मिक निधन से पूरे नगर में शोक की लहर है। उनकी आयु 63 वर्ष थी और वे समाज में सभी के सुख-दुख में सदैव उपस्थित रहते थे। हरीश गुप्ता तीन वर्ष पहले ही सेना अस्पताल से (एमडब्ल्यूसी) हेल्थ एजुकेटर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बुधवार सुबह उनकी तबियत अचानक खराब होने पर उन्हें तत्काल अर्की अस्पताल ले जाया गया, परंतु वहां उनकी तबियत में कोई सुधार नहीं हुआ और उन्होंने वहीं अंतिम सांस ली।

### पुलिस थाना नादौन में भंडारा आज

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन के परिसर में स्थित शिव मंदिर में 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से भंडारे का आयोजन हर वर्ष की भांति किया जा रहा है। यह भंडारा पुलिस थाना नादौन के स्टाफ द्वारा करवाया जा रहा है। वीरवार को प्रातः शिव मंदिर में हवन व पूजा-अर्चना के बाद भंडारा शुरू होगा। एसएचओ नादौन बाबू राम शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि वे भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

# निर्मल ने संगत को किया निहाल वातावरण को बनाया भक्तिमय

**अनंत ज्ञान, बंजार**

संत निरंकारी मिशन ब्रांच घर्टगाड़ बंजार की पूरी संगत ने मुख्य महात्मा कमली राम के नेतृत्व में मानव एकता दिवस पर लोगों को प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। मंच पर विराजमान बागीपुल के मुख्य महात्मा निर्मल सोनी ने अपने प्रवचनों से पूरी संगत को निहाल किया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाया।

उन्होंने अपने प्रवचन में फरमाया कि आज निरंकारी मिशन पूरे विश्व में मानव एकता दिवस मना रहा है, जब हम एक से जुड़ जाते हैं इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि 'एक को जानो, एक को मानो और एक हो जाओ' मानव जीवन का असली लक्ष्य परमात्मा प्राप्ति है। परमात्मा एक है परमात्मा को सतगुरु द्वारा जाना जा सकता है देखा जा सकता इसका दीदार किया जा सकता है। साथ में मिशन के बारे संक्षिप्त जानकारी दी और बताया



कि संत निरंकारी मिशन पूरे विश्व में 24 अप्रैल को हर वर्ष मानव एकता दिवस के रूप में मनाता है। 24 अप्रैल, 1980 को बाबा गुरवचन सिंह ने मानवता को बचाने के लिए अपने प्राणों की शहादत दी थी, जिस कारण निरंकारी जगत में काफी खलबली मची। मिशन के अनुयाइयों की ओर से मिशन की बागडोर सतगुरु बाबा हरदेव सिंह को दी गई। बाबा हरदेव उस वक्त मजह 26 वर्ष के थे, जो कि बाबा गुरवचन सिंह के पूत्र थे। यह ऐसी परीक्षा की घड़ी थी कि जहां एक तरफ पिता की हत्या का दुख और दूसरी तरफ मिशन की बागडोर।

# कांग्रेस का मेनिफेस्टो देश को बांटने वाला : गोविंद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण को लागू करना चाहती है और साथ ही जातिगत आधार पर आरक्षण को समाप्त करने मंशा लिए हुए है, यह कहना है पूर्व शिक्षा मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र भाजपा के प्रभारी गोविंद सिंह ठाकुर का। बुधवार को ढालपुर में स्थित अटल सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए गोविंद ने कांग्रेस पार्टी के मेनिफेस्टो को ही देश को बांटने वाला मेनिफेस्टो बताया।

कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है और जातिगत आधार पर आरक्षण को समाप्त करने की फिराक में है। गोविंद ने कहा कि पांच अप्रैल को कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी किया है, जिसके माध्यम से कांग्रेस पार्टी का मात्र एक ही एजेंडा सामने आ रहा है। इस एजेंडे के माध्यम से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस पार्टी देश का विभाजन करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया है साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह नई पहल नहीं है, बल्कि इससे पहले भी पंडित जवाहरलाल नेहरू के जमाने से लेकर कांग्रेस ने देश को बांटने का प्रयास किया है, जबकि वर्ष-2014 में देश में नरेंद्र मोदी ने एक नया एजेंडा सेट किया है, जिसमें विकास पथ पर देश को आगे ले जाने का काम किया गया है।


अटल सदन कुल्लू में पत्रकार वार्ता करते पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर।

#### भाजपा सभी वर्ग को एक नजर से देखती

भाजपा केवल किसी धर्म और विशेष वर्ग के साथ नहीं, बल्कि सभी वर्ग और धर्म को एक नजर से देखती है। भाजपा ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि भारत 11वीं अर्थव्यवस्था हुआ करती थी, जो अब सातवीं अर्थव्यवस्था बन गया है और आने वाले समय में भाजपा ने भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। गोविंद ने कहा कि मोदी सरकार के इस कार्यकाल में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यम वर्ग में प्रवेश हुए हैं। लिहाजा हमारी सरकार ने गरीब वर्ग के लोगों के लिए धरातल पर काम किया है।

# चुनाव आयोग के जीपीएस युक्त वाहन में हो ईवीएम का परिवहन

**अनंत ज्ञान, आनी**

सहायक रिटर्निंग अधिकारी/एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने आनी में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से पहले चरण के प्रशिक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि चुनावों के लिए तैनात अधिकारी कर्मचारी चुनावी प्रक्रिया को नियमों के अनुसार पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निपटाएं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान पोलिंग अधिकारी किसी भी सूरत में ईवीएम मशीनों के परिवहन के लिए निजी वाहनों का प्रयोग न करें। चुनाव आयोग की तरफ से तय अधिकृत वाहन में ही ईवीएम मशीन का परिवहन सुनिश्चित किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर कार्रवाई हो सकती है। इन वाहनों में ईवीएम परिवहन के दिशा-निर्देशों के तहत जीपीएस आदि की व्यवस्था की जाती है। नरेश वर्मा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए चुनाव आयोग के नियम और विभिन्न दिशा-निर्देश मौजूद हैं। इन नियमों को संबंधित पीआरओ, एपीआरओ और पीओ को जानना अति आवश्यक है। इन नियमों को किसी भी सूरत में दरकिनार कर चुनावी प्रक्रिया को सिरे नहीं चढ़ाया जा सकता। इसके चलते एसडीएम ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि तय नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए चुनावों को संपन्न करवाने में पोलिंग अधिकारी अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विभिन्न बारीकियों, ईवीएम मशीन से संबंधित नियमों और चुनाव संपन्न होने के पश्चात ईवीएम को सुरक्षित वापस पहुंचाने को लेकर कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यदि चुनावों को नियमों के अनुसार संपन्न करवाने में कोई कोताही बरती गई, तो नियमों के अनुसार संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई का भी प्रावधान है।


सहायक रिटर्निंग अधिकारी/एसडीएम आनी नरेश वर्मा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पहले चरण के प्रशिक्षण के दौरान निर्देश देते हुए।

## शत-प्रतिशत मतदान को किया जाए सुनिश्चित

**अर्की।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने लोकसभा चुनाव के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की अगली कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूमती में बुधवार को मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार निर्वाचन विभाग अर्की लगातार यह प्रयास कर रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित किया जा सके। भूमती स्कूल में उपस्थित स्टूडेंट्स और कर्मचारी, अभिभावकों और पंचायत प्रतिनिधियों को मतदान के महत्व व मतदाताओं को पंजीकृत करने तथा चुनाव आयोग की तरफ से 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध जनों और दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।


# न बीजेपी न कांग्रेस, दामाद के लिए हाथ जोड़कर मांगूंगा वोट : बलवीर


सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रचार करते विनोद सुल्तानपुरी।

**एसपी जैरथ, नाहन**

विनोद सुल्तानपुरी के मैदान में उतरते ही कांग्रेस ने जीत के लिए मजबूत किलेबंदी करनी भी शुरू कर दी है।

पच्छाद के गिन्नी घाट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर अटैक मोड में विनोद सुल्तानपुरी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को साथ लेकर प्रचार में डट गए हैं। वहीं, श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे सुल्तानपुरी के ससुर बलबीर चौहान अपने समर्थकों सहित बिरादरी को साधने में जुट गए हैं। बता दें कि बलवीर चौहान श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र से 2017 तक कैंडिडेट रहे हैं। 2022 के चुनाव में बलवीर चौहान को भाजपा ने टिकट न देकर नारायण सिंह को मैदान में उतारा था। नारायण सिंह मौजूदा विधानसभा उपाध्यक्ष विधायक श्री रेणुका जी विनय कुमार से 860 मतों से हार गए थे। वहीं, बलवीर चौहान पर भाजपा हाईकमान ने अनुशासनहीनता का आरोप लगाकर उन्हें निष्कासित कर दिया था। यहां यह भी बताना जरूरी है कि यह विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का मजबूत दुर्ग रहा है। विनय कुमार को 28642, जबकि भाजपा के नारायण सिंह को 27782 वोट डाले थे। जाहिर है विनोद सुल्तानपुरी को अपने ससुर 2017 में प्रत्याशी रहे बलवीर चौहान का भी साथ मिल रहा है और विधायक विनय कुमार का भी। हालांकि बलवीर चौहान का कहना है कि वह न तो कांग्रेस की ओर से और न ही भाजपा की ओर से, बल्कि एक ससुर होने के नाते अपने दामाद के लिए वोट मांगेंगे। बलवीर चौहान ने दावा करते हुए कहा कि क्षेत्र में करीब 500 परिवारों का उनका कुनबा है। (अनंत ज्ञान)




# एसडीएम, तहसीलदार पदों के लिए 2 मई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) ने कई तरह के पदों पर भर्ती निकाली है। आयोग ने विभिन्न विभागों में एसडीएम, प्रशासनिक तहसीलदार, जिला पंचायत अधिकारी, जिला नियंत्रक पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।



एचपीपीएससी पदों पर वेतन योग्यता और अनुभव के अनुसार 46,000 रुपए से 1,77,500 रुपए तक होगा। इच्छुक उम्मीदवार एचपीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट hppsc.hp.gov.in के माध्यम से इस वैकेंसी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 2 मई, 2024 है। एचपीपीएससी भर्ती 2024 अभियान के जरिए कुल 26 पद भरेगा। इसमें तहसीलदार पद के लिए 9 सीटें, एचपी प्रशासनिक सेवा के लिए 8 पद, जिला कल्याण परिवीक्षा अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रार अधिकारी के लिए तीन-तीन पद, खाद्य, नागरिक और उपभोक्ता मामले विभाग में जिला पंचायत अधिकारी के लिए एक रिक्त सीट और जिला नियंत्रक पद के लिए दो सीटें भरी जानी हैं। इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष है और अधिकतम 35 वर्ष है।

# अंतरराष्ट्रीय शिक्षा को अपनाना निर्विवाद रूप से उच्च



- अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एक अद्वितीय और विविध शैक्षणिक वातावरण प्रदान करती
- विदेश में अध्ययन करने से समृद्ध सांस्कृतिक आदान-प्रदान की सुविधा मिलती
- वित्तीय योजना
- आवश्यक नहीं कि पूर्ण डिग्री की आवश्यकता हो

**भा**रतीय उत्कृष्टता का जश्न मनाते हुए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा को अपनाना अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के प्रति रुझान निर्विवाद रूप से उच्च है, जो छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण, अनुभव और अवसरों की समृद्ध टेपेस्ट्री प्रदान करता है, लेकिन जैसा कि कहा जाता है कि दूसरी तरफ घास हरी होती है, भारत में असाधारण उच्च शिक्षा संस्थानों की उपस्थिति को स्वीकार करना और उसका जश्न मनाना महत्वपूर्ण है। एक कैरियर परामर्शदाता के रूप में, मैं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन को अपनाने और अपनी सीमाओं के भीतर उत्कृष्टता को पहचानने के बीच संतुलन बनाने में दृढ़ता से विश्वास करता हूं।

- अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एक अद्वितीय और विविध शैक्षणिक वातावरण प्रदान करती है, जो छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और शिक्षण पद्धतियों से परिचित करवाती है। यह प्रदर्शन उनके क्षितिज को व्यापक बनाता है और उनकी अनुकूलन क्षमता को बढ़ाता है, जिससे एक वैश्विक मानसिकता विकसित होती है, जो आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में तेजी से मूल्यवान हो रही है।
- विदेश में अध्ययन करने से समृद्ध सांस्कृतिक आदान-प्रदान की सुविधा मिलती है, जिससे छात्र खुद को नई परंपराओं, भाषाओं और रीति-रिवाजों में डूबने में सक्षम बनाते हैं। यह प्रदर्शन सहानुभूति, सहिष्णुता और वैश्विक मुद्दों की गहरी समझ को बढ़ावा देता है, जिससे छात्रों को बहुसांस्कृतिक कार्य वातावरण में आगे बढ़ने के लिए तैयार किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के लाभों को स्वीकार करते हुए, भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों की उत्कृष्टता पर प्रकाश डालना आवश्यक है।
- भारत में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और कॉलेज हैं, जो अपनी शैक्षणिक कठोरता, अनुसंधान योगदान और उद्योग भागीदारी के लिए प्रसिद्ध हैं, जो विभिन्न विषयों में विश्व स्तरीय कार्यक्रम पेश करते हैं। भारत में पढ़ाई अक्सर छात्रों के लिए अधिक लागत प्रभावी विकल्प हो सकती है, खासकर जब ट्यूशन फीस, रहने का खर्च और मुद्रा विनिमय दरों जैसे कारकों पर विचार किया जाता है। यह भारतीय कॉलेजों को विदेश में पढ़ाई के वित्तीय बोझ के बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा चाहने वाले छात्रों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है।
- उपरोक्त सभी बातें कहने के बाद, मैं न तो अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की वकालत कर रहा हूं और न ही इसके खिलाफ हूं। भारत में या विदेश में अध्ययन करना है या नहीं इसका निर्णय कुछ कारकों के आधार पर व्यक्तिगत परिवारों द्वारा लिया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन ग्रीष्मकालीन स्कूलों, इंटर्नशिप अनुभव, अनुसंधान परियोजनाओं आदि के रूप में आ सकता है। आवश्यक नहीं कि पूर्ण डिग्री की आवश्यकता हो। मैं एक संतुलित दृष्टिकोण की वकालत करता हूं, जो भारत के भीतर उपलब्ध असाधारण शैक्षणिक अवसरों को पहचानने और उनका जश्न मनाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के समृद्ध अनुभवों को अपनाता है। आप जो भी भौगोलिक स्थान चुनते हैं, अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ हासिल करने के लिए एक केरियर परामर्शदाता से मार्गदर्शन लें और आप अपनी शैक्षणिक, व्यक्तिगत और केरियर आकांक्षाओं के साथ तालमेल बिठाएं। अंततः विश्व स्तर पर परस्पर जुड़े पेशेवर परिदृश्य में पनपने के लिए तैयार हों।




**सौरभ गुप्ता**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र, सौरभ गुप्ता ने लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से प्रबंधन की पढ़ाई की। उन्होंने वंडर्सकूल और करियर प्रभु नामक कंपनी की स्थापना की, जिसका मुख्य उत्पाद परामर्श था। गुप्ता पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में 150 स्कूलों के साथ काम करते हैं और उन्होंने 1,00,000 से अधिक छात्रों को भारतीय और विदेशों में उनके सपनों के कॉलेजों तक पहुंचने में मदद की है।

# परिवार रजिस्टर में एंट्री नहीं, तो सुविधाएं भी नहीं

## सर्वे शुरू होने के बावजूद लोग नहीं दिखा रहे रुचि, शहर के वार्ड क्षेत्रों में लोकमित्र केंद्र को दिया जिम्मा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने शहर में रह रहे परिवारों का रिकॉर्ड मेंटेन किए जाने के लिए सर्वे शुरू तो किया पर लोग इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में लोगों को कई महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित रहना पड़ेगा। दरअसल नगर निगम ने परिवार रजिस्टर मेंटेन करने का जिम्मा स्थानीय लोक मित्र केंद्रों को दिया है साथ ही निगम के कर्मचारी भी इसमें घर-घर जाकर परिवारों की डिटेल लेंगे।

निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर व्यक्ति का नाम, पेशा और शैक्षणिक योग्यता का रिकॉर्ड लेंगे। लोगों की सुविधा के लिए वार्डों में परिवार रजिस्टर के पंजीकरण का जिम्मा लोकमित्र केंद्रों को दिया गया है। स्थानीय निवासी लोकमित्र केंद्र में जाकर निगम के परिवार रजिस्टर में एंट्री करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)


नगर निगम कार्यालय सोलन।

### व्यक्ति की वेरिफिकेशन करना होगा आसान

**इसके** तहत अब शहर की कुल आबादी का अनुमान लगाया जा सकेगा। साथ ही निगम के अधिकारियों को भी परिवार के व्यक्ति की वेरिफिकेशन करना आसान होगा। निगम ने हाल में यह कार्य शुरू किया है। इस बाबत अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रियंका चंद्रा ने लोकमित्र केंद्रों को अधिकृत किया है। आम तौर पर नगर निगम जन्म-मृत्यु का पंजीकरण तो करता है पर परिवार में कितने सदस्य है। इसका रिकॉर्ड आज तक मेंटेन नहीं है। अब यह संभव होगा।

### स्थानीय लोकमित्र केंद्रों को किया अधिकृत



सरकार के आदेशानुसार निगम के दायरे में रहने वाले लोगों को परिवार रजिस्टर में एंट्री करना जरूरी किया गया है। इससे परिवार की सूची के साथ व्यक्ति विशेष के व्यवसाय और शैक्षणिक योग्यता की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। यह कार्य के लिए स्थानीय लोकमित्र केंद्रों को अधिकृत किया गया है

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### जन कल्याण योजनाएं बनाने में मिलेगी मदद

शहरी क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 48 ए धारा 308 ए और हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 43(5) और धारा 393 में संशोधन किया है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डाटा उपलब्ध होगा, जिसके उपयोग से संसाधनों के बेहतर आवंटन सुनिश्चित कर जन कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

### सरकार से मिली है मंजूरी

नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के परिवार रजिस्टर के रखरखाव नियम-2023 के प्रारूप को मंत्रिमंडल ने हाल में मंजूरी दी थी। अभी तक केवल पंचायतों में ही परिवार रजिस्टर रखे जाते थे। परिवार में रहने वाले सदस्यों, उनके व्यवसाय, जाति, शैक्षणिक स्थिति और अन्य आवश्यक विवरणों का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है। संशोधित नियमों में वार्ड समिति के संबंधित सचिव को वार्ड के वास्तविक निवासियों के परिवारों के विवरण के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करना अनिवार्य होगा। निकायों में विशेष रूप से नामित सत्यापन अधिकारी की ओर से रजिस्टर सत्यापित किया जाएगा।

# नशे का सौदागर चढ़ा पुलिस के हत्थे

## कोलंबिया के नशा तस्कर को मानता था आइकन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पुलिस ने नशा तस्करों की कमर तोड़कर रखने का बीड़ा उठाया है, ताकि युवा पीढ़ी को नशे के दलगत से बचाया जा सके। यह बात जिला मुख्यालय नाहन में पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने कहीं।

रमन ने कहा कि जिला पुलिस ने कल देर रात को जिला मुख्यालय नाहन के वाल्मीकि बस्ती से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 110 ग्राम चिट्टा, 35, 270 रुपए नकदी के अलावा सोने के जेवरात भी बरामद किए हैं। चिंता का विषय तो यह है कि पुलिस की गिरफ्त में आए नशा तस्कर सम्राट चौहान कोलंबिया के विख्यात नशा तस्कर को अपना आइकन मानता है, जो चिंता का विषय है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जिला मुख्यालय नाहन के वाल्मीकि नगर में रहने वाला सम्राट चौहान लंबे समय से चिट्टे की तस्करी में संलिप्त है, जिसके चलते पुलिस ने इससे पूर्व भी कई बार आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन यह शातिर इतना तेज था कि यह नशे की खेप को टॉयलेट शीट में फेंक कर फ्लेश कर देता था, लेकिन कल देर शाम को आखिरकार यह तस्कर नशे की खेप के साथ पुलिस के हाथ चढ़ा है। भले ही एनडीपीएस यानी नशा तस्करी से जुड़े मामले में अभी तक इससे पूर्व इसको कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है, लेकिन झगड़ा, जुआ और लड़ाई जैसे मामलों में इसकी संलिप्तता पहले से ही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस ने इस वर्ष जिला सिरमौर में नशे के 37 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे की दलगत से बचाना है।

जिला सिरमौर की सीमाएं पूरी तरह सील कर दी गई हैं। सिरमौर में अभी तक 75 प्रतिशत से अधिक हथियार पुलिस के पास जमा हो चुके हैं।


सिरमौर पुलिस ने गिरफ्तार किया नशा तस्कर।

## न्यूज ब्रीफ

### दोस्त को टॉफी के नाम पर खिलाया कॉपर सल्फेट

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ रहे प्लस वन के छात्र ने टॉफी के नाम पर अपने साथी को कॉपर सल्फेट खिला दिया, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। सोलन अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया है। बताया जा रहा है छात्र ने मजाक में दोस्त को टॉफी के नाम पर कॉपर सल्फेट खिलाया दिया, जो घातक साबित हुआ। इस मामले में अभी पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

### चोरी मामले में भगोड़ा अपराधी गिरफ्तार

**सोलन।** थाना परवाणू की टीम ने वर्ष-2022 के चोरी/सेंधमारी के एक मामले में भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस मामले के अनुसार नौ सितंबर-2022 को थाना परवाणू में भूपेंद्र ठाकुर निवासी गांव पुरला तहसील कसौली जिला सोलन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि दिनांक 09-09-2022 को जब वह व इनकी प ी अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे, तो चोरों ने इनके घर का ताला तोड़कर घर के अंदर अलमारी में रखे सोने के गहने व नकदी कुल कीमत 2,16,200/ रुपए चुरा लिए, जिस पर थाना परवाणू में नौ सितंबर, 2022 को चोरी/सेंधमारी की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। इसी वारदात में संलिप्त आरोपी करण अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था, जिस पर इस आरोपी को अदालत द्वारा 11 मार्च 2023 को उदघोषित अपराधी करार दिया था।

### नौकरी छीनने वाली निकली सुक्खू सरकार : शैलेंद्र

**सोलन।** शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि कहतें है कि झूठ ले डूबता है। झूठ की नाव पर सवार कांग्रेस का हाल भी इन लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में यही होगा। नौकरी देने का झूठा वादा करके सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस को भी अब डूबने से कोई नहीं बचा सकता। नए 12 लाख मतदाता सुक्खू सरकार को सबक सिखाने के लिए एक जून के इंतजार में हैं। पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरी देने वाली सरकार दरअसल युवाओं से नौकरी छीनने वाली साबित हुई है। इसका उदाहरण सत्ता में आते ही कांग्रेस ने नौकरी देने के बजाय दस हजार आउटसोर्स कर्मचारी की नौकरी ही छीन ली।

### पकौटी स्कूल तंबाकू मुक्त स्कूल घोषित

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला पकौटी (बांजण) को तंबाकू मुक्त स्कूल होने का गौरव हासिल हुआ है। दाड़लाघाट उपतहसील में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे एक कार्यक्रम में 49 विद्यालयों में बेहतर स्वास्थ्य का संदेश देने वाला यह स्कूल उपतहसील दाड़लाघाट का पहला शिक्षण संस्थान बना है। तंबाकू मुक्त स्वास्थ्य विद्यालय कार्यक्रम के तहत अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन दाड़लाघाट और सलाम मुंबई फाउंडेशन के तकनीकी मार्गदर्शन में राजकीय उच्च विद्यालय पकौटी (बांजण) के संयुक्त तत्वावधान ने शैक्षिणिक संस्थानों के परिसर के अंदर तंबाकू पदार्थों के उपयोग और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित सभी नौ मानकों को पूरा करते हुए सलाम मुंबई फाउंडेशन द्वारा स्कूल को बाकायदा तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। प्रमाण पत्र में पाठशाला को 100 में से 100 नंबर दिए गए हैं।

### नालागढ़ आरएलए में खुली नई सीरीज

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में आरएलए के तहत नए वाहनों के पंजीकरण अब शुरू हो चुके हैं। सरकार ने नए वाहन के नंबरों की नई सीरिज को खोल दिया है। पुरानी सीरीज में केवल वीआईपी नंबर ही रह गए थे। बीते काफी समय से वाहन चालक नंबर की नई सीरिज न खुलने से परेशान चल रहे थे और वाहनों की रजिस्ट्रेशन तक बंद हो गई थी, ऐसे में समस्या को देखते हुए सरकार ने नई सीरिज को खोल दिया है। वहीं, प्रदेश सरकार को भी राजस्व के रूप में नुकसान हो रहा है। एसडीएम नालागढ़ ने बताया कि नई सीरिज खोल दी गई है।

### स्कूल ऑफ मीडिया ने झटका पहला स्थान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में 'ग्रीन गिग्लस' नामक एक प्रस्तुति प्रतियोगिता के साथ पृथ्वी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा आयोजित किया गया था और इसका उद्देश्य हास्य के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देना था। विभिन्न विभागों की आठ टीमों ने स्थिरता के लिए अपने नवीन विचार साझा किए। प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशंस ने पहला स्थान और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत समझौता

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज व आईटीआई दाड़लाघाट के बीच आगामी दो वर्षों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दाड़लाघाट कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश व अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन आईटीआई दाड़लाघाट के प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों को कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत सॉफ्ट स्किल, टेक्निकल लर्निंग के अंतर्गत टैली कोर्स जैसे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करेगा।

### नंदिनी कार्यक्रम के तहत किया जागरूक

**बीबीएन।** हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट और वर्धमान टेक्सटाइल बद्दी के संयुक्त सौजन्य से बुधवार को बीबीएनआईए कांफ्रेंस हाल में नंदिनी प्रोजेक्ट के तहत लर्निंग एंड शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीबीएनडीए की सीईओ सोनाक्षी तोमर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आईएमजेएस सिद्धु डायरेक्टर और अनुराग पूरी वाईस प्रेसिडेंट वर्धमान टेक्सटाइल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में सचिव अनीता शर्मा ने वर्धमान टेक्सटाइल के सौजन्य से चलाई जा रही परियोजना नंदिनी व अन्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों द्वारा महावारी के विषय पर एक लघु नाटिका व कविताएं भी प्रस्तुत की गई।

# रेणुका झील की स्वच्छता पर दिया जाएगा ध्यान : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि सिरमौर जिले की पवित्र श्री रेणुका जी झील अंतरराष्ट्रीय महत्व की झील है, जिसके संरक्षण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गत वर्ष संपन्न श्री रेणुका जी मेले को पहली बार 'ग्रीन मेले' की संज्ञा दी गई, जिसमें स्वच्छता विशेष कर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिया गया। 'ग्रीन श्री रेणुका जी फेयर' के आयोजन के उपरांत विभिन्न स्तरों पर इसकी प्रशंसा हुई है। उपायुक्त सुमित खिमटा ने नाहन में जिला स्तरीय वेटलैंड कमेटी की सिरमौर की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। श्री रेणुका झील का धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्व है और वेटलैंड के तहत पड़ने वाले इस प्राकृतिक झील के संरक्षण के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में श्री रेणुका जी झील के संरक्षण के लिए दीर्घकालीन योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।



सुमित खिमटा ने कहा कि परिक्रमा पथ की स्वच्छता और साफ-सफाई के लिए वाइल्ड लाइफ विभाग को निर्देशित किया गया है। परिक्रमा पथ की साफ-सफाई और स्वच्छता में रेणुका जी विकास बोर्ड की ओर से वाइल्ड लाइफ विभाग को आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाएगा।

### 'आसा सभी वोट पाणे बोलो जाणा' गीत जारी

**सोलन।** जिला सोलन में मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत अभिनव पहल करते हुए मतदाता जागरूकता पर एक वीडियो सांग जारी किया गया। एडीसी सोलन अजय कुमार यादव ने पुराने उपायुक्त कार्यालय परिसर से यह वीडियो गीत 'आसा सभी वोट पाणे बोलो जाणा' जारी किया। लगभग चार मिनट के इस वीडियो गीत में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के बारे में स्थानीय भाषा में संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया। एडीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार इस बार मतदाता प्रतिशतता बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन तथा निर्वाचन विभाग, शिक्षा व अन्य विभागों के सहयोग से यह वीडियो गीत तैयार किया गया है। यह वीडियो गीत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मोबाइल फोन पर भी उपलब्ध करवाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति जिला प्रशासन के फेसबुक पेज व अन्य मीडिया प्लेटफॉर्म से गीत डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि इस गीत के माध्यम से मतदान का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि सभी लोग लोकतंत्र को मजबूत करने के इस महापर्व में अपना सक्रिय सहयोग दे सकें।



## प्रसिद्ध माता बाला सुंदरी मेला त्रिलोकपुर संपन्न

# 8 .28 लाख श्रद्धालुओं ने किए माता बाला सुंदरी के दर्शन

2 .31 करोड़ नकदी

127 ग्राम सोना


महामाया बाला सुंदरी त्रिलोकपुर मंदिर में दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित उत्तर भारत का प्रसिद्ध महामाया बालासुंदरी मेला, त्रिलोकपुर में हिमाचल सहित अन्य राज्यों से आए लगभग 8.28 लाख श्रद्धालुओं ने माता बालासुंदरी के दर्शन किए और आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस अवधि के दौरान कुल 2.31 करोड़ धनराशि श्रद्धालुओं द्वारा माता को अर्पित की गई। इसके अलावा 30.26 किलोग्राम चांदी और 127 ग्राम सोना भी मंदिर में भेंट किया गया। डीसी ने नाहन में बताया कि उत्तर भारत का प्रसिद्ध महामाया बाला सुंदरी मेला शांति एवं सद्भाव पूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं, श्रद्धालुओं को पेयजल, शौचालय और स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गईं।

# 30 को किंकरी देवी पार्क में पन्ना प्रमुख सम्मेलन : प्रताप


बैठक को संबोधित करते रेणुका के वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण व राजेंद्र ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

रेणुका के वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर प्रदेश भाजपा विशेष आमंत्रित सदस्य बलवीर सिंह, प्रताप सिंह तोमर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौहान, भाजपा जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा तथा भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि 30 अप्रैल को संगड़ाह के किकरी देवी पार्क में पन्ना प्रमुख सम्मेलन होना प्रस्तावित है, जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल करेंगे तथा इस मौके पर उनके साथ भाजपा के अधिकृत लोकसभा प्रत्याशी सुरेश कश्यप भी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि पिछले कल पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारी की एक विशेष बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने की इस पन्ना प्रमुख सम्मेलन में तीन हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# केंद्र का कार्यकाल ऐतिहासिक : सुरेश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

केंद्र की मोदी सरकार का 10 साल का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है और समाज के हर वर्ग को केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है।

यह बात प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा के शिमला संसदीय सीट के सांसद सुरेश कश्यप ने राजगढ़ में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन में अपने उदबोधन में भाजपा कार्यकर्ताओं से कहीं। कश्यप ने कहा कि पिछली भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो 2017 से 2022 तक चली थी वह हिमाचल की विकास यात्रा वाली सरकार थी और अब कांग्रेस सरकार जो को दिसंबर 2022 से बनी है, तब से कुप्रबंधन वाली सरकार के नाम से जानी जाएगी। हमारी प्रदेश भाजपा सरकार में आधारभूत ढांचे का विस्तार, सुविधा और तरक्की का आधार बना था। हमारी सरकार ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रदेश में कुल 96 प्रतिशत घरों में 8.82 लाख नए नल कनेक्शन उपलब्ध करवाए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लोगों को अटल टनल का उपहार देकर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार किया था। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई है, तब से केवल हिमाचल की प्रगति नीचे की ओर चलती दिखाई दे रही है, किसी भी नई योजना का निर्माण नहीं किया गया एक भी ऐसा योजना नहीं बनी, जिससे जनकल्याण हो सके, यह सरकार केवल जन विरोधी सरकार है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का व्याख्यान करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने दस साल के कार्यकाल में ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जो पिछले 55 सालों में नहीं हो पाए है।


राजगढ़ में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन में भाजपा नेता।

## भराड़ीघाट के नमन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**अर्की।** अर्की उपमंडल की पंचायत भराड़ीघाट के कालर-जेरी गांव के युवा नमन कुमार ने सीडीएस परीक्षा में देश भर में 14वां रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नमन कुमार जिनके पिता नरेंद्र कुमार भी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और माता ममता वर्मा गृहिणी हैं। नमन ने इस परीक्षा को अपने पहले प्रयास में ही सफलतापूर्वक पास किया है। 20 वर्षीय नमन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अटूट समर्थन और अपनी बड़ी बहनों, शालिनी और वर्षा के प्रेरणादायक मार्गदर्शन को दिया है।



## दुकान से 94 नशीले कैप्सूल बरामद

**पांवटा साहिब।** पुलिस थाना माजरा ने एक व्यक्ति निवासी सैनवाला मुबारकपुर की दुकान से 94 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं, जिस पर पुलिस थाना माजरा में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले में आगामी जांच जारी है। वहीं, एक अन्य मामले में डिक्शन सेल ने देवीनगर पांवटा साहिब में आरोपी चमन लाल के मकान से 20.02 ग्राम चिट्टा तथा 80,430 रुपए बरामद किए हैं। इस बारे में एसडीपीओ पांवटा आईएएस अदिति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नशे को लेकर पुलिस काम कर रही है। मामलों की जांच लगातार जारी है।

# कृषि मंडी पांवटा साहिब में सेक्रेटरी का पद खाली होने से किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब की कृषि मंडी में सबसे ज्यादा प्रदेश भर में गेहूं और धान की खरीददारी होती है पर यहां सेक्रेटरी का पद खाली होने से किसान परेशान हैं।

भारतीय किसान यूनियन हिमाचल किसान सभा, संयुक्त किसान मोर्चा आदि संगठनों के सदस्यों ने बताया कि गेहूं की खरीददारी यहां शुरू हो गई है ,लेकिन सुविधा न के बराबर है। गेहूं के खरीददारी सही ढंग से शुरू नहीं हो पा रही है। ठेकेदार लेबर पूरी नहीं कर पा रहा है। ऐसे में किसानों को अपनी गेहूं की फसल बेचने के लिए कई घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। किसान संगठनों ने बताया कि यहां पर कृषि मंडी के अध्यक्ष हमेशा नदारद रहते हैं, तो सेक्रेटरी का पद दो वर्षों से खाली है, ऐसे में किसानों को काफी परेशानियां आ रही हैं।



# बस स्टैंड से वंचित शिलाईवासी

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई विधानसभा क्षेत्र के मुख्य बाजार में आज तक लोगों को बस स्टैंड की सुविधा नहीं मिल पाई।

बस स्टैंड के अभाव में शिलाई की जनता दशकों से इंतजार में है कि हमें यह बेहतर सुविधा उपलब्ध मिले, जब शिलाई में दुर्गम क्षेत्रों से आए यात्रियों को बस स्टैंड के रूप में बैठने की सुविधा, जलपान की सुविधा, बसों की सुविधा, बस पास की सुविधा, छात्रों को पास बनवाने के साथ-साथ निशुल्क यात्रा की सुख सुविधा, परिवहन कर्मचारियों को रात्री ठहराव और अन्य सुविधाओं को तरसना पड़ता है। प्रदेश सरकार और वर्तमान में स्थानीय विधायक एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में उद्योग संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान इस महत्वपूर्ण विषय पर अगर संज्ञान लेते हैं, तो शिलाई में बस स्टैंड के रूप में एक छत के नीचे अनेक सुख सुविधाएं उपलब्ध हो सकती हैं। प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से ऐसे सामाजिक मुद्दों को प्राथमिकता से उठाना चाहिए। स्थानीय युवाओं एवं बुद्धिजीवियों ने इस मांग को हर सरकार के समक्ष रखा पर आज तक शिलाई में बस स्टैंड सुविधा उपलब्ध नहीं हुई।


शिलाई कस्बा।

### दर्जन पंचायतों का केंद्र बिंदु

यह क्षेत्र अनेक दर्जन पंचायतों का केंद्र बिंदु है, परंतु वर्तमान में क्षेत्र के युवाओं की बहुत ज्यादा अपेक्षा और उम्मीद है कि वर्तमान प्रदेश सरकार और मंत्री हर्षवर्धन चौहान अपने विधानसभा क्षेत्र में बस स्टैंड की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत रहेंगे, तो वहीं स्थानीय लोगों और क्षेत्र का भी नैतिक कर्तव्य और दायित्व बनता है कि हम सभी बस स्टैंड के लिए भूमि को देने के लिए सामूहिक सहमति बनाए रखें, ताकि सरकार और प्रशासन इस क्षेत्र में एक बेहतरीन और सुंदर बस स्टैंड का निर्माण कर सकें।

**मुकाबला** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में 8वीं वार्षिक इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता आयोजित

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में नेरी ने थुनाग पर दर्ज की जीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में 8वीं वार्षिक इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। समग्र छात्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चार घटक कॉलेजों के 320 छात्र भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रोफेसर चंदेल ने कहा कि खेल और अन्य पाठ्येतर गतिविधियां हमारे विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग हैं, जो छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। चारों कॉलेजों की टीमों ने मार्च पास्ट के दौरान अपने अनुशासन का परिचय दिया। अगले तीन दिनों में, छात्र विभिन्न ट्रैक और फील्ड कार्यक्रमों में भाग लेंगे।


नौणी विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी।

### पहले दिन के परिणाम

खेल प्रतियोगिता की शुरुआत नेरी और थुनाग के बीच वॉलीबाल (लड़कों) मैच के साथ हुई। तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में नेरी ने थुनाग पर 18-25, 25-22, 26-24 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर ने कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री पर सीधे सेटों में 25-13, 25-22 के स्कोर से जीत हासिल की। कबड्डी प्रतियोगिता में हॉर्टिकल्चर कॉलेज ने नेरी को 55-35 के स्कोर से हराकर दबदबा कायम किया। फॉरेस्ट्री कॉलेज ने थुनाग के खिलाफ 43-35 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। लड़कियों के लिए ऊंची कूद स्पर्धा की बात करें तो कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर की भारती ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## कांग्रेस कर रही अनाप शनाप बयानबाजी: अंकुश

**कोटखाई।** बीते दिन पहले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के शिमला-संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप का दौरा जुब्बल एवं कोटखाई दोनों जगह पर रहा है। उनके दौरे से बौखला कर कांग्रेस मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुरेश कश्यप पर कुछ अनाप-शनाप बयान बाजी करते हुए बता रहे हैं कि पिछले पांच साल तक कश्यप बतौर सांसद रहते हुए इस क्षेत्र में नहीं आए हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों के लिए सांसद निधि से कोई धनराशि नहीं दी है। भारतीय जनता पार्टी के जिला महासू प्रवक्ता अंकुश चौहान ने कुछ बातें सांझा करते हुए बताया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सुरेश कश्यप ने लगभग 200 करोड रुपए जुब्बल नावर कोटखाई क्षेत्र में वितरित किए हैं। इसमें सरस्वती नगर से झड़ाशली सड़क मार्ग के लिए 20 करोड़ 51 लाख रुपए, मराथू से थरोला सड़क मार्ग के लिए 16 करोड़ 45 लाख रुपए, गुम्मा से रेओघाटी सड़क मार्ग के लिए 24 करोड़ 49 लाख रुपए, अंटी से शोभा सड़क मार्ग के लिए 11 करोड़ 78 लाख रुपए वितरित किए हैं। उन्होंने बताया कि यह सारा पैसा सांसद के कहने पर ही आया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी की प्रदेश में वर्तमान सरकार 15 माह के कार्यकाल में जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में कुछ भी विकास कार्य नहीं करवा पाई है।

# तत्तापानी में सफाई व्यवस्था ठप, नालियां गंदगी से भरीं

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



प्रसिद्ध पर्यटन स्थली और प्राकृतिक सल्फर युक्त गर्म पानी के स्रोतों के लिए विश्व प्रसिद्ध तत्तापानी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है की तत्तापानी बाजार में सड़क के किनारे पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियों में जगह-जगह पर गंदगी फसी है जिस कारण से नालियों में बह रहे गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।

नतीजतन गंदा पानी सड़को में बह रहा है। सड़कों के किनारे गंदगी फैली हुई है। गंदगी के कारण राहगीरों का चलाना मुश्किल हो गया है। वहीं, इस बाबत पंचायत प्रधान दिनेश वर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले तत्तापानी बाजार के साफ सुथरा रखने के लिए और सभी दुकानों से कूड़ा एकत्रीकरण के लिए गाड़ी का प्रबंध किया गया था और इस व्स्था का खर्चा दुकानदारों द्वारा ही वहन किया जाना था, लेकिन कुछ दुकानदारों के सहयोग राशि न देने के कारण व्यवस्था को बंद करना पड़ा। पंचायत के पास सफाई के लिए अन्य कोई विकल्प नहीं है साथ ही तत्तापानी में डंपिंग साइट न होने के कारण दुकानदार अपना कूड़ा खुले में फेंक देते है। (अनंत ज्ञान)

### व्यापार मंडल को ठहराया जिम्मेदार

**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संतोष ने कहा कि तत्तापानी की सफाई व्यवस्था के लिए व्यापार मंडल को जिम्मेदार ठहराया और बताया कि विभाग केवल सड़क की मरम्मत और सड़कों पर होने भूमि कटाव के कार्य की ही देख रेख करता है।

# चकाचक हो रही राजधानी की सड़कें

## बरसात से पहले 6.21 करोड़ रुपए से होनी है टारिंग, लोगों को गड्ढों से मिलेगी निजात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में सड़कों की मरम्मत शुरू हो चुकी है। बरसात से पहले शिमला शहर की सड़कें चकाचक नजर आएंगी। यह कार्य पहले ही शुरू होना था लेकिन मौसम बिगड़ने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। नगर निगम ने लक्ष्य रखा है कि जून माह से पहले यह काम पूरा हो जाए क्योंकि उसके बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाता है। वित्त वर्ष में 6.21 करोड़ रुपए से टारिंग होगी। नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए जोन वाइज टेंडर काल किए थे, लेकिन आचार संहिता के कारण टारिंग नहीं पा रही थी।

नगर निगम पिछले वर्ष टारिंग का काम पूरा नहीं कर पाया था। नगर निगम प्रशासन ने ठेकेदार को वार्डों में टारिंग शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं। वार्डों में 3.50 करोड़ रुपए से टारिंग होनी है। मेयर सुरेंद्र चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पिछले साल जिन वार्ड में टारिंग का काम पूरा नहीं हुआ था। उन वार्डों में काम को शुरू कर दिया जाए। जाखू वार्ड में सड़क मरम्मत कार्य चल हुआ है। वार्ड पार्षद शीनम कटारिया भी इसका निरीक्षण कर रही है। वहीं, शिमला में बीते वर्ष आपदा के कारण सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई थी और साथ ही उस समय नगर निगम शिमला को करोड़ों का नुकसान हुआ था। शिमला में उस समय पेड़ों के कटान और और अन्य कार्य की ओर ध्यान दिया गया।





टारिंग का काम करते कर्मचारी



सड़क पर तारकोल बिछाते हुए कर्मचारी

### हर वार्ड में नजर आते हैं गड्ढे

**शिमला** शहर में सड़कों की हालत बहुत दयनीय है, जिससे लोग काफी परेशान नजर आ रहे है। नगर निगम शिमला द्वारा सड़कों की टारिंग कार्य इसी सप्ताह से शुरू किया जाएगा। इन दिनों मौसम भी अनुकूल है और टारिंग का कार्य करने के लिए वक्त है। शहर में बीते वर्ष बरसात के दौरान सड़कों की मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया था, जिसकी वजह से यह कार्य पिछले एक साल से लटका हुआ था।

### नगर निगम ने वार्डों को जोन में बांटा

**महापौर** नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान ने कहा कि बरसात से पहले नगर निगम सड़क की मरम्मत करने वाला है। प्रशासन एक ही ठेकेदार को टारिंग का कार्य सौंपता था, लेकिन इस बार निगम ने वार्डों को जोन में बांटा है। शहर में नौ जोन बनाए गए हैं।जून से पहले सभी सड़क चकाचक नजर आएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आज यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**नेरवा,चौपाल।** विद्युत उपमंडल चौपाल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों कुरग, माटल, कफरोना, खैल, जुब्बड, क्यारी, पबास, अलाईशना, कोटी, धुरला, मकडोग, मड़ावग एवं नेरवा उपमंडल के तहत खैल, टिपरा, कुंबड़ा, देवत, टोंची और जड़ाना आदि के आस पास के क्षेत्रों में 25 अप्रैल गुरुवार को प्रातः नौ बजे से शाम तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता चौपाल सुधांशु नैनवाल व कार्यवाहक सहायक अभियंता नेरवा भारत भूषण ने बताया कि 22 केवी लाइन में आवश्यक मरमत के चलते गुरूवार को उपरोक्त क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

### संजौली कॉलेज और जेपी विवि में साइन हुआ एमओयू

**शिमला।** उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली और जेपी विश्वविद्यालय के बीच अकादमिक तथा शोध को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को एमओयू साइन हुआ। संजौली महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा तथा जेपी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार के सहयोग और सकारात्मक पहल से यह समझौता हुआ है। इसमें अकादमिक कार्यकमों के लिए शोध प्रोजेक्ट की फंडिंग के लिए मिलकर कार्य करने हेतु, दोनों संस्थानों के परिसर तथा प्रयोगशालाओं का शोध के लिए साझा इस्तेमाल किया जा सकेगा।

### डीसी ने किया जुब्बड़हट्टी हवाईअड्डा का निरीक्षण

**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 4 से 8 मई तक शिमला के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने अन्य अधिकारीयों के साथ जुब्बड़हट्टी हवाईअड्डा का निरीक्षण किया। उन्होंने हवाईअड्डा पर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हवाईअड्डा अधिकारीयों को आवशयक दिशा-निर्देश भी दिए।

### जय लक्ष्मी बनी पूह ब्लॉक की बीडीसी अध्यक्ष

रिकांगपिओ। जिला किन्नौर के पूह ब्लॉक के बीडीसी अध्यक्ष की हॉट शीट को लेकर फिर से हुए चुनाव में भाजपा ने कब्ज़ा कर लिया है। पूह ब्लॉक बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के अढ़ाई वर्ष बाद चुनाव हुए। चुनाव में सुन्नम गांव से संबंध रखने वालें भाजपा समर्थित उम्मीदवार जय लक्ष्मी की पूह ब्लॉक के बीडीसी अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हुई। जबकि कुन्नू चारंग की अनिता नेगी को उपाध्यक्षा चुना गया है। विदित है कि इससे पूर्व पूह ब्लॉक की बीडीसी अध्यक्षा व उपाध्यक्षा दोनों ही भाजपा समर्थित थीं और ढाई वर्ष के कार्यकाल के बाद इस चुनाव को आपसी समझौते की तहत दोबारा चुनाव करवाया गया।

### आबकारी विभाग ने जब्त की एक लाख लीटर लाहन

**शिमला।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग की टीम ने राजस्व जिला नूरपुर की तहसील इंदौरा के मंड क्षेत्र के गगवाल, उलेड़ियां और त्यौरा में छापेमारी कर एक लाख एक हजार लीटर से भी अधिक लाहन बरामद कर नष्ट की है। इस विशेष टीम का नेतृत्व स्वयं आबकारी आयुक्त डॉ. यूनुस ने किया। डॉ. यूनुस ने बताया कि छापेमारी के दौरान बरामद अवैध लाहन को कब्जे में लेकर नष्ट कर दिया गया है। इसकी अनुमानित लागत एक करोड़ रुपये से भी अधिक आंकी गई है। उन्होंने बताया कि गगवाल क्षेत्र में 50 हजार लीटर, उलेडिया में 41 हजार लीटर और त्यौरा में 10 हजार लीटर (कंट्री फरमेंटिड लिकर) लाहन बरामद की गई है। आबकारी विभाग ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आज सायं इंदौरा के मंड क्षेत्र में एक घर में भी तलाशी अभियान आरंभ किया, जिसमें 2 हजार 44 लीटर लाहन बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज कर लिया गया है।

### चुनाव के दृष्टिगत जुब्बल स्कूल में रिहर्सल का आयोजन

**शिमला।** ठाकुर रामलाल मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) जुब्बल में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रिहर्सल का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज ने की। अजीत भारद्वाज ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि सभी लोग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि लोकसभा चुनाव का सफल निष्पादन हो सके। उपमंडलाधिकारी जुब्बल राजीव सांख्यान ने उपस्थित कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए। राजीव सांख्यान ने बताया कि ईवीएम को लेकर चुनाव आयोग बहुत संवेदनशील है तथा ईवीएम के परिचालन एक परिवहन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### जिलों में तैनात किए प्रभारी : बिलाल

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी का अल्पसंख्यक मोर्चा भी चुनावी दंगल में कूद गया है। मोर्चा ने जिलों में प्रभारी लगाकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, कुछ जगहों पर सह प्रभारियों की तैनाती की है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बिलाल अहमद शाह ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा ने मोहम्मद अकरम को जिला बिलासपुर व मंडी जिला का प्रभारी नियुक्त किया है। सलीम मोहम्मद को जिला मुहासु का प्रभारी लगाया है। जबकि जाफर अली को जिला चंबा का सह-प्रभारी लगाया है। वहीं आसिफ भट्ट को जिला ऊना का सह प्रभारी लगाया है। मोर्चा ने जिला कांगड़ा का सह प्रभारी इंदु बाला को बनाया है। वहीं, मुनीर अख्तर लाली को जिला सुन्दरनगर का प्रभारी बनाया है। जिला नूरपुर का प्रभारी याकुब खान को लगाया है तो वहीं जिला शिमला का प्रभारी संजू शेख को बनाया है। सुलेमान को जिला सिरमौर की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि हमीरपुर जिला में इमरान खान प्रभारी होंगे। वहीं, जिला पालमपुर में प्रभारी अब्दुल गनी को बनाया गया है। देहरा का प्रभार मोहम्मद तुफैल को सौंपा गया है।

### निधन पर जताया शोक

**जुन्गा।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के जन स्वास्थ्य अभियान विंग के कार्यकर्ता कोटी निवासी पंकज शर्मा के आकस्मिक निधन पर हिमाचल किसान सभा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पंकज शर्मा का देहांत हृदयघात से हुआ है। इन के पिता उमा शंकर शर्मा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। जन स्वास्थ्य अभियान के राज्य संयोजक और हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर, हिमाचल किसान सभा के राज्यध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, जीयानन्द शर्मा, नवीन शर्मा, कपिल शर्मा, जय शिव ठाकुर, ओम प्रकाश भुरेटा, डॉ रीना सिंह, सीमा चैहान, होशियार सिंह, मोनिका सहित संगठन के अनेक पदधिकारियों ने पंकज शर्मा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



सुन्नी। सुन्नी स्थित कालीघाट महाकाली,द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में गणपति तथा दक्षिणामुखी हनुमान की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान आयोजित हुआ। इस अनुष्ठान के दौरान यज्ञ का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति के साथ अनुष्ठान का समापन किया गया। इस दौरान की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान पूर्णाहुति देते भक्त।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिमला के दी रिट्रीट में रुकेंगी, तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार से आठ मई तक शिमला आ रही हैं। इस प्रस्तावित दौरे के दौरान वह शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास दी रिट्रीट में रुकेंगी।

जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बुधवार को एक बैठक आयोजित की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चार मई को दिल्ली से शिमला पहुंचेगी और अपने आधिकारिक निवास स्थान दी रिट्रीट में रुकेंगी। पांच मई को राष्ट्रपति कैचमेंट एरिया का दौरा करेंगी। छह मई को वह जिला कांगड़ा के दौरे पर रहेंगी और सांय शिमला वापस आएगी। सात मई को राष्ट्रपति संकट मोचन मंदिर और तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी तथा सायं माल रोड पर भ्रमण करेंगी। इसके पश्चात् वह ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेंगी और उसके बाद राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति 8 मई को प्रातः शिमला से वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगी। वहीं, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर शिमला में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों की विभिन्न स्थानों पर तैनाती की जाएगी। वहीं, अनुपम कश्यप ने अग्निशमन विभाग को दी रिट्रीट और अन्य स्थानों का फायर ऑडिट करने तथा शिमला के अतिरिक्त ठियोग में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम तैयार रखने के निर्देश दिए।

## भाजपा मुद्दा विहीन पार्टी: संजय अवस्थी

**शिमला।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने भाजपा के आरोपों पर वार किया है और भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि जिसके घर शीशे के हो वो दूसरे के घर पर पत्थर नहीं मारते। उन्होंने कहा भाजपा मुद्दहविहीन पार्टी बन चुकी है और इन चुनाव में भाजपा के पास कोई भी मुद्दा नहीं है केवल आरोप प्रत्यरोप की राजनीति कर रहे है। पांच साल प्रदेश में भाजपा की सरकार रही और उनके पास कोई उपलब्धि नहीं है जिसे लेकर जनता के बीच लेकर जाए। 15 महीने के कार्यकाल के दौरान जिस तरह की मानसिकता भाजपा ने दिखाई है उससे भी लोगों में रोष है और इन चुनाव में प्रदेश की जनता ही उन्हें सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपने अन्य उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।

# शिमला शहर में लोगों को मिला कम पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में बुधवार को कम पानी मिला। इन दिनों मौसम साफ रहने से एसजेपीएनएल द्वारा सभी पेयजल परियोजना के टैंकों की सफाई की जा रही है।

बुधवार को शिमला शहर में रोजाना से नौ एमएलडी पानी कम मिला है। इससे लोगों का ज्यादा परेशानी नहीं हुई है क्योंकि कंपनी ने पहले ही पानी का शेड्यूल बदल दिया है। गुम्मा से कम आपूर्ति का कारण गुम्मा डब्ल्यूटीपी में टैंकों की नियमित सफाई है। क्रेगनेनो टैंक और मशोबरा टैंक जिनकी क्षमता 3 एमएलडी है, प्रत्येक टैंक को साफ किया गया हैं। मंगलवार को नया गुम्मा, पुराना गुम्मा नौट संप वेल की सफाई की गई। गुम्मा पेयजल परियोजना से सबसे ज्यादा पानी की पंपिंग की जाती है। बरसात के समय गाद भरने के कारण लोगों को परेशानी होती है। बरसात में पेयजल परियोजना से मटमैला पानी आने के कारण टैंकों में गाद जमा हो गई थी। जिसे कर्मचारियों द्वारा साफ किया गया। शिमला के अधिकतर हिस्से में इसी टैंक से पानी की सप्लाई होती है।



### साल में दो बार की जाती है टैंकों की सफाई

**शहरवासियों** को साफ पानी पिलाने के लिए रूटीन में शहर के सभी टैंकों की सफाई की जाती है। इससे पहले रिज टैंक, भराड़ी टैंक और एसडीए कांप्लेक्स में जल भंडारण टैंक को भी साफ किया गया था। कंपनी का कहना है कि साल में दो बार इन जल भंडारण टैंकों की सफाई की जाती है, ताकि स्वस्थ जल की सप्लाई शहरवासियों को मिल सकें।



शिमला। राजधानी शिमला में बुधवार को श्री सत्य साईं बाबा आराधना दिवस मनाया गया। इसमें काफी लोगों ने भाग लिया। सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई जो कि रिज मैदान से होकर लोअर बाजार की ओर गई। इस अवसर पर शिमला मिडल बाजार के कांप्लेक्स मैदान पर भजन-कीर्तन किया गया और साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया। लोगों का मानना है कि इस दिन श्री सत्य साईं बाबा ने अपने भौतिक शरीर का त्याग कर समाधि ली थी।

### पांच व्यापारियों से वसूला 2500 रुपए जुर्माना

**रिकांगपिओ।** निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले किन्नौर चंदू लाल नेगी ने जिला के निचार उपमंडल के तहत भावानगर व टापरी में थोक/परचून लाभांश एवं मूल्य सूची प्रदर्शित करने के संबंध में निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान अधिकतर सब्जी व फल विक्रेताओं द्वारा सब्जियों व फल के मूल्य में सूची प्रदर्शित न करने तथा निर्धारित लाभांश से अधिक विक्रय मूल्य वसूले जाने के लिए हिमाचल प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (नियंत्रण) अधिनियम 1995 के अंतर्गत अनियमित्ताओं के कुल 26 निरीक्षण किए गए। इसमें आठ व्यापारियों द्वारा मूल्य सूची प्रदर्शित न करने के लिए 66 किलोग्राम फल व सब्जी तथा खाद्यान्न को जब्त कर उपमंडलाधिकारी निचार बिमला वर्मा द्वारा 6036 रुपए तथा हिमाचल प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (नियंत्रण) अधिनियम 1995 के अंतर्गत दोषी पाए गए। पांच व्यापारियों से 2500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इस दौरान उपमंडलाधिकारी निचार बिमला वर्मा ने भावानगर के समस्त व्यापारियों को निर्देश जारी किए कि गली सड़ी फल-सब्जियों को अलग कर उचित माध्यम से नष्ट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनहित के लिए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण जारी रहेंगे।

# 20 लोगों ने भरे अंगदान के लिए शपथ पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के बेम्लोई में बुधवार को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रक्तदान व अंगदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें सोटो संस्था के लोगों को अंगदान के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 20 लोगों ने अंगदान के लिए शपथ पत्र भरे।

सोटो के ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर नरेश कुमार ने बताया कि सोटो समाज में अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। अंगदान जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो सकता है। किसी व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए डॉक्टर होना ही जरूरी नहीं है बल्कि लोग मृत्यु के बाद भी अपने अंगदान करके जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं।

अंगदान के लिए शपथ पत्र भरना अब और भी आसान हो गया है। सोटो की ऑफिशल वेबसाइट www.sottohimachal.in पर जाकर कोई भी व्यक्ति क्यू आर कोड स्कैन करके या बीएन ऑर्गन डोनर के विकल्प पर जाकर अपने आधार कार्ड नंबर के जरिए अंगदान का शपथ पत्र भर सकता है। शपथ पत्र भरने के बाद सरकार की ओर से अधिकृत प्लेज सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकता है।

### एक व्यक्ति अंगदान कर बचा सकता है आठ लोगों की जान

**अंगदान** करने वाला व्यक्ति ऑर्गन के जरिए 8 लोगों का जीवन बचा सकत सकता हैं गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के ब्रेन डेड होने के बाद यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। अस्पताल में मरीज को निगरानी में रखा जाता है और विशेष कमेटी मरीज को ब्रेन डेड घोषित करती है। मृतक के अंग लेने के लिए पारिवारिक जनों की सहमति बेहद जरूरी रहती है।

## सूरत नेगी ने घेरी कांग्रेस सरकार

**रिकांगपिओ।** रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता करते हुए प्रदेश वन विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने कहा कि 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। नेगी ने कहा कि दुख की बात है कि पांच अप्रैल को जारी कांग्रेस की घोषणापत्र में कई प्रश्नों को जन्म देता है। हमें तुष्टिकरण की राजनीति से बचना चाहिए। भाजपा का विकास व विकसित भारत का मॉडल जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा है उस आधार पर भाजपा राजनीति करती है। नेगी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर जनता की कमाई पर है, संपत्ति पर है।

**दिक्कत** बिल ने 70 लाख के आंकड़े को किया पार, नगर निगम के लिए बना चुनौती

# शिमला में भारी पड़ रहा स्ट्रीट लाइट्स का बिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में नगर निगम में स्ट्रीट लाइट के बिल भी बढ़-चढ़कर आ रहे है। निगम को स्ट्रीट लाइटों का बिल भारी पढ़ गया है। इनका सालाना बिजली बिल ही 60 से 70 लाख के आंकड़े को पार कर दिया है।



नई स्कीमों के तहत लगी स्ट्रीट लाइट की संख्या 16000 के आंकड़े को पार कर गई है। इससे नगर निगम को नुकसान झेलना पढ़ सकता है। वहीं, स्ट्रीट लाइट का 10 से 20 लाख रुपए साल का रहता था जो कि 60 से 70 लाख तक पहुंच गया है। इसका भुगतान करना नगर निगम के लिए मुश्किल हो गया है। बिजली बिल के साथ ही नगर निगम के लिए इन सभी स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव और मरम्मत भी एक बड़ी चुनौती बनती नजर आ रहा है। सभी स्ट्रीट लाइटों को एक समय बाद बदलना पड़ता है। उस समय के लिए भी निगम को पहले से ही बजट की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए निगम प्रशासन ने अपने स्तर पर कसरत शुरू की है, लेकिन बजट के अभाव के चलते इनका रखरखाव करना भी मुश्किल हो सकता है।

### सर्दियों में लोग हुए थे परेशान

**राजधानी** शिमला में एक समय स्ट्रीट लाइट सर्दियों के दौरान काफी खराब रहती थी। अब नगर निगम प्रशासन ने पहले इस काम को देख रही का करार खत्म कर नई कंपनी को दे दिया है। नई कंपनी के साथ करार किया है। अब इसमें सुधार होना तो शुरू हुआ है लेकिन इसके रखरखाव के लिए आवश्यक बजट निगम प्रशासन के लिए सिरदर्द आने वाले समय में के लिए बन सकता है।

### बिल में हो रही बढ़ोतरी: भूपेंद्र अत्री

**नगर** निगम शिमला भूपेंद्र अत्री ने कहा कि शहर में 16000 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें हो चुकी हैं। इसके बिल में भी भारी बढ़ोतरी हो गई है। शहर के लोगों को बेहतर स्ट्रीट लाइट की सुविधा मिल सके। इसलिए निगम की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

# हिमाचल में 20 किलो क्षमता वाले यूनिवर्सल कार्टन में पैक होगा सेब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में आने वाले सेब सीजन में सेब अब 20 किलो क्षमता वाले यूनिवर्सल कार्टन में पैक होगा। इसको लेकर प्रदेश सरकार के फैसले के बाद अधिसूचना भी जारी हो गई है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि बागवान लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। सरकार ने इस बाबत पहले ही निर्णय कर लिया था।

अब इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। प्रदेश सरकार में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि बीते विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश में यूनिवर्सल कार्टन लागू करने की बात कही थी। इस विषय में फैसला पहले ही हो चुका है। अब इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जगत सिंह नेगी बताया कि अब सभी ग्रेड के सेब के लिए 20 किलो की क्षमता वाले बॉक्स उपलब्ध होंगे। लंबे समय से बागवान इसकी मांग कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इससे प्रदेश के बागवानों की आय में भी वृद्धि होगी और उन्हें फसल के अच्छे दाम मिल पाएंगे। वहीं कार्टन की उपलब्धता को लेकर जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस विषय में पहले ही कार्टन कंपनियों को भी जानकारी दे दी गई थी। वहीं सेब की इस नई पैकेजिंग की मंडियों में स्वीकार्यता को लेकर जगत सिंह नेगी ने बताया कि यूनिवर्सल कार्टन फल मंडियों में लागू करने के लिए सरकार का आधिकार क्षेत्र केवल प्रदेश के अंदर है।

## न्यूज ब्रीफ

### एल चाओबा देवी राष्ट्रीय महिला कोच बनने को तैयार



**नई दिल्ली।** आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकाक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, ''काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है।'' देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है।

'इंपैक्ट' खिलाड़ी नियम

### रोमांचक क्रिकेट, लेकिन 'आल राउंडर' की भूमिका कर दी कम



**चेन्नई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इंपैक्ट' खिलाड़ी नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में 'पावर सर्ज' जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को क्षेत्ररक्षण पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है। 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे आल राउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। वोग्स भी इस बात से सहमत हैं और उन्होंने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है लेकिन इससे आल राउंडर खिलाड़ियों को नुकसान पहुंच रहा है।

### डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष चुने पूर्व पहलवान नरसिंह यादव

**वाराणसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

### नेपाल में उपचुनाव व भारत में दूसरे चरण के मतदान के मद्देनजर सीमा सील

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के सीमावर्ती शहरों के पुलिस और प्रशासन की संयुक्त बैठक में अंतरराष्ट्रीय सीमा को सील किए जाने का निर्णय किया गया है। नेपाल के पूर्वी शहर इलाम में होने वाले उपचुनाव और भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर पूर्वी सीमा को बुधवार की मध्यरात्रि से सील किया जा रहा है। नेपाल के गृहसचिव एकनारायण अर्याल ने 26 अप्रैल को भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान और 27 अप्रैल को इलाम में होने वाले संसदीय उपचुनाव के मद्देनजर सुरक्षा संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सीमा सील करने का निर्णय लिया गया।

### ट्रेन में जनरल कोच के मुसाफिरों को अब 20 रुपए में भरपेट खाना



**नई दिल्ली।** छुट्टियों का सीजन शुरू हो गया है और ऐसे में ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ हो रही है। आलम यह है कि बड़े स्टेशनों पर भी स्टॉपेज के दौरान भीड़ के चलते यात्री प्लेटफॉर्म पर नहीं उतर पा रहे हैं। ऐसे में अब यात्रियों को खाने की चिंता सताने लगी है। उनकी इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए ट्रेन के जनरल डिब्बे में यात्रा करने वाले यात्रियों तक किफायती दर पर भोजन पहुंचाने की कवायद शुरू की गई है। इसे 'इकोनॉमी मील' नाम दिया गया है। भारतीय रेल, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के साथ मिलकर यात्रियों विशेषकर अनारक्षित कोचों में यात्रियों की सेवा के लिए एक नई पहल शुरू की गई है, जिसमें किफायती दर पर 20 रुपए में इकोनॉमी मील और 50 रुपए में स्नैक्स मील उपलब्ध कराया जा रहा है।

### एलआईसी ने प्रतीक चिन्ह वाले भ्रामक विज्ञापनों को लेकर चेताया




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन मामले में लोगों को आगाह किया है। एलआईसी ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर और कंपनी के ब्रांड नाम और लोगो का दुरुपयोग करने के मामले में यह चेतावनी जारी की है। एलआईसी ने एक्स 'पोस्ट' पर जारी सार्वजनिक नोटिस में अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी बरतने और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है।

### थाईलैंड का महाप्लान, बनाएंगे बुर्ज खलीफा से बड़ी बिल्डिंग

**बैंकाक।** आज के समय दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा है, लेकिन अब इससे भी बड़ी बिल्डिंग बनाने का प्लान किया जा रहा है, जिसके आगे बुर्ज खलीफा भी बौना लगेगा। यह महत्वाकांक्षी योजना थाईलैंड में आकार लेगी। इस विशाल इमारत को बैंकॉक में उसी कंपनी की ओर से बनाया जा सकता है, जिसने दुबई में रेकॉर्ड तोड़ने वाला टावर बनाया था। थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर चीनी और मध्य पूर्व की कंपनियों के साथ मीटिंग की डिटेल शेयर करते हुए घोषणा की। इस प्रोजेक्ट की सटीक ऊंचाई और लागत की स्पष्ट जानकारी नहीं है।

## आईपीएल-2024

विराट कोहली टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

# बेंगलुरु के खिलाफ हैदराबाद की निगाहें रनों का अंबार लगाने पर

**एजेंसी, हैदराबाद**



सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब वीरवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी। वीरवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वे भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है। विराट कोहली टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने रहेंगे, जिन्होंने 379 रन बनाकर 'ओरेंज कैप' अपने पास रखी हुई है। कोहली के अलावा कुछ और खिलाड़ी भी शानदार फॉर्म में हैं, जिसमें एसआरएच के ट्रेविस हेड शामिल हैं। हेड आक्रामक होकर बल्लेबाजी करते हैं और मिले हर मौके का फायदा उठाते हैं। अभिषेक शर्मा ने भी हेड के साथ अच्छी बल्लेबाजी दिखाई है और हेनरिच क्लासेन ने भी इस सत्र में बल्ले से अच्छा योगदान दिया है। एसएआरएच की मजबूत बल्लेबाजी ने उनके गेंदबाजों और कप्तान पैट कमिंस का काम आसान कर दिया है।

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद**

पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेंद्र सिंह यादव (विकेटकीपर), उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रेविस हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सूयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।

### सीएसके को बल्लेबाजी संयोजन सही करने की जरूरत : फ्लेमिंग



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बल्लेबाजी विभाग की अपनी समस्याओं को जल्दबाजी से निपटाने की कोशिश में नहीं जुटा है और मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग आठ मैच में चौथी हार के बावजूद डेरिल मिचेल को शीर्ष तीन बल्लेबाजी क्रम में सामंजस्य बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं। सीएसके पूरे सत्र में शीर्ष तीन क्रम में बल्लेबाजों को उतारने में जूझता रहा है। घरेलू सरजमीं पर लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि उन्हें अपना बल्लेबाजी संयोजन सही करने की जरूरत है। फ्लेमिंग ने अपने ही मैदान पर मिली सत्र की पहली हार के बाद कहा, ''यह सही संयोजन और फॉर्म ढूंढने की कोशिश का मिश्रण है। हम कुछ जगह थोड़े से असहज हैं इसलिए हम कोशिश कर रहे हैं कि इसका फुर्ती से हल नहीं निकाला जाए बल्कि सही संयोजन ढूंढा जाए, जिसमें खिलाड़ी टूर्नामेंट के अंतिम छोर में टीम के लिए योगदान कर सकें।''

### 51 साल के हुए मास्टर ब्लास्टर

**एजेंसी, मुंबई**

क्रिकेट की दुनिया के भगवान और मास्टर ब्लास्टर के नाम से फेमस पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आज यानी 24 अप्रैल, 2024 को अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने अपने करियर में कई रिकॉर्ड बनाए। उनका सबसे मशहूर रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाना है। लेकिन 100 शतक के अलावा हम आपको सचिन तेंदुलकर के ऐसे पांच रिकॉर्ड बताएंगे, जिन्हें तोड़ पाना लगभग असंभव है।

1. सचिन तेंदुलकर सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलने वाले बल्लेबाज हैं। अब देखना होगा कि सचिन का रिकॉर्ड कौन तोड़ पाएगा।
2. सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिन्होंने 500 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आंकड़ा पार किया है।
3. अंतरराष्ट्रीय करियर में 34,357 रन बनाए हैं। उन्होंने 25,000 अंतर्राष्ट्रीय रनों का आंकड़ा पार कर लिया है।
4. तेंदुलकर ने 664 मैचों की 782 पारियों में 4076+ चौके लगाए हैं, जिन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 3015 चौके लगाए हैं।
5. सचिन ने सबसे ज्यादा 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। उन्होंने 264 बार 50 रनों का आंकड़ा पार किया, जिसमें 100 शतक और 164 अर्द्धशतक शामिल हैं।



दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप

### भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 33 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था, जबकि महिलाओं के ओवरऑल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था। पिछले साल क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा हैं। सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे।

### भारतीय गोल्फर अदिति और दीक्षा पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के पास भी खेलों में जगह बनाने का अच्छा मौका है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होंगा जो किसी भारतीय गोल्फर की सबसे ज्यादा ओलंपिक भागीदारी होगी। दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई हो सकते हैं, जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं।

### उत्कृष्ट उपलब्धियों पर भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों को राष्ट्रपति ने किया पुरस्कृत




**एजेंसी, देहरादून**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में दीक्षांत-गृह वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में बुधवार को प्रशिक्षणरत 2022-24 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ।

दीक्षांत समारोह की मुख्यातिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले परिवीक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर 2022-24 पाठ्यक्रम के 99 भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी और मित्र देश भूटान के दो विदेशी प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन भी हुआ। वर्तमान बैच से सर्वाधिक 15 अधिकारी मध्य प्रदेश राज्य को प्राप्त होने जा रहे हैं, जबकि उत्तराखंड को तीन अधिकारियों की सेवाएं मिलेंगी।

### अग्निमित्रा पॉल के खिलाफ गैर जमानती धारा के तहत मामला दर्ज



**पश्चिम बंगाल।** बीजेपी उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल के खिलाफ गैर जमानती धारा के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पश्चिम मेदिनीपुर के कोतवाली थाने में उम्मीदवार समेत कुल 35 बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर थाने में घुसकर ड्यूटी ऑफिसर के साथ दुर्व्यवहार करने, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। घटना की शुरुआत बुधवार को हुई। मेदिनीपुर से बीजेपी उम्मीदवार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने के दौरान उपद्रव में शामिल हो गए। आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर लेने से इनकार कर दिया। अग्निमित्र ने स्वयं वह शिकायत उठाकर कोत्याली पुलिस स्टेशन के ड्यूटी अधिकारी को धमकी दी थी।

### संपत्ति, संतान, सीमा और सनातन को कांग्रेस से खतरा : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी, हैदराबाद**



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हैदराबाद में पार्टी प्रत्याशी माधवी लता के विशाल रोड शो में हिस्सा लिया व पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस की बुरी नजर जनता की संपत्ति पर पड़ चुकी है।

संपत्ति, संतान, सीमा और सनातन को कांग्रेस से सीधा खतरा है। ये लोग आपकी मृत्यु के बाद भी अपना वसूली टैक्स जारी रखना चाहते हैं। कांग्रेस आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों को नहीं, बल्कि माइनॉरिटी के नाम पर घुसपैठियों को देना चाहती है, क्योंकि वे उसके वोट बैंक हैं। स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस सनातन के बाद अब संतान विरोधी भी हो चुकी है। अनुराग ठाकुर ने माधवी लता के साथ चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर के पूजा-अर्चना भी की।

### प्रबोवो सुबियांतो बने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति

**जकार्ता (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशियाई निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एक समारोह में औपचारिक रूप से प्रबोवो सुबियांतो को निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित किया। चुनावों में सुबियांतो की शानदार जीत को चुनौती देते हुए हारे हुए उम्मीदवारों ने देश के उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत द्वारा अपील खारिज किए जाने के बाद आयोग ने सुबियांतो को राष्ट्रपति घोषित किया। इंडोनेशिया के मौजूदा रक्षा मंत्री सुबियांतो ने 58.6 प्रतिशत मत या 9.6 करोड़ से अधिक मतपत्रों के साथ चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी, जो अन्य दोनों उम्मीदवारों में से किसी एक को प्राप्त मत की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं।

### सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष मिशन पर जाएंगी

**एजेंसी, न्यूयार्क**



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स इन दिनों एक खास मिशन की तैयारियों में जुटी हुई हैं। उन्हें बोइंग स्टारलाइनर नाम के अंतरिक्ष यान पर होने वाले क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन की पायलट के तौर पर चुना गया है।

इस खास अंतरिक्ष यान की पहली चालक दल वाली उड़ान होगी, जो उसे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाएगी। बता दें कि सुनीता के लिए यह अंतरिक्ष स्टेशन का तीसरा मिशन होगा। नासा ने एक बयान जारी कर बताया है कि वो इस मिशन की तैयारियों के दौरान 25 अप्रैल गुरुवार को दो मीडिया कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

### भाविनी पटेल डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' में हारीं

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी भाविनी पटेल मंगलवार रात पेनसिल्वेनिया से डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' में हार गईं। मौजूदा सांसद समर ली को 12वें 'कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट' पेनसिल्वेनिया की प्राइमरी में विजेता घोषित किया गया। ली को 59 प्रतिशत वोट मिले, वहीं पटेल को 41 प्रतिशत वोट से संतोष करना पड़ा।

राष्ट्रपति जो बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप दोनों ने उम्मीद के अनुरूप 'प्राइमरी' चुनाव जीते। बाइडन को डेमोक्रेट्स से 94 फीसदी वोट मिले। पटेल (30) बाइडन की समर्थक हैं, जबकि ली राष्ट्रपति की मुखर आलोचक हैं और उन्होंने इजराइल के खिलाफ युद्ध में फलस्तीन का समर्थन किया है।

### दुबई में तबाही वाली बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग नहीं जिम्मेदार

**दुबई।** बीते 16 अप्रैल को संयुक्त अरब अमीरात और उसके आसपास के क्षेत्र में अभूतपूर्व बारिश ने हाहाकार मचा दिया था। अरब प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में उस दिन 24 घंटे में इतनी बारिश हुई ती, जितनी अमूमन 18 महीने में होती है। बारिश ने यूएई के सबसे स्मार्ट शहर दुबई की तस्वीर बिगाड़ कर रख दी थी। दुबई में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। हालात ये हो गए थे कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों को रोकना पड़ा। हवाई अड्डा बंदरगाह की तरह हो गया था। कई एक्सपर्ट ने इस भारी बारिश के पीछे यूएई में होने वाली क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर रिचर्ड वाशिंगटन ऐसा नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि दुबई में जिस तरह बेतहाशा बारिश हुई है, उसे लाना इंसान के बस की बात नहीं है।

## बाजार

ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटव रुझान, शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

# सेंसेक्स 114 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,400 के पार

**एजेंसी, मुंबई**



ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव रुझानों के बीच मेटल शेयरों और जिंस शेयरों में तेजी के दम पर बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन हरे निशान में बंद हुए। हालांकि रिलायंस और सूचना प्रौद्योगिकी आईटी शेयरों में बिकवाली के दबाव के चलते इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों ने अपनी आधे से ज्यादा बढ़त गंवा दी।

बुधवार के कारोबार में सेंसेक्स 114 अंक मजबूत हुआ। वहीं, निफ्टी में 34 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक यानी 0.16 फीसदी की बढ़त के साथ 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा की बढ़त हासिल कर फिर से 74,000 के लेवल के पार निकल गया था। सेंसेक्स में 73,788.61 और 74,121.61 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई के निफ्टी में भी 34.40 अंक, यानी 0.15 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 22,402.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में बुधवार को 22,384.00 और 22,476.45 के रेंज में कारोबार हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन के शेयरों में गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार चढ़कर कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ था। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.35 प्रतिशत गिरकर 88.11 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 3,044.54 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। मंगलवार को सेंसेक्स 89.83 अंक बढ़कर 73,738.45 और निफ्टी 31.60 अंक की बढ़त के साथ 22,368 अंक पर बंद हुआ था।

### यूक्रेन, इसराइल, ताइवान और हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए 95.3 अरब डॉलर का पैकेज मंजूर

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिकी संसद ने यूक्रेन और इसराइल को मदद देने तथा ताइवान समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए 95.3 अरब अमेरिकी डॉलर का सहायता पैकेज देने के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया।

संसद में मंगलवार रात को सहायता पैकेज को मिली मंजूरी से महीनों से जारी उस अनिश्चितता की स्थिति समाप्त हो गई कि क्या अमेरिका रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की मदद जारी रखेगा या नहीं। विधेयक के पक्ष में 79 और विरोध में 18 वोट पड़े। प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित किया गया विधेयक राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा गया है। बाइडन ने एक बयान में कहा कि मैं विधेयक पर हस्ताक्षर करूंगा, जिससे यह कानून बने, ताकि हम इसी सप्ताह से यूक्रेन को हथियार तथा साजो सामान भेज सकें। उन्होंने कहा कि रूस से लगातार बमबारी का सामना कर रहे यूक्रेन के लिए, ईरान से अभूतपूर्व हमलों का सामना करने वाले इसराइल के लिए, शरणार्थियों के लिए तथा गाजा, सूडान और हैती सहित दुनिया भर में संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए, साथ ही हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता चाहने वाले हमारे भागीदारों के लिए इसकी तत्काल आवश्यकता है।